RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 70
नई दिल्ली, शनिवार, 15 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर



पीवी सिंधू सेमीफाइनल में पहुंचे
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# स्वामी प्रसाद व धर्म सिंह सैनी सहित कई बागी विधायक सपा में शामिल

- रामवीर उपाध्याय ने बसपा तो एमएलसी घनश्याम सिंह लोधी ने छोड़ा सपा का साथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी** छोड़ने वाले मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह सैनी ने शुक्रवार को समर्थकों के साथ सपा का दामन थाम लिया। स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह का सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पगड़ी पहना कर स्वागत किया। अखिलेश ने पूर्व मंत्री मौर्य और सैनी के अलावा भाजपा छोड़ने वाले पांच विधायकों भगवती प्रसाद सागर, विनय शाक्य, रोशन लाल वर्मा, डॉ मुकेश वर्मा और ब्रजेश कुमार प्रजापति और अपना दल के विधायक चौधरी अमर सिंह को भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

इस दौरान सपा में शामिल होने वाले पूर्व विधायकों में अली यूसुफ अली, राम भारती, नीरज मौर्या, हरपाल सैनी, राजेन्द्र प्रसाद सिंह पटेल और पूर्व राज्य मंत्री विद्रोही धनपत राम मौर्य के अलावा बलराम सैनी पूर्व एमएलसी सहित अन्य नेताओं सपा में शामिल हो गए। वही दूसरी ओर बसपा सरकार में मंत्री रहे रामवीर उपाध्याय ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। रामवीर उपाध्याय बसपा के प्रमुख ब्राह्मण नेताओं में शामिल थे। माना जा रहा है कि उपाध्याय भाजपा या सपा का दामन पकड़ सकते हैं। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी से विधान परिषद सदस्य घनश्याम सिंह लोधी ने सपा मुखिया को अपना त्याग पत्र दे दिया। त्याग पत्र में श्री लोधी ने सपा के द्वारा पिछडों व दलितों के साथ उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाया।

### रैली में आचार संहिता व कोरोना के नियमों का उल्लंघन, एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी छोड़कर आए पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या सहित अन्य नेताओं को पार्टी में शामिल करने के लिए आयोजित वर्चुअल रैली में जुटी भीड़ का चुनाव आयोग ने गंभीरता से संज्ञान लिया है। इस मामले में इंसपेक्टर गौतम पल्ली को सस्पेंड कर दिया गया है। सपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के लिए लखनऊ के जिलाधिकारी से अनुमति नहीं ली गई थी। प्रशासन ने इस मामले में धारा 144 के उल्लंघन और महामारी एक्ट के तहत गौतमपल्ली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। सपा के इस कार्यक्रम की जांच को लेकर डीएम ने एक मजिस्ट्रेट की अगुवाई में टीम बनाई थी। मजिस्ट्रेट पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद जब ( शेष पेज 9 )

# भारत फिलीपींस को सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस निर्यात करेगा

- स्वदेशी मिसाइल के लिए दोनों देशों के बीच 375 मिलियन डॉलर में समझौता
- भारत का परिष्कृत हथियार प्रणालियों (डिफेंस सिस्टम) का पहला बड़ा एक्सपोर्ट




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** पहली बार फिलीपींस को सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस निर्यात करने के लिए तैयार है। भारत में स्वदेशी तकनीक से निर्मित व डिजाइन इस सुपरसोनिक मिसाइल का दोनों देशों के बीच 375 मिलियन डॉलर में समझौता हुआ है। यह भारत द्वारा किसी भी देश को परिष्कृत हथियार प्रणालियों (डिफेंस सिस्टम) का पहला बड़ा निर्यात है।

भारत आक्रामक रूप से 2025 तक पांच अरब डॉलर से अधिक मूल्य की हथियार प्रणालियों के निर्यात के लक्ष्य पाने के लिए काम कर रहा है, जिससे देश के रक्षा प्रणालियों को एक आकर्षक विनिर्माण केंद्र में बदला जा सके। सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि भारत और रूस के बीच ब्रह्मोस एयरोस्पेस उच्च अंत मिसाइल प्रणाली का निर्माण करने वाला पहला संयुक्त उद्यम है, जिसने हाल ही में फिलीपींस को अपनी मूल्य सूची सौंपी है, जिसने इसे स्वीकार कर लिया है। दोनों पक्ष जल्द ही 3,74, 962,800 डॉलर के सौदे पर हस्ताक्षर करेंगे, उन्होंने कहा कि अनुबंध फिलीपीन नौसेना के लिए तट-आधारित एंटी-शिप मिसाइल सिस्टम के लिए है।

भारत ने हाल ही में रक्षा खरीद के लिए फिलीपींस को 100 मिलियन डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट की पेशकश की थी। फिलीपींस सरकार ने हाल ही में ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल के लिए शुरुआती फंडिंग के लिए 2.8 बिलियन पेसो (55.5 मिलियन डॉलर) आवंटित किए हैं। फिलीपींस ने काफी मोलभाव और व्यापक परीक्षण करने के बाद भारतीय मिसाइल प्रणाली का चयन किया है। अधिकारियों ने कहा कि फिलीपींस नौसेना की एक टीम ने अधिग्रहण प्रक्रिया के हिस्से के रूप में कुछ महीने पहले हैदराबाद में ब्रह्मोस एयरोस्पेस की उत्पादन इकाई का दौरा किया था। हैदराबाद में ब्रह्मोस इंटीग्रेशन कॉम्प्लेक्स मैकेनिकल सिस्टम के एकीकरण और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम को जोड़ने का का काम करता है।

भारत और रूस के अन्य केंद्रों में निर्मित विभिन्न उप-प्रणालियों को इस परिसर में एकीकृत करके जांच की जाती है। फिलीपींस सशस्त्र बल अपने यहां आधुनिकीकरण कार्यक्रम लागू कर रहे हैं। भारत और फिलीपींस ने ब्रह्मोस मिसाइल सहित सैन्य उपकरणों के संबंध में सरकार से सरकार के सौदों के लिए पिछले साल मार्च में एक कार्यान्वयन व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए। फिलीपींस जिस ब्रह्मोस मिसाइल का अधिग्रहण कर रहा है, वह 200 किलोग्राम वजन ( शेष पेज 9 )

# चुनाव से पहले दिल्ली और पंजाब में मिला विस्फोटक

- दिल्ली के गाजीपुर फूल मंडी और अमृतसर में अटारी-बचीविंड रोड पर विस्फोटक भरे बैग जब्त
- घटनाओं को विधानसभा चुनाव और गणतंत्र दिवस पर अशांति फैलाने से जोड़ रहीं सुरक्षा एजेंसियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली की गाजीपुर फूल मण्डी में शुक्रवार सुबह एक लावारिस बैग में आरडीएक्स और अमोनियम नाइट्रेट से भरा आईईडी उपकरण मिला। इस बम को बाद में निष्क्रिय कर दिया गया। इसी तरह पंजाब के अमृतसर में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास अटारी-बचीविंड रोड पर पड़े एक बैग में रखा गया आईईडी और कुछ भारतीय नोट शुक्रवार को ही मिले। दोनों संवदेशनशील स्थलों पर आईईडी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। दिल्ली में दस दिन बाद गणतंत्र दिवस समारोह है। इसके अलावा जहां बम मिला है, वह इलाका उत्तर प्रदेश सीमा से सटा है, जहां अगले महीने विधानसभा चुनाव हैं। पंजाब में भी अगले महीने ही चुनाव होने हैं। इस लिहाज से सुरक्षा एजेंसियां मामले को देख रही हैं, ताकि शांतिभंग करने वालों से निपटा जा सके। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के महानिदेशक एमए गणपति ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी के गाजीपुर मंडी में विस्फोटक को एक लोहे के बक्से में छिपाकर काले रंग के ( शेष पेज 9 )

# उप्र व दक्षिण के राज्यों में केस बढ़े, दिल्ली-मुंबई में ठहराव

- दिल्ली में कोरोना के 24,383, युपी में 16,016 नए मामले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दिल्ली,** मुंबई और पश्चिम बंगाल में कोविड-19 संक्रमण की ताजा लहर में नए मामलों में मामूली गिरावट आई है, जबकि उत्तर प्रदेश के साथ-साथ दक्षिणी भारत के कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में केस बढ़े हैं। उत्तर प्रदेश में अलगे माह विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। कर्नाटक में शुक्रवार को 28,723 नए केस आए और 14 लोगों की मौत हुई। अकेले राजधानी बेंगलुरु में 20,121 मरीज आए और सात मरीजों की मौत हुई।

राज्य में अब सकारात्मकता दर 12.98 प्रतिशत है। एक दिन पहले राज्य में 25,005 नए मामले आए थे। वहीं, शुक्रवार को तमिलनाडु में कोविड-19 के 23,459 केस आए, जबकि केरल में 16,338 मामले दर्ज किए गए। डॉक्टरों ने तमिलनाडु के लिए ब्लैक पोंगल और केरल के लिए ब्लैक फ्राइडे कहा है। केरल में मरने वालों की संख्या 50,568 और तमिलनाडु में 36,956 तक पहुंच गई है। दोनों ही राज्यों में स्कूल-कॉलेज बंद करने के साथ कई कड़ी पाबंदियां लगाई हैं। उत्तर प्रदेश में भी कोरोना मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार राज्य में 16,016 ताजा मामले आए हैं और यहां अब सक्रिय मामलों की संख्या 84,440 हो गई है। मरने वालों की संख्या भी राज्य में अब तक 22,949 तक पहुंच गई है। इन ताजा मामलों के साथ, राज्य में अब तक दर्ज मामलों की कुल संख्या 18,01,231 ( शेष पेज 9 )

# बजट सत्र 31 जनवरी से, एक फरवरी को पेश होगा बजट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसद** का बजट सत्र 31 जनवरी को शुरू होगा और 8 अप्रैल तक चलेगा। सूत्रों ने शुक्रवार को संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति की सिफारिश के हवाले से बताया कि केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश किया जाएगा। सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किए जाने की संभावना है। सत्र का पहला भाग 11 फरवरी को समाप्त होगा। सूत्रों ने बताया कि करीब एक महीने के अवकाश के बाद सत्र का दूसरा भाग 14 मार्च से शुरू होगा। अवकाश विभाग से संबंधित संसदीय समितियों को अपने संबंधित मंत्रालयों को किए गए बजटीय आवंटन की जांच करने की अनुमति देता है। सत्र के पहले भाग के दौरान उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार जोरों पर होगा, जिसके लिए 10 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। जब 14 मार्च को अवकाश के बाद दोनों सदनों की बैठक होगी तब उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, ( शेष पेज 9 )

# मौसम में अचानक बदलाव के कारण हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना



**भाषा।** नई दिल्ली

**विमान** दुर्घटना में हुई सीडीएस जनरल रावत की मौत को लेकर आइएएफ द्वारा गठित दुर्घटना पर ट्राई.सर्विसेज ने रिपोर्ट पेश की है। ट्राई सर्विसेज कोर्ट आफ इन्क्वायरी ने अपने प्रारंभिक निष्कर्षों में फ्लाइट डेटा रिकार्डर और काकपिट वायस रिकार्डर का विश्लेषण किया।

इसमें कहा गया है कि हादसे की वजह लापरवाही रही है। साथ ही कहा कि दुर्घटना मौसम में अप्रत्याशित परिवर्तन के कारण हुई थी। जिसके कारण पायलट का भटकाव हुआ।

- कोर्ट ऑफ इंक्वायरी में हादसे के कारणों के रूप में यांत्रिक विफलता तोड़फोड़ या लापरवाही को किया खारिज

अपने निष्कर्षों के आधार पर कोर्ट आफ इंक्वायरी ने कुछ सिफारिशें की हैं जिनकी समीक्षा की जा रही है। दुर्घटना की वजह घने जंगल, पहाड़ी इलाका और लो.विजिबिलिटी माना जा रहा है। लो.विजिबिलिटी के चलते हेलिकाप्टर को कम ऊंचाई पर उड़ान भरनी पड़ी। वहीं, लैंडिंग पाइंट से वो कुछ ही दूरी ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,223 | ↓ | 12 | |
| निफ्टी | 18,255 | ↓ | 02 | |
| सोना | 47,005 | ↑ | 93 | /10g |
| चांदी | 61,005 | ↑ | 59 | /kg |

## क्विक न्यूज

### लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

**वाराणसी/प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में मकर संक्रांति के साथ माघ मेला शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। कोरोना के बढ़ते मामलो और कड़ाके की ठंड के बावजूद शाम 6:00 बजे तक करीब 6.5 लाख लोगों ने यहां गंगा और संगम में डुबकी लगाई। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। उधर, मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर काशी में कुछ लोग 14 जनवरी को ही दशाश्वमेध घाट के गंगा स्नान पर दान-पुण्य किया तथा बाबा विश्वनाथ एवं माँ अन्नपूर्णा के दरबार में पहुँचकर मत्था टेका। मकर संक्रान्ति तो शुक्रवार की रात 8 बजकर 34 पर खरमास खत्म हो जाएगा। उसके बाद मकर राशि से उठकर सूर्य उत्तरायण में चले जाते हैं। इसके बाद ही खिचड़ी प्रारम्भ होती है।

# केरल में नन दुष्कर्म केस में बिशप फ्रैंको हुए बरी

**कुमार चेलप्पन।** कोच्चि (केरल)

**केरल** में कोट्टायम की एक अदालत ने बिशप फ्रैंको मुलक्कल को नन से बलात्कार के आरोपों से शुक्रवार को बरी कर दिया। इस फैसले के बाद पीड़िता की समर्थक ननों ने अदालत के फैसले पर निराशा प्रकट की और कहा कि न्याय मिलने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। वहीं प्रसन्न दिख रहे बिशप ने अपने अनुयायियों से 'प्रभु का गुणगान करने एवं प्रसन्न रहने' की अपील की। नन ने जून 2018 में पुलिस को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि 2014 से 2016 के बीच मुलक्कल ने उनका यौन शोषण किया था।

वह तब रोमन कैथोलिक चर्च के जालंधर डायोसिस के बिशप थे। कोट्टायम जिले की पुलिस ने जून 2018 में ही बिशप के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज किया था।

- पीड़ित नन और उनकी सहयोगियों ने फैसले पर जताई निराशा, उच्च अदालत में देंगी चुनौती

मामले की तहकीकात करने वाले विशेष जांच दल ने बिशप को सितंबर 2018 में गिरफ्तार किया था और उन पर गलत तरीके से बंधक बनाने, बलात्कार करने, अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने और आपराधिक धमकी देने के आरोप लगाये थे। मामले में नवंबर 2019 में सुनवाई शुरू हुई, जो 10 जनवरी को पूरी हुई थी।

फैसले के तुरंत बाद जारी एक संक्षिप्त बयान में जालंधर डायोसिस के बिशप मुलक्कल (57) ने उन सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया, जो लगातार बिशप की बेगुनाही में विश्वास करते ( शेष पेज 9 )

# बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन हादसाः नौ हुई मृतक संख्या

**गुवाहाटी।** पश्चिम बंगाल के जलपाइगुड़ी जिले में बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन के 12 डिब्बे पटरी से उतरने के कारण हुए हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) की प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पश्चिम बंगाल के जलपाइगुड़ी जिले में दोमोहानी के निकट बृहस्पतिवार को बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन के 12 डिब्बे पटरी से उतर गए थे और कुछ डिब्बे पलट गए थे। एनएफआर की प्रवक्ता गुनीत कौर ने बताया कि हादसे में 36 अन्य लोग घायल हुए हैं। इनमें से 23 लोगों का इलाज जलपाइगुड़ी के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में चल रहा है, जबकि उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज में छह लोग और मयनागुरी ग्रामीण अस्पताल में ( शेष पेज 9 )

# संभलिए, अभी और कहर ढाएगी ठंड

- दिल्ली-हरियाणा में कोहरा, उप्र में सताएगी शीत लहर
- पूरे उत्तर भारत में तीन दिन कड़ाके की सर्दी पड़ने की संभावनाः मौसम विभाग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**अब** तक हल्की सर्दी का सामना कर रहे उत्तर भारत में अगले तीन-चार दिन मुश्किल भरे हो सकते हैं। राजधानी दिल्ली और हरियाणा, पंजाब में जहां कड़ाके की ठंड के साथ घना कोहरा छाएगी वहीं उत्तर प्रदेश में शीतलहर सताएगी। शुक्रवार को सबसे कम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस मेरठ में दर्ज किया गया। नए साल में 7 से 9 जनवरी तक राजधानी दिल्ली और आसपास हुई बारिश ने दशकों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। उसके बाद से ठंडी हवाएं और कोहरा परेशान कर रहा है। दिन में या तो धूप निकल रही अथवा बहुत कम समय के लिए सूरज के दर्शन हो रहे हैं। मौसम विभाग का कहना है कि अगले चार-पांच दिन दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा आदि मैदानी इलाकों में जहां ठंडी हवा के साथ कोहरा छाएगा वहीं उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप रहेगा। इससे पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग का यह भी कहना है कि 16 और 18 जनवरी को दो और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं। इससे हिमालयन क्षेत्र समेत कुछ मैदानी इलाकों में हल्की वर्षा हो सकती है। यानी ठंड और कोहरे से अगले कुछ दिन तक निजात मिलने की संभावना नहीं है।

### देश में 1901 के बाद से 2021 पांचवां सबसे गर्म वर्ष रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि वर्ष 2021 भारत में 1901 के बाद से पांचवां सबसे गर्म वर्ष रहा, जिसमें देश में औसत वार्षिक वायु तापमान सामान्य से 0.44 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। विभाग ने कहा कि देश में वर्ष के दौरान बाढ़, चक्रवाती तूफान, भारी बारिश, भूस्खलन, बिजली गिरने जैसी मौसमी घटनाओं के कारण 1,750 लोगों की मौत हुई है। मौसम विभाग के वार्षिक जलवायु वक्तव्य, 2021 ( शेष पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 15 जनवरी, 2022



# गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद में बजा चुनावी बिगुल

## दोनों जिलों में नामांकन प्रक्रिया शुरू, कलेक्ट्रेट में पर्चा दाखिल कर सकेंगे प्रत्याशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गौतमबुद्ध नगर की तीनों विधानसभा सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए कार्यक्रम जारी हो गया है। 14 जनवरी 2022 से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह पूरा चुनावी कार्यक्रम 14 जनवरी 2022 से शुरू होकर 27 जनवरी 2022 तक होगा।

गौतमबुद्ध नगर की नोएडा विधानसभा, दादरी विधानसभा और जेवर विधानसभा के लिए नामांकन से लेकर नाम वापसी तक को प्रक्रिया 14 जनवरी से 27 जनवरी तक होगी।

गौतमबुद्ध नगर के जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि तीनों विधानसभा सीटों पर चुनाव होने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। नोएडा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार को कलेक्ट्रेट में कमरा नंबर-113 में नामांकन करना होगा। दादरी विधानसभा के लिए कमरा नंबर.119 में नामांकन करना होगा और जेवर विधानसभा के लिए कमरा नंबर-114 में नाम अंकित करना होगा।

यह कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू होकर नामांकन वापसी तक की प्रक्रिया 27 जनवरी तक होगी। सभी विधानसभाओं के लिए आयोग की मंशा के अनुरूप प्रत्याशियों के नामांकन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट सुहास एलवाई ने सुबह कलेक्ट्रेट में बनाए गए नामांकन कक्षों में पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया, जहां पर उन्होंने रिटर्निंग अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि नामांकन प्रक्रिया में प्रत्येक अधिकारी द्वारा आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरश: पालन सुनिश्चित कराते हुए समस्त नामांकन प्रक्रिया सुनिश्चित कराई जाएगी।

नामांकन प्रक्रिया के दौरान शुक्रवार को 34 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों के द्वारा प्राप्त किए गए हैं। आज की प्रक्रिया में किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन नहीं कराया गया है। विधानसभा नोएडा 11 नामांकन पत्र विधानसभा दादरी 18 नामांकन पत्र विधानसभा जेवर से 5 नामांकन पत्र उम्मीदवारों के द्वारा प्राप्त किए गए हैं।

## गाजियाबाद में पहले दिन खरीदे गए 55 नामांकन पत्र

### मंडलायुक्त व आईजी ने किया लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में विधानसभा विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण की प्रक्रिया शुरू हो गई। शुक्रवार को अधिसूचना जारी होने के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन किसी प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया, अलबत्ता सभी पांचों विधानसभाओं से 55 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। इस दौरान मंडलायुक्त सुरेंद्र कुमार आईजी प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से रखने के निर्देश दिए ।



कलेक्ट्रेट परिसर में पिछले कई दिन से नामांकन के लिए तैयारियां चल रही थी। जिसके चलते कलेक्ट्रेट परिसर में आने जाने के लिए बैरिकेडिंग लगाई गई है और पांच कक्षाओं में नामांकन पत्र जमा करने की व्यवस्था की गई है ।साथ ही त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। सुबह ही कलेक्ट्रेट के प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर लगाया गया था। पुलिस अधीक्षक नगर निपुण अग्रवाल व एडीएम सिटी विपिन कुमार व सिटी मजिस्ट्रेट गंभीर सिंह प्रवेश द्वार पर खुद सुरक्षा व्यवस्था की बागडोर सम्भाले हुए थे। इस दौरान बाहर से आने वाले लोगों को मेटल डिटेक्टर से जांच पड़ताल के बाद कलेक्ट्रेट के अंदर जाने की अनुमति दी गयी। आज नामांकन पत्र जमा नहीं किया गया लेकिन 55 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। जिसमें विधानसभा 53- लोनी में 08 प्रत्याशियों ने 14 प्रपत्र, विधानसभा 54- मुरादनगर में 06 प्रत्याशियों ने 07 प्रपत्र, विधानसभा 55- साहिबाबाद में 11 प्रत्याशियों ने 17 प्रपत्र, विधानसभा 56- गाजियाबाद में 09 प्रत्याशियों ने 15 प्रपत्र, विधानसभा 57- मोदीनगर में 02 प्रत्याशियों ने 02 प्रपत्र खरीदे गए। किसी भी विधानसभा से कोई भी नामांकन पत्र नही भरा गया।

## बीएसएफ और यूपी पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में आज आगामी विधानसभा निर्वाचन-2022 के दृष्टिगत कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारीगणों द्वारा पुलिस बल व केंद्रीय अर्धसैनिक बल बीएसएफ के जवानों के साथ अपने अपने जोन क्षेत्र के अंतर्गत क्रिटिकल व वल्नेरेबल एरिया व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन किया गया, उनके द्वारा सेंट्रल नोएडा जोन के थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-11 सेक्टर-12 ग्राम झुंडपुरा सेक्टर-22 व ग्राम चौडा तथा ग्रेटर नोएडा जोन के थाना जेवर व थाना रबूपुरा क्षेत्र के अंतर्गत जेवर कस्बा झुप्पा जंहागीरपुर, कंबुआन मोहल्ला, मेंहदीपुर फ्लैग मार्च निकाला गया तथा पी, सिस्टम के माध्यम से लोगों को शांतिपूर्वक अधिक से अधिक संख्या में निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने व ऐसे व्यक्ति जो चुनाव के दौरान किसी प्रकार की गडबडी कर सकते है उनकी जानकारी देने के लिए भी कहा गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की गडबडी करने वाले लोगों के विरुद्ध कडी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई। केंद्रीय अर्धसैनिक बल बीएसएफ के जवानों को आसपास के हिस्ट्रीशीटर व सक्रिय अपराधियों के बारे में भी जानकारी दी गई । अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा, अपर पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा, संबंधित सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा स्थानीय पुलिस बल व केंद्रीय अर्धसैनिक बल बीएसएफ के जवानों के साथ निकाले गए फ्लैग मार्च का नेतृत्व किया गया।

## कोरोना की बूस्टर डोज के नाम पर महिला डॉक्टर से ठगी

### आरोपी ने मोबाइल पर लिंक भेजकर बीस हजार निकाले

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

साइबर ठग ने कोरोना की बूस्टर डोज देने के नाम पर महिला डॉक्टर से 20 हजार रुपये की ठगी कर ली।

आरोपी ने मोबाइल पर लिंक भेजकर खाते से रुपये निकाले। इस संबंध में डॉक्टर ने सेक्टर.49 थाने में केस दर्ज कराया है।

पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-50 निवासी डॉक्टर स्वाति राय ने बताया कि वह निजी अस्पताल में कार्यरत हैं। उनके मोबाइल पर राजीव अग्रवाल नाम के एक व्यक्ति ने कॉल की। उसने खुद को आरोग्य सेतु एप का कर्मचारी बताया।

आरोपी ने डॉक्टर से पूछा कि उन्होंने कोरोना वायरस की दोनों डोज ली है या नहीं। इस पर डॉक्टर ने हां कर दी। फिर आरोपी ने कहा कि अब उन्हें बूस्टर डोज लगवानी होगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग से सूचना आ गई है।

आरोपी ने कहा कि वह उनके मोबाइल पर एक लिंक भेज रहा है। इस पर क्लिक करने के बाद बूस्टर डोज के लिए रजिस्ट्रेशन हो जाएगा। इसके बाद आरोपी ने महिला डॉक्टर के मोबाइल पर एक लिंक भेजा। जैसे ही डॉक्टर ने संबंधित लिंक पर क्लिक किया तो उनके मोबाइल में चल रहे खाते से 20 हजार रुपये निकल गए।

जब कुछ देर बाद महिला के पास मैसेज आया तो उन्हें ठगी का पता चला। इसके बाद पुलिस को मामले की शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ज्ञात हो सरकार ने पहले एडवाइजरी जारी करी है कि बूस्टर डोज के लिए पंजीकरण की जरूरत नहीं है।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-62 के पास गुरुवार रात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। इसके अलावा सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई।

सेक्टर-62 के पास पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी। पुलिस ने मृतक की आसपास के लोगों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया, मगर उसकी पहचान नहीं हो सकी। वहीं, सेक्टर-46 में रहने वाले शिवम की गुरुवार रात अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

## दामाद पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया

**नोएडा।** सर्फाबाद गांव में विवाहिता का शव घर में मिला था। मृतका के परिजनों ने विवाहिता के पति समेत तीन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाया। सेक्टर-113 थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुरेश उर्फ टीटू की पत्नी सरिता गुरुवार को अपने घर पर संदिग्ध हालात में मृत अवस्था में मिली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। इस मामले में परिजनों ने मृतका के पति सुरेश समेत ससुराल पक्ष के तीन लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

परिजनों का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने कोई जहरीला पदार्थ देकर सरिता की हत्या की है।

## बुखार कैसा भी हो, सतर्कता जरूरी: सीएमओ

### समय पर कराएं कोविड की जांच: डॉ. भवतोष

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

सर्दी का मौसम है। बीच-बीच में बरसात भी हो रही है। ऐसे में कई बार सामान्य बुखार और जुकाम-खांसी भी हो सकती है। लेकिन इन्हें सामान्य मानकर अपना उपचार करते रहना ठीक नहीं है। बेहतर हो कि अपनी कोविड जांच करा लें और फिर रिपोर्ट के अनुरूप व्यवहार करें।

यानि कोविड पॉजिटिव हो गए हैं तो परिवार के अन्य सदस्यों के बचाव के लिए उनसे दूर रहें। अपने कपड़े आदि अलग रखें और चिकित्सक की सलाह पर ही उपचार लें। यह बातें शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. भवतोष शंखधर ने कहीं। कोविड के मामले में बढ़ रहे हैं लेकिन अधिकतर मामलों में पीड़ित को अस्पताल जाने की जरूरत नहीं पड़ रही। यानि अधिकतर माइल्ड केस हैं।

ऐसे में चिकित्सक की सलाह पर घर में रहकर उपचार कर सकते हैं। चिकित्सकीय परामर्श के लिए तमाम ऑनलाइन विकल्प मौजूद हैं। सीएमओ डा. भवतोष का कहना है कि जुकाम-खांसी और बुखार कैसा भी हो, पूरी सतर्कता जरूरी है। बुखार आने के साथ ही कोरोना की जांच कराएं। उससे भी पहले जैसे ही आपको शरीर में दर्द, जुकाम, खांसी या फिर बुखार के लक्षण महसूस हों, सबसे पहले खुद को आइसोलेट कर लें। आपका यह कदम आपके करीबियों को संक्रमण से बचाने में मदद करेगा। आइसोलेशन का यह मतलब भी नहीं है कि परिजन मरीज की सुध ही न लें।

ऐसा करना, कई बार मनोबल तोड़ने का कारण बन सकता है और मनोबल टूटने पर कोई बीमारी अपना वेग बढ़ा देती हैं। मरीज से एक सुरक्षित दूरी पर रहकर मिलें।

## आईपीएस अंकिता शर्मा का हुआ प्रमोशन, बनीं एडिशनल डीसीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में तैनात आईपीएस अधिकारी अंकिता शर्मा का प्रमोशन हो गया है।

अभी तक वह नोएडा में एसीपी के पद पर तैनात थी। जिनको अब नोएडा का एडिशनल डीसीपी बना दिया है। गौतमबुद्ध नगर के पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह और संयुक्त पुलिस आयुक्त लव कुमार ने अंकिता शर्मा को बधाई दी है। अंकिता शर्मा पिछले करीब एक साल से नोएडा में तैनात हैं और वह नोएडा जोन में



एसीपी के पद पर कार्य कर रही हैं। आईपीएस अंकिता शर्मा मूल रूप से राजस्थान की रहने वाली हैं। वह काफ ी समय से एक्टिव हैं। अंकिता शर्मा महिलाओं से सुरक्षा के मुद्दे पर बातचीत करती रहती है। आलोक सिंह और लव कुमार ने स्टार लगाकर अंकिता शर्मा को बधाई दी।

## लहसुन के ढेर के नीचे से 50 पेटी शराब बरामद

**नोएडा।** नोएडा थाना बीटा-2 पुलिस ने शुक्रवार सुबह एक वाहन में लहसुन के ढेर के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही 50 पेटी शराब बरामद की। थाना बीटा-2 के प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने एक वाहन को जांच के लिए रोका, और जांच के दौरान उन्हें लहसुन के ढेर के नीचे छिपा कर ले जाई जा रही 50 पेटी हरियाणा मार्का शराब मिली।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में दो लोगों विपिन तथा धर्मेंद्र को गिरफ्तार किया है। यह शराब बिहार ले जाई जा रही थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मकर संक्रांति पर जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**गाजियाबाद।** तारांजलि फाउंडेशन ने मकर संक्रांति पर राजनगर एक्सटेंशन के स्लम एरिया में जरूरतंद महिलाओं को कंबल बांटे। इस दौरान तारांजलि फाउंडेशन की अध्यक्ष कवयित्री शैलजा सिंह ने महिलाओं का कोरोनाकाल में स्वास्थ्य की देखभाल करने और बच्चों की शिक्षा में आईं समस्याओं से निपटने के लिए मनोबल बढ़ाया। शैलजा ने इस दौरान उन्हें कोविड से बचाव के नियम बताए व उन्हें पालन करने की शपथ दिलाई। गाजियाबाद तहसील के वकील और साहित्यिक व सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहने वाले राकेश कुमार शर्मा और उनकी धर्मपत्नी रानी शर्मा के सहयोग से कंबल वितरण कार्यक्रम सफल हुआ।



### मनीष को मिला मेरिट कंसोलेशन अवार्ड

**नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित स्कूल फॉर एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग के छात्र मनीष त्रिपाठी को इंडिया इंटरनेशनल साराभाई स्टूडेंट साइंटिस्ट अवार्ड प्रोग्राम 2021 के तहत स्टूडेंट साइंटिस्ट के रूप में मेरिट कंसोलेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन वर्चुअल किया गया।

### दीपक भाटी की उम्मीदारी का विरोध

**नोएडा।** कांग्रेस के उम्मीदवार की घोषणा होते ही अब दीपक भाटी चोटीवाला के खिलाफ लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। मुस्लिम समाज के लोगों का कहना है कि दीपक भाटी चोटीवाला ने कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा किया, इसलिए हम दीपक भाटी चोटीवाला का विरोध कर रहे हैं। अगर कांग्रेस ने दादरी विधानसभा से अपना उम्मीदवार नहीं बदला तो वह कांग्रेस का बहिष्कार करेंगे। इत्तेहाद उलेमा-ए-हिन्द के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शाह मुस्तुफा देहलवी ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी को पत्र लिखते हुए कहा है कि गौतमबुद्ध नगर जनपद में दादरी विधानसभा पर काफी संख्या में मुस्लिम वोटर हैं। कांग्रेस ने जिस व्यक्ति को दादरी से उम्मीदवार घोषित किया है। उसने मुसलमानों की कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा किया है।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रोजेन सैस टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, संजय रावत (निदेशक), पूजा रावत (निदेशक), संदीप रावत (निदेशक), सुशील कौशिक (निदेशक), भावना कौशिक (निदेशक), संदीप रावत, संजय रावत, सुशील कौशिक, पूजा रावत, संजय रावत, खाता नंबर :- 777705790029 | बीक्यू-58, शालीमार बाग, सरस्वती विहार, दिल्ली - 110088 | 11-12-2021 रू. 22,09,705.75/- | 31.08. 2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 15 जनवरी, 2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## बिजली जुर्माना वसूलने में विद्युत निगम फिसड्डी

### 1700 लाख में वसूले गए केवल 250 लाख

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

विद्युत निगम बिजली चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करके मालामाल हो रहा है। पिछले एक वर्ष में साढ़े चार हजार से अधिक बिजली चोरी के प्रकरण पकड़े गए हैं। इन पर 1700 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

हालांकि, विद्युत निगम अभी तक करीब 250 लाख रुपये का राजस्व ही बिजली चोरों से वसूल पाया है, शेष राजस्व वसूलने के लिए जिला प्रशासन की मदद ली जा रही है।



विद्युत निगम ने बीते एक वर्ष में जिले में 4500 से अधिक बिजली चोरी के मामले पकड़े हैं। औसतन 12 लोग रोजाना बिजली चोरी में संलिप्त मिल रहे हैं। इनके खिलाफ विद्युत निगम की दो.दो विजिलेंस टीमों के अलावा निगम के अधिकारी और कर्मचारी भी कार्रवाई कर रहे हैं।

इसके बाद भी बिजली चोरी रुक नहीं पा रही है। पिछले आठ-दस महीनों में बिजली चोरी कराकर उपभोक्ताओं को लाभ देने के आरोप में कई अधिकारियों और कर्मचारियों पर गाज भी गिर चुकी है। इसके बाद भी कुछ अधिकारी और कर्मचारी ऐसे मामलों में संलिप्त हैं।

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतरर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्टेनी सी जैकब/जीन पौलोज/ LBDEL00001932116 | अपार्टमेंट नंबर इ 1601, प्लॉट नंबर- जीएच-12/2, सेक्टर- जेटा- 1, 16वीं मंजिल ए वी जे हाइट्स, ग्रेटर नोएडा नोएडा/ 10 जनवरी, 2022 | सितंबर 27, 2021 ₹ 27,66,338/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | हिमांशु अग्रवाल/बबीता अग्रवाल/ LBNOD00001576633 | प्लॉट नंबर 33/8-013 बी- 13, सेक्टर- 33, नोएडा/ 10 जनवरी, 2022 | अक्टूबर 05, 2021 ₹ 14,90,809/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | सतीश कुमार/रीता सिंह/ LBNOD00002385225 | फ्लैट नंबर 508, 5वीं मंजिल टावर ए10 हैबिटेक पंचतत्व प्लॉट नंबर जी एच 08ए टेक जोन 4 नोएडा/ 10 जनवरी, 2022 | सितंबर 27, 2021 ₹ 37,13,215/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | मनीषा खन्ना/अंकुर खन्ना/डोर डिवाइसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड/ नीरज खन्ना/LBNOD00003048485 | यूनिट नंबर एच-301, ब्लॉक एच, स्टेलर पार्क प्लॉट नंबर 58/24 सेक्टर- 62 नोएडा गौतम बुद्ध नगर/ 10 जनवरी, 2022 | सितंबर 28, 2021 ₹ 62,87,501/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जनवरी 15, 2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लि.

नवीन ओखला औधोगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सेक्टर-06, नोएडा
-:सार्वजनिक सूचना:-

सूचित किया जाता है कि मे०एसोटेक रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संस्थागत भवन भूखंड संख्या 22, सेक्टर 135, नोएडा में कुल 7 टॉवर एवं रिटेल ब्लॉक-ए प्राधिकरण से दिनांक 29.10.2015 & दिनांक 29.11.2018 को स्वीकृत कराये गये थे, जिनमे से आवंटी संस्था द्वारा टॉवर 1, 2, 3 एवं ब्लॉक-ए का अधिभोग प्रमाण पत्र 06.07.2016, टॉवर 7 का अधिभोग प्रमाण पत्र 27.12.2016 तथा टॉवर 4 एवं 5 का अधिभोग प्रमाण पत्र 15.03.2021 तक प्राप्त किया जा चुका है। वर्तमान में आवंटी संस्था द्वारा 1 टॉवर (टॉवर 6) के अधिभोग प्रमाण पत्र हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया गया है। आवेदित मानचित्रो को प्राधिकारण की वेबसाइट www.noidaauthorityonline.in पर देखा जा सकता है।

आवंटी संस्था द्वारा जमा कराये गए अधिभोग मानचित्रो के सम्बन्ध में परियोजना के निवासियो / फ्लैट क्रेताओं से आपत्ति / सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। यदि किसी व्यक्ति को प्राधिकरण में जमा कराये गए उक्त अधिभोग मानचित्रो के सम्बन्ध में कोई आपत्ति / सुझाव हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अंदर लिखित रूप में "महाप्रबंधक (नियोजन), मुख्य प्रशासनिक भवन, सेक्टर-06, नोएडा" के कार्यालय में उपलब्ध करा सकते हैं अथवा इ-मेल के माध्यम से captpnoida@gmail.com पर प्रेसित कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / सुझावो पर विचार नहीं किया जायेगा।

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी
नोएडा

## दो वाहन चोर गिरफ्तार 20 बाइक बरामद

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा सेक्टर-24 थाना की पुलिस ने बृहस्पतिवार की रात गश्त के दौरान दो कथित वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की 20 मोटरसाइकिलें बरामद कीं पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने बताया कि बीती रात को गश्त पर निकली पुलिस ने नोएडा सेक्टर 12 के पास से एक सूचना के आधार पर सलमान तथा सुमित नामक दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है।

इनकी निशानदेही पर पुलिस ने दिल्ली, गाजियाबाद तथा नोएडा के विभिन्न जगहों से चोरी की गई 20 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। वर्मा ने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है, कि दोनों आरोपी इससे पूर्व भी कई बार वाहन चोरी के मामले में जेल जा चुके हैं।

## स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने सुरेश बंसल का जाना हालचाल

### कोरोना के चलते अस्पताल में भर्ती है भाजपा के पूर्व विधायक



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ अनुज अग्रवाल ने बताया कि 80 वर्षीय पूर्व विधायक सुरेश बंसल को कोविड-19 के संक्रमण के चलते 13 जनवरी को यशोदा सुपर स्पेशलिटी कौशांबी गाजियाबाद में भर्ती कराया गया है।

यूपी के स्वास्थ्य राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी में भर्ती सुरेश बंसल का हाल-चाल लेने पहुंचे और बंसल का इलाज कर रहे रेस्पिरेटरी टीम के डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

बंसल का इलाज कर रहे डॉ आर के मणि, डॉ के के पांडे, डॉ अंकित सिन्हा ने बताया कि श्री बंसल को दो-तीन दिनों से कोविड-19 का संक्रमण था जो बढ़ गया। गर्ग ने सुरेश बंसल के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और डॉक्टरों को उनका ध्यान रखने के लिए सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया।

सुरेश बंसल का इलाज डॉक्टरों की सघन निगरानी में हॉस्पिटल के कोविड-19 आईसीयू में चल रहा है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# प्रदूषण पर होगा वार, 100 सीएनजी बसें भरेंगी रफ्तार



## रात के समय यात्रा होगी सुरक्षित

दिल्ली के अंदर सड़क परिवहन बहुत अच्छा हो गया है। लोगों को अच्छी फ्रीक्वेंसी के साथ बसें मिल सकें। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन प्रणाली दिल्ली की जीवन रेखा है। उनकी सरकार परिवहन व्यवस्था को मजबूत व कुशल बनाने के साथ लोगों को अच्छी कनेक्टिविटी देने की कोशिश कर रही हैं। साथ ही, प्रत्येक दिल्ली वासी को किसी भी समय सुरक्षित लास्ट माइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए अपने पैरा ट्रांजिट सिस्टम का विस्तार कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राजघाट बस डिपो से दिखाई हरी झंडी, ग्रामीण क्षेत्रों में सफर होगा आसान

● बाहरी दिल्ली के घुम्मनहेड़ा डिपो से ग्रामीण क्षेत्रों में दौड़ेंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली की सड़कों पर सौ सीएनजी बसें रफ्तार भरेंगी। आम आदमी पार्टी की सरकार परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के मकसद से दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में लो फ्लोर एसी सीएनजी बसों को शामिल कर लिया है।

यह बसें बाहरी दिल्ली के घुम्मनहेड़ा डिपो से ग्रामीण क्षेत्र में चलेंगी। साथ ही, आने वाले दिनों में कई सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसें भी आने वाली हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को राजघाट बस डिपो से बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर केजरीवाल ने कहा कि इससे पहले अधिकतर बसें कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान ली गई थीं। तब डीटीसी के बेड़े में 6 हजार बसें थी। वह राष्ट्रीय राजधानी में बस ट्रांसपोर्ट को बहुत अच्छा करने के साथ ही लोगों को अच्छी फ्रीक्वेंसी के साथ बसें उपलब्ध कराने के लिए दृढ़ संकल्प हैं।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि बसें अब देश भर में सुरक्षित, सुलभ और सुविधाजनक ट्रांसपोर्ट सिस्टम की मिशाल पेश कर रही हैं। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली परिवहन विभाग के क्लस्टर स्कीम के तहत आज 100 लो फ्लोर एसी सीएनजी बसों को राजघाट बस डिपो पर आयोजित उद्घाटन समारोह में फीता काट कर इन बसों को निर्धारित रूटों पर चलने के लिए हरी झंडी दिखाई। यह बसें 9 रूटों पर चलेंगी।

डीटीसी के बेड़े में सौ बसें और जुड़ने के बाद लोगों का आवागमन और आसान हो गया है। घुम्मनहेड़ा में नया बस डिपो बनाया गया है। वहां पर यह बसें रहेंगी।

वहीं यह सभी बसें ग्रामीण एरिया के रूटों पर चलेंगी। इन 100 एसी सीएनजी लो फ्लोर बसों के आने के बाद डीटीसी के पास कुल 6900 बसें हो गईं हैं।

**डीटीसी की कुल क्षमता**



6900



## बसों का रूट

*रूट नंबर 892 पर छावला स्कूल से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन गेट-2 तक बस चलेगी। एयरपोर्ट एक्सप्रेस-8 रूट पर नजफगढ़ टर्मिनल से आईजीआई टर्मिनल-2 तक बस चलेगी। रूट नंबर-567 कमरुद्दीन नगर टर्मिनल से सराय काले खां तक। रूट नंबर-926 टिकरी बॉर्डर से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन (फतेहपुरी) तक। रूट नंबर- 219 कमरुद्दीन नगर टर्मिनल से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन (फतेहपुरी)। रूट नंबर- 964 सरस्वती विहार वाटर टैंक से नेहरू प्लेस टर्मिनल तक। रूट नंबर-849 कमरुद्दीन नगर टर्मिनल से तिलक नगर। रूट नंबर- 962 कंझावला गांव से केन्द्रीय टर्मिनल तक। रूट नंबर-940 मंगोलपुरी क्यू ब्लॉक से शिवाजी स्टेडियम तक जाएंगी।*

# कोरोना सक्रमण दर 30 फीसदी के पार, केस 25 हजार से कम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 24,383 नए केस सामने आए हैं।

इस दौरान संक्रमण दर 30.64 फीसदी दर्ज की गई। अच्छी बात यह है कि इस बीच 26,236 लोग बीमारी को मात देकर ठीक भी हुए हैं और सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 92,273 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार नए मामलों की संख्या हालांकि बृहस्पतिवार की तुलना में कम है, लेकिन संक्रमण दर में वृद्धि हुई है।

बृहस्पतिवार को 28,867 मामले सामने आये थे, जो महामारी की शुरुआत के बाद से एक दिन में सबसे अधिक वृद्धि है।

वहीं, 31 मरीजों की मौत हो गई थी जबकि संक्रमण दर 29.21 प्रतिशत थी। इससे पहले एक दिन में सबसे अधिक वृद्धि तब दर्ज की गई थी, जब पिछले साल 20 अप्रैल को 28,395 मामले सामने आये थे। आंकड़े के मुताबिक, शुक्रवार की संक्रमण दर एक मई के बाद सबसे ज्यादा है, जब यह 31.61 फीसदी थी। बुधवार को 40 मरीजों की मौत हुई थी, जो पिछले साल 10 जून के बाद सबसे अधिक थी, जब 44 मौतें हुई थीं। आंकड़े के मुताबिक, 2,529 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। 815 मरीज ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं, जिनमें से 99 वेंटिलेटर पर हैं।

## जान गंवाने वाले 75 फीसदी मरीजों ने नहीं ली थी वैक्सीन



● नौ से 12 जनवरी के बीच मरे 97 लोगों में से 70 लोगों ने नहीं करवाया था टीकाकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 की मौजूदा लहर में जान गंवाने वाले 75 फीसदी मरीज ऐसे थे, जिन्होंने टीके नहीं लगवाए थे।

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में गुरुवार को कोविड-19 के सर्वाधिक 28,867 नए ममाले सामने आए थे, जबकि 31 और मरीजों की इससे मौत हो गई थी। वहीं, संक्रमण दर बढ़कर 29.21 प्रतिशत हो गई थी। इससे पहले, दिल्ली में 20 अप्रैल 2021 को सर्वाधिक 28,395 दैनिक मामले सामने आए थे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नौ जनवरी से 12 जनवरी के बीच जिन 97 लोगों की मौत संक्रमण से हुई, उनमें से 70 लोगों का टीकाकरण नहीं हुआ था, जबकि 19 ने टीके की पहली खुराक ली थी। वहीं, आठ का पूर्ण टीकाकरण हो चुका था। उनके अलावा सात नाबालिग थे। जैन ने



कहा कि कोविड-19 के कारण जान गंवाने वाले 75 फीसदी मरीज ऐसे थे, जिन्होंने टीके की एक खुराक भी नहीं ली थी। 90 प्रतिशत मरीजों को कैंसर और गुर्दे संबंधी गंभीर बीमारियां थीं। यहां तक कि 18 साल से कम उम्र के सात मरीजों को भी पहले से कोई बीमारी थी। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति जिसकी मौत हो गई, उसने कथित तौर पर आत्महत्या की कोशिश की थी और उसे इसलिए ही अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

मंत्री ने कहा कि संक्रमित पाए जाने के तीन दिन बाद ही उसकी मौत हो गई थी। जैन ने बताया कि अस्पतालों में संक्रमितों के लिए आरक्षित 13000 से अधिक बिस्तर (बेड) खाली हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों के अस्पताल में भर्ती होने की संख्या स्थिर है और रोजाना भर्ती कराए जाने वाले मरीजों की संख्या में कमी आई है। यह एक बड़ी राहत की बात है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, गुरूवार तक अस्पतालों में कोविड-19 के मरीजों के आरक्षित 15,433 बिस्तरों में से 2,424 पर मरीज थे।

# कोरोना से घबराएं नहीं, हर स्थिति से निपटने की पूरी तैयारी : सीएम

**पायनियर समचार सेवा।** नई दिल्ली

● संक्रमण दर बढ़ने के बाद भी अस्पतालों में भर्ती होने वालों की संख्या काफी काम

कोरोना वायरस के नए ओमीक्रोन वैरियंट तेजी से बढ़ते प्रकोप के बीच दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली वालों को भरोसा दिया है कि संक्रमण दर 30 फीसद के पार पहुंच गई है, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है।

अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या बहुत ज्यादा कम है और मौत भी बहुत कम है। इसलिए लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। दिल्ली सरकार की तरफ से सारी व्यवस्थाएं दुरूस्त हैं। अस्पतालों में बेड्स और आईसीयू बेड्स की भी कोई कमी नहीं है। बस जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करना है। अगर जरूरत पड़ेगी तभी पाबंदियों को बढ़ाएंगे।

लेकिन अगर कोरोना के मामले कम होने लगे, तो पाबंदियों को कम भी करेंगे। ज्ञात हो कि दिल्ली में लगातार कोरोना के मामले बढ़ रहे है। दिल्ली सरकार लगातार लोगों से अपील कर रही है कि राजधानीवासी किसी भी दशा में पैनिक न करें।



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

# कोविड संक्रमितों के घर से कूड़ा उठाने के लिए विशेष इंतजाम

● दक्षिणी निगम के सभी 104 वार्डों में बायोमेडिकल वेस्ट उठाने को लगाए ऑटो टिप्पर

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने कोरोना संक्रमितों के घरों से बायोमेडिकल कूड़ा उठाने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। बायोमेडिकल कूड़ा उठाने के लिए निगम ने प्रत्येक वार्ड में ऑटो टिप्पर तैनात किए हैं जो संक्रमितों के घर से बायोमेडिकल वेस्ट इकठ्ठा करके ओखला स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट में निस्तारित किया जाएगा। यह जानकारी दक्षिणी दिल्ली के महापौर मुकेश सुर्यान ने शुक्रवार को दी। महापौर सुर्यान ने बताया कि 1 जनवरी से 13 जनवरी तक दक्षिणी निगम ने अपने सभी चारों क्षेत्रों से लगभग 750 किलोग्राम बायोमेडिकल कूड़ा उठा कर ओखला स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट में निस्तारित किया है।

महापौर ने बताया कि कोरोना संक्रमितों को बायोमेडिकल कूड़े का निस्तारण करने में किसी भी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े इसके लिए दक्षिणी निगम ने सभी क्षेत्रों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। इके साथ ही हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं।

ताकि नागरिक फोन करके अपना कूड़ा उठवा सकते हैं। सभी चारों क्षेत्रों के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर निम्न प्रकार से हैं- दक्षिणी क्षेत्र- 01140988800, पश्चिमी क्षेत्र- 01149506548, मध्य क्षेत्र- 7290041009 और नजफगढ़ क्षेत्र- 8010863863 ये निम्न नंबर है। लोग आसानी से इन नंबरों पर अपना कूड़ा उठवा सकते है।

# जनता त्रस्त, केजरीवाल प्रचार में व्यस्त : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पंजाब दौरे को लेकर निशाना साधा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में जिस तरह से कोरोना केस बढ़ रहे हैं वह चिंताजनक है। लेकिन केजरीवाल सरकार द्वारा सिर्फ यह सोचकर कि यह बढ़ता संक्रमण ज्यादा खतरनाक नहीं है और हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाना अपनी जिम्मेदारी से पीछा छुड़ाना है।



आदेश गुप्ता ने कहा कि कोरोना का नए ओमीक्रोन वैरिएंट प्राणघातक नहीं है लेकिन, खुद दिल्ली सरकार इस बात को मानती है कि इस महीने कोविड-19 महामारी की तीसरी लहर चरम पर होगी। तो कोरोना से निपटने के लिए सरकार ने बातों के अलावा जमीन पर क्या कुछ काम किया है इसपर स्पष्टीकरण दें और यह बेहद जरूरी है कि कोरोना के इलाज में सभी मूलभूत जरूरतों का एक बार आत्ममंथन किया जाए। गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल खुद कोरोना पॉजिटिव थे, आज पंजाब में जाकर घर-घर अभियान चला रहे हैं।

यानी दिल्ली में कोरोना फैलाने के बाद अब केजरीवाल पंजाब में कोरोना फैलाने में लगे हुए हैं क्योंकि उनके साथ अन्य पदाधिकारियों के मुंह पर मास्क तक नहीं है। आज दिल्ली में लगभग हर चीजों पर पाबंदी है। बाजार, स्कूल, कॉलेज और निजी कार्यालय एवं संस्थान बन्द हैं। यहां तक की रोजमर्रा की जरूरत के लिए खुलने वाली दुकानों में भी ऑड-इवन लागू किया गया है। जबकि उसपर भी सरकार ने अपनी नीति स्पष्ट नहीं की है। क्योंकि ऑड इवन लागू होने के बावजूद बाजारों में भीड़ कम नहीं हो रही।

# अभी घना कोहरा कर सकता है परेशान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



● शुक्रवार की सुबह दृश्यता घटकर 50 मीटर रह गई थी

राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को घना कोहरा छाने से दृश्यता घट कर 50 मीटर हो गई, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, घने कोहरे के कारण सफदरजंग व पालम में दृश्यता 50 मीटर रह गई।

आईएमडी के अनुसार, शून्य से 50 मीटर के बीच दृश्यता होने पर कोहरा 'बेहद घना', 51 से 200 मीटर दृश्यता के बीच 'घना', 201 से 500 के मीटर दृश्यता के बीच 'मध्यम' और 501 से 1000 के बीच दृश्यता होने पर कोहरे को 'हल्का' माना जाता है। मौसम विभाग ने अगले चार दिन तक दिल्ली में घना से मध्यम कोहरा छाने का पूर्वानुमान लगाया है। विभाग के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम, छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान के 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। शहर में, हवा में आर्द्रता का स्तर अधिक होने के कारण वायु गुणवत्ता और खराब हो गई। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बृहस्पतिवार शाम चार बजे 321 था, जो शुक्रवार को सुबह नौ बजे 352 हो गया।

## संक्षिप्त समाचार



मकर संक्रांति के अवसर पर हवन पूजन का कार्यक्रम।

### धर्मयात्रा महासंघ के स्थापना दिवस पर हवन पूजन

**नई दिल्ली।** धर्मयात्रा महासंघ के 28 वें स्थापना दिवस और मकर संक्रांति के अवसर पर हवन पूजन का कार्यक्रम केन्द्रीय कार्यालय दीन दयाल उपाध्याय मार्ग में आयोजित किया। कोरोना नियमों का पालन करते हुए सीमित संख्या व वर्चुअल रूप से देशभर की समितियों के द्वारा हवन पूजन में सहभागिता रही। इस अवसर पर विहिप के अंतराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार, व कोटेश्वर, धर्मयात्रा महासंघ राष्ट्रीय कार्यकारिणी से प्रमोद अग्रवाल, नरेन्द्र बिंदल, सुनील शर्मा, हितेन्द्र संगल, ओमप्रकाश गोयनका, ओमप्रकाश सर्राफ, संजीव शर्मा, पवन गोयल उपस्थित रहें। इस अवसर प र कोटेश्वर ने कहा भारत की आत्मा तीर्थों में वास करती है, तीर्थो का विकास ही भारत का विकास है। यह आज केन्द्र सरकार की नीतियों द्वारा भी सार्थक हो रहा हैं। धर्मयात्रा महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने आगामी तथा वर्तमान में चल रहे महासंघ के कार्यक्रमों के विषय में सभी को विस्तार से बताया।

### एबीवीपी का सदस्यता अभियान आज से

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दिल्ली प्रदेश अपने सदस्यता का दूसरा चरण 15 से 19 जनवरी तक चलाएगी। सदस्यता का दूसरा चरण प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए होगा। कोरोना काल के चलते , यह सदस्यता अभियान इस वर्ष ऑनलाइन और नि:शुल्क रहेगा। इसका मकसद एबीवीपी का छात्रों के बीच जाना। साथ ही संगठन के उद्देश्य तथा कार्यप्रणाली से अवगत करवाना है। सदस्यता का प्रथम चरण सितंबर 2021 में हुआ था जिसमें, नगर एवं महाविद्यालय, दोनों ही स्तर पर 30 हजार से अधिक छात्र जुड़े थे। दिल्ली के प्रांत मंत्री सिद्धार्थ यादव ने कहा सदस्यता अभियान का दूसरा चरण 15 जनवरी से प्रारंभ हो रहा है। उन्हें भरोसा है कि प्रथम वर्ष में दाखिला पाने वाले सभी छात्र विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन से जुड़ कर देश हित में कार्य करेंगे।

### पत्नी-सास की हत्या: पांच साल की सजा बरकरार

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति को उसकी पत्नी और सास पर कुल्हाड़ी से हमला कर उनकी हत्या की कोशिश के मामले में सुनाई गयी पांच साल कारावास की सजा को कायम रखा। न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता ने भारतीय दंड संहिता की धारा 307 के तहत दर्ज मामले में दोषी ठहराये जाने के फैसले के खिलाफ व्यक्ति की अपील को खारिज कर दिया और कहा कि घटना में इस्तेमाल हथियार, चोट की प्रकृति और दोनों घायल पीड़ितों के बयान को देखते हुए अभियोजन पक्ष इस मामले को साबित करने में सफल रहा है। न्यायमूर्ति गुप्ता ने कहा कि अपीलकर्ता के दोषसिद्धि के फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई मामला नहीं बनता।

### अंसल बंधुओं की सजा स्थगित नहीं हो: पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने उच्च न्यायालय में दलील दी कि उपहार सिनेमा अग्निकांड से संबद्ध साक्ष्य से छेड़छाड़ के मामले में दोषी करार दिये जाने के बाद रियल एस्टेट कारोबारी सुशील एवं गोपाल अंसल के बेकसूर होने की धारणा उनके पक्ष में नहीं रह जाती है। साथ ही, पुलिस ने यह भी कहा कि उनकी सात साल की कैद की सजा स्थगित नहीं की जानी चाहिए। विशेष सरकारी वकील दायन कृष्णन ने न्यायमूर्ति सुब्रमणियम प्रसाद से कहा कि महत्वपूर्ण दस्तावेजों के क्षतिग्रस्त होने की वजह से अभियोजन को मामले में अन्य द्वितीयक साक्ष्य जुटाने पड़े, जिसकी वजह से अदालती कार्यवाही में काफी देर हुई।

# देश के मेंटर को बोर्ड में जोड़ने से पहले होगा साइकोमीट्रिक मूल्यांकन

● नौवीं से 12वीं कक्षा के बच्चों को समर्पित कार्यक्रम में संवारा छात्रों का भविष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली सरकार के देश का मेंटर कार्यक्रम में शामिल सभी मेंटर को बोर्ड में लेने से पहले उनका साइकोमीट्रिक मूल्यांकन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सिसोदिया ने यह टिप्पणी राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा उठाई गई आपत्ति के जवाब में की। आयोग ने बच्चों के अज्ञात लोगों के संपर्क में आने और अपराध तथा दुर्व्यवहार की आशंका पर चिंता जताते हुए कार्यक्रम को स्थगित करने की मांग की गई थी। उपमुख्यमंत्री ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमने कार्यक्रम की संरचना तय करते समय इन विषयों पर अत्यधिक ध्यान दिया है। कार्यक्रम के तहत, सभी महिला छात्रों को महिला सलाहकार आवंटित किया जाता है, जबकि सभी पुरुष छात्रों को पुरुष सलाहकार आवंटित किए जाते हैं। कार्यक्रम के तहत संरक्षक के आवंटन के लिए छात्रों के वास्ते माता-पिता की सहमति अनिवार्य कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि उन सभी लोगों का साइकोमीट्रिक मूल्यांकन किया जा रहा है जो मेंटर के रूप में सहभागिता के लिए आगे आए हैं और केवल परीक्षा पास करने वालों को छात्र/छात्राएं आवंटित की जा रही हैं।

'देश का मेंटर' कार्यक्रम पिछले साल अक्टूबर महीने में शुरू किया गया था। इसके तहत नौवीं से 12वीं कक्षा के बच्चों को समर्पित 'मेंटर', उनके करियर एवं जीवन के संदर्भ में मार्गदर्शन देंगे। इस कार्यक्रम के ब्रांड एम्बेसडर बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद हैं। इसके तहत मेंटर को सरकारी स्कूल के 10 छात्रों को गोद लेने卐 की आवश्यकता होती है। मेंटर की भूमिका अपने संबंधित क्षेत्रों में सफल नागरिकों द्वारा निभाई जाती है जो इन छात्रों का मार्गदर्शन करते हैं।

एनसीपीसीआर का कहना है कि इस कार्यक्रम से बच्चों को कुछ खतरों का सामना करना पड़ सकता है। पिछले महीने आयोग ने दिल्ली के मुख्य सचिव को पत्र लिखा था और इस सप्ताह की शुरुआत में उसने फिर से पत्र लिखकर कहा था कि जो जवाब उसे मिला है उसमें उपयुक्त तथ्य मौजूद नहीं हैं।

## साजिश के तहत रोका गया मेंटर कार्यक्रम : सिसोदिया

नई दिल्ली। दिल्ली के सरकारी स्कूल के बच्चों का करियर संवारने वाले देश के मेंटर कार्यक्रम को साजिश के तहत रोका जा रहा है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा को शिक्षा का दुश्मन बताते हुए कहा कि देश के मेंटर कार्यक्रम की सफलता से वह घबरा गई है। जिसके चलते वह अपने ही कार्यकर्ता से शिकायत करा दिल्ली के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले लाखों बच्चों का करियर संवारने वाले कार्यक्रम को बंद करा रही है।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को कहा कि इस कार्यक्रम को रोकने के लिए भाजपा ने बेहद हास्यास्पद आधार बनाया हैञ भाजपा का कहना है कि पहले स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का पुलिस वेरिफिकेशन करवाया जाए उसके बाद उन्हें करियर बनाने का टिप्स दें7 सिसोदिया ने कहा कि आईआईटी, आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में पढने वाले युवा बच्चों के करियर को संवारने में मदद कर रहे हैं लेकिन भाजपा का मानना है कि इससे साइबर क्राइम और चाइल्ड ट्रैफिंग बढ़ेगा7 दरअसल भाजपा देश के युवाओं को अशिक्षित रख धर्म और जाति के झगड़ों में उलझाए रखना चाहती है7 वो ना तो खुद शिक्षा पर काम करती है और ना ही केजरीवाल सरकार को करने दे रही है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब परिवार के बच्चे अपने करियर के लिए पढ़े-लिखे युवाओं से गाइडेंस और मेंटरिंग पाकर कुछ बेहतर कर सके ये बात भाजपा के लिए असहनीय हो गई है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी बनाने की मुहिम शुरू

## प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल के आग्रह पर ओपी धनखड़ ने जूट के बैग लांच कर की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पर्यावरण** में सुधार की दिशा में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा की ओर से एक बार फिर से अभियान शुरू किया गया है। कपड़े के थैले वितरित करके लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने के लिए जागरुक किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के आग्रह पर कोविड प्रोटोकॉल के बीच इस अभियान की विधिवत शुरुआत शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने की।

इस अवसर पर नवीन गोयल ने कपड़े का थैला प्रदेश अध्यक्ष



**सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करके कपड़े के थैले अपनाने के अभियान की शुरुआत करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, साथ में नवीन गोयल।**

ओमप्रकाश धनखड़ को सौंपते हुए इस अभियान का श्रीगणेश किया। थैले पर जागरुकता के स्लोगन-हम सबके लिए है जरूरी-सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी..।आओ नई अलख जगाएं-गुरुग्राम को स्वच्छ बनाएं..। हम सबने ठाना है-गुरुग्राम को सफाई में देश के टॉप-10 शहरों में लाना है। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि देश को सिंगल यूज

### हमारे जीवन के लिए घातक है यह प्लास्टिक

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि विभाग का यह अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। सिंगल यूज प्लास्टिक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह प्लास्टिक हमारे जीवन के लिए घातक है। सिंगल यूज प्लास्टिक में ऐसा केमिकल पाया जाता है, जो ना सिर्फ इंसानों, बल्कि पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने बताया कि पॉलीथीन तो 400 साल तक नष्ट नहीं होती।

प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार व्यापक पैमाने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण विभाग पर्यावरण बचाने की दिशा में अपने गठन से ही लगातार काम कर रहा है। संगठन ने पूरी निष्ठा के साथ प्रदेश में काम किया है। कपड़े के थैलों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने के प्रति जागरुकता का अभियान काबिले तारीफ है।

# जनता को हर सुविधा उपलब्ध कराना ही प्राथमिकता: सुधीर सिंगला



**गुरुग्राम के पटेल नगर में लोगों से मुलाकात करते विधायक सुधीर सिंगला।**

**गुरुग्राम।** विधायक सुधीर सिंगला ने शुक्रवार को पटेल नगर गली नंबर-3 में पहुंचकर लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनीं और मौके पर ही अधिकारियों को समाधान के आदेश दिए। पटेल नगर गली नंबर-3 में बिजली संबंधी समस्या लोगों ने बताई।

उन्हें अवगत कराया गया कि यहां पर बिजली की तारें काफी नीचे हैं, जिस कारण यहां लोगों में भय रहता है। खतरा रहता है। इसलिए तारों को ऊंचा करवाया जाए। साथ ही यहां एक नया खंभा भी लगाया जाए। विधायक सुधीर सिंगला ने तुरंत ही बिजली विभाग के एक्सईएन को इस समस्या से अवगत कराते हुए जल्द से जल्द समाधान के आदेश दिए। इसके अलावा अन्य लोगों द्वारा रखी गई समस्याओं को भी उन्होंने सुना और निराकरण किया।

इस अवसर पर विनायक शर्मा, दीपक सिंगला, मनीष पार्षद, सुनील यादव, अमित गोयल, आरपी सिंह, कपिल अग्रवाल समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। विधायक सुधीर सिंगला ने इस दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि वे क्षेत्र में लोगों से मुलाकात के लिए आए हैं। इस दौरान लोगों की समस्याएं भी सुनी और उनका समाधान किया है। उन्होंने कहा कि जनता को सुविधा देना ही उनकी प्राथमिकता है। दोपहर तक उन्होंने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी। इनमें सेक्टर-56 की तरफ पानी की समस्या थी।

# मार्डन कांवेंट स्कूल में लोहड़ी व मकर संक्रांति की रही धूम

**सोहना।** सोहना खंड के नयागांव मारूति कुंज के श्याम कुंज स्थित मार्डन कान्वेट स्कूल प्रांगण में लोहड़ी उत्सव व मकरसंक्रांति के उपलक्ष्य में वर्चुअल तरीके से कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यालय के निर्देशक अमित तुंदवाल के अनुसार आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्रेम कुंज के अध्यक्ष श्योचंद मौजूद रहे।

इस मौके पर प्रेम कुंज के अध्यक्ष श्योचंद तथा युवा समाजसेवी अमित तुंदवाल ने उपस्थितों को लोहड़ी व मकरसंक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि ये दोनों ही त्योहार हर्ष, उमंग व सदभाव के प्रतीक हैं। लोहड़ी शब्द लोहिणी से बना है, जिसका तात्पर्य वर्षा होना व फसलों का फूटना है। उन्होंने देहाती भाषा में प्रचलित एक लोक पंक्ति को गुनगुनाते हुए कहा कि अगर लोहड़ी के समय वर्षा ना हो तो कृषि को नुकसान होता है। मनुष्य की जिंदगी में तीज-त्योहार, हर्ष और उमंग का वातावरण बनाते है। लोहड़ी पर देर रात तक ढोलक की आवाज ढोल के फड़कते ताल, गिददों, भगड़ों की धमक और गीतों की आवाज देर रात तक सुनाई देती है।

# संक्षिप्त समाचार

## मकर संक्रांति पर ठाकुर रतिराम फाउंडेशन ने बांटे कम्बल

**गुरुग्राम।** ठाकुर रतिराम फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को मकर संक्रांति के अवसर पर वजीरपुर गांव में जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए गए। यहां 450 लोगों को कम्बल दिए गए। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व पर गरीबों की सेवा करने के उद्देश्य से ठाकुर रतिराम फाउंडेशन के निदेशक राजेश चौहान ने बताया कि फाउंडेशन समय-समय पर असहाय लोगों की जरूरत पर काम करता रहता है। इसी कड़ी में कम्बल वितरण किया गया। समाज के ऐसे लोग जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनकी हर तरह से मदद करना ही इस संस्था का मुख्य उद्देश्य है। भविष्य में भी समाजसेवा का यह कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि गरीबों, जरूरतमंदों की सेवा में संस्थाओं को सदैव आगे रहना चाहिए। सर्दी के मौसम में वंचित लोगों की सहायता करनी चाहिए। गर्म वस्त्र आदि देकर उन्हें सम्मानित करके सर्दी से बचाने की दिशा में काम करें। इस अवसर पर वजीरपुर गांव के सरपंच प्रदीप, प्रमोद चौहान, मनोज शर्मा, हर्ष चौहान एवं कंवर सिंह समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



**गुरुग्राम के गांव वजीरपुर में कंबल वितरित करते ठाकुर रतिराम फाउंडेशन के सदस्य।**

## कांग्रेसियों ने लोहड़ी व प्रियंका का जन्मदिन मनाया: लोहिया

**सोहना।** यहां पर कांग्रेस से जुड़े कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी बढ़ेरा के जन्मदिवस को युवा शक्ति दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि सोहना विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन लोहिया मौजूद रहे। कांग्रेस नेता सचिन लोहिया ने उपस्थितों को लोहड़ी व मकरसंक्रांति पर्व के साथ-साथ गणतंत्र दिवस की अग्रिम बधाई दी और कहा कि आज देश दोबारा से कांग्रेस की तरफ निहार रहा है। भाजपा की सरकार जुमले वाली सरकार बनकर रह गई है। भाजपा ने चुनावों में जो वादे किए थे, उन वादों के विपरीत जनविरोधी नीतियां बनाई जा रही है। जिससे आज आमजन त्राहि-त्राहि कर रहा है। छत्तीस बिरादरी के लोग परेशान हैं। कांग्रेस नेता सचिन लोहिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार को जमकर आड़े हाथ लिया और कहा कि 56 इंच चौड़ा सीना होने का दावा करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार में सरहद पर जितने जवान शहीद हुए हैं, उतने कांग्रेस राज में 40 वर्षों में भी नहीं हुए थे। उन्होंने भाजपा सरकार को डींग का पिटारा और जुमले वाली सरकार बताकर खिल्ली उड़ाते हुए कहा कि देश को सही मायने में कांग्रेस पार्टी ही चलाने में पूरी तरह सक्षम है। कांग्रेस के नेताओं ने देश की एकता और अखंडता के लिए शहादत दी है।

## एसडीएम ने बूस्टर डोज लगवाकर अभियान की शुरुआत की



**सोहना।** नागरिक अस्पताल के तत्वावधान में एसडीएम और तहसील परिसर में बूस्टर डोज लगान के लिए कैंप लगाएं गए। शुक्रवार को एसडीएम ने स्वयं को बूस्टर डोज लगाकर अभियान की शुरुआत की। शुक्रवार को फ्रंट लाइन कर्मचारी और अधिकारियों को लगने वाली कोरोना की बूस्टर डोज अभियान में एसडीएम व तहसील कार्यालय में कैंप लगाएं गए। जहां पर एसडीएम व तहसील कार्यालय में तैनात कर्मचारी और अधिकारियों ने बूस्टर डोज लगवाई। एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने स्वयं सबसे पहले बूस्टर डोज का टीका लगवाते हुए अभियान की शुरुआत की। उसके बाद यहा पर तैनात कर्मचारियों ने बूस्टर डोज का टीका लगवाया। तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार लच्छीराम का स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण बूस्टर का टीका दो से तीन दिन के लिए टाल दिया। तहसील कार्यालय में अन्य कर्मचारी समेत अधिवक्ता, अजनवीस आदि ने टीका लगवाया। इस अवसर पर एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बताया कि टीका नियमित रुप से अभियान चलाकर लगाएं जा रहे है। बूस्टर डोज से पहले पहली और दूसरी डोज के टीका लगवाना हर नागरिक को जरुरी है। कोरोना की बीमारी को हराने के लिए सबसे बड़ी उपाय यही है। टीका न लगवाने वालों को भविष्य में सरकार के आदेशानुसार लाभार्थ वाली योजनाओं से दूर होना पड़ सकता है। वर्तमान समय में सरकार के आदेशानुसार सर्वजनिक स्थानों पर जाना, बस या रेल में यात्रा करने पर भी पाबंदियां लगती जा रही है।

## बिना अतिक्रमण हटाए बैरंग वापस लौटा दस्ता

**सोहना।** अतिक्रमण हटाने वाले मसले पर मार्किटकमेटी प्रशासन और स्थानीय व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज बजरंगी आमने-सामने हो गए। इस मौके पर अतिक्रमण हटाने को लेकर अतिक्रमण हटाओ दस्ते के प्रभारी और स्थानीय व्यापारमंडल संघ के प्रधान मनोज बजरंगी में जमकर कहासुनी हुई। जिसके चंद देर बाद ही फोन खटकने शुरू हो गए और अतिक्रमण हटाओ दस्ता बिना अतिक्रमण हटाए वापस बैरंग लौट गया। व्यापारी नेता ने आरोप लगाया कि अधिकारी अतिक्रमण हटाने के नाम पर आम जनमानस के बीच सरकार की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। पहले ही व्यापारी तबका कोरोना की तीसरी लहर और मंदे की मार से जूझ रहा है तो मार्केकमेटी प्रशासन हाथरेहड़ी, पटरी, ठेली वालों को हटाकर उनके पेट पर लात मारने का काम कर रहा है।

# साइबर कैफे, पीजी में रुकने वालों का रिकॉर्ड हो दुरुस्त

**गुरुग्राम।** गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर गुरुग्राम के जिलाधीश एवं उपायुक्त डा. यश गर्ग ने जिला में साइबर कैफे संचालकों, पीजी, गेस्ट हाउसेज, होटलों, हाउस ऑनरर्स और अन्य कार्यालयों को अपने यहां आने वाले किराएदारों, नौकरों, विजिटरों व मेहमानों का रिकॉर्ड उनके आईडी प्रूफ के साथ रखने के आदेश दिए हैं।

दंड प्रक्रिया अधिनियम की धारा 144 के तहत किए गये निषेधाज्ञा के ये आदेश जिला गुरुग्राम में 20 जनवरी से लेकर 26 जनवरी 2022 तक प्रभावी रहेंगे। इन आदेशों में जिला में सार्वजनिक स्थानों पर लाइसेंसी हथियार धारकों को हथियार लेकर चलने पर भी पाबंदी लगायी गयी है। आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# किसान सम्मान योजना: आज पंजीकरण की अंतिम तिथि

## मुख्यमंत्री प्रगतिशील किसान सम्मान योजना के तहत दिए जाएंगे पुरस्कार

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा मुख्यमंत्री प्रगतिशील किसान सम्मान योजना का शुभारंभ किया गया है। योजना के तहत प्रगतिशील किसानों को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए कृषि विभाग की वेबसाइट पर स्वयं का पंजीकरण कराना होगा, जिसकी शनिवार को अंतिम तिथि है।

डीसी डॉ. यश गर्ग ने बताया कि कृषि फसलों की उच्च उत्पादकता प्राप्त करने के साथ-साथ पानी की बचत, फसल अवशेष प्रबंधन, जैविक खेती, एकीकृत कृषि प्रणालियों व टिकाऊ कृषि जैसी नवीनतम तकनीकी को अपनाने वाले किसानों को इस योजना के तहत पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक प्रगतिशील किसान मुख्यमंत्री प्रगतिशील किसान सम्मान योजना के तहत पुरस्कार प्राप्त करने के लिए 15 जनवरी, 2022 तक कृषि विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### जिला स्तर पर मिलेगा चार किसानों को सम्मान

**उन्होंने** बताया कि प्रगतिशील किसानों को राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार के रुप में पांच लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में दो किसानों को तीन-तीन लाख रुपये तथा तृतीय पुरस्कार के लिए पांच किसानों को एक-एक लाख रुपये नकद प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जिला स्तर पर भी किसानों को सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तरीय श्रेणी में सभी 22 जिलों से चार-चार किसानों को पुरस्कार दिया जाएगा।

# राजेश गुलिया बने पर्यावरण विभाग के प्रदेश सह-संयोजक

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने प्रदेश अध्यक्ष से मंत्रणा करके पार्टी में सक्रिय युवा नेता राजेश गुलिया को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा का सह-संयोजक नियुक्त किया है।

प्रदेश सह-संयोजक बने राजेश गुलिया ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, विभाग प्रमुख नवीन गोयल, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ समेत प्रदेश के शीर्ष नेताओं का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे सदा खरे उतरेंगे। पार्टी की मजबूती के साथ पर्यावरण में सुधार की दिशा में निरंतर काम करेंगे। प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल के मार्गदर्शन में वे गुरुग्राम समेत प्रदेश में विभाग के कार्यों को पूरी तनमयता के साथ करेंगे।

# कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार, रेंगते हुए चले वाहन



**सोहना की सड़कों पर शुक्रवार को कोहरे के कारण धीरे चलते वाहन।**

**सोहना।** शुक्रवार को छाए कोहरे ने वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दी। गुरुवार की देर रात से शुरु हुआ कोहरा शुक्रवार की सुबह 11 बजे तक रहा। जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानियां हुईं।

इस वर्ष की सर्दी के मौसम में गुरुवार की देर रात से कोहरे ने अपना रूप दिखाना शुरु कर दिया। कोहरे ने सड़कों पर फर्राटें भरने वाले वाहनों की गति को ब्रेक लगा दी। वाहन चालकों को कोहरे में काफी परेशानियां हुई। रात भर वाहन सड़कों पर रेंग-रेंग कर चलते रहे। कोहरे का सबसे ज्यादा असर ग्रामीण क्षेत्र में रहा। जहां पर दो कदम सामने का रास्ता तक नजर नहीं आ रहा था। ग्रामीणों को पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा था। ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर किसानों को अपने खेत से घर व घर से खेतों पर वाहन लेकर जाते तथा आने में परेशानियां हुई।

### सर्दी की ठिठरन रही कम

**कोहरा** पड़ने से शुक्रवार को सर्दी की ठिठरन कम रही। पिछले तीन दिन से हाड़कंपा देने वाली सर्दी पड़ने से लोगों को खांसी, जुखाम व बुखार होने से बीमारी की चपेट में आ रहे हैं।

# चारा दान देकर मनाया संक्रांति पर्व

**गुरुग्राम।** मकर संक्रांति पर्व हमारी संस्कृति एवं परम्पराओं से जुड़ा है। इस दिन दान-दक्षिणा भी देने की प्रथा है। इसी प्रथा को निभाते हुए पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने 18 मंदिरों में देसी घी निर्मित खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया।

अपनी पंजाबी संस्कृति एवं सभ्यता और भाईचारे का सन्देश भेजा और पंजाबियत को बरकरार रखने के लिए युवा वर्ग को एकता का सन्देश दिया। खिचड़ी वितरण का कार्यभार अनिल कुमार ने संभाला। इस कार्यक्रम में ब्रिज खन्ना ने आर्थिक सहयोग किया। शहर के प्रसिद्ध मंदिरों के अलावा पालम विहार स्थित कामधेनु गौशाला में जाकर पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी



**गुरुग्राम के पालम विहार स्थित कामधेनु गोशाला में चारा व अन्य सामान भेंट करते पंजाबी बिरादरी महासंगठन के सदस्य।**

की अध्यक्षता में वहां चारा, गुड़ और रोजमर्रा में दी जाने वाली गायों की खाने की एक लाख रुपये की सामग्री दान दी। इस अवसर पर बिजनेसमैन ओम कथूरिया, प्रसिद्ध आर्य समाजी कन्हैया लाल आर्य, केन्द्रीय सनातन धर्म सभा के प्रधान सुरेन्द्र खुल्लर, संगठन के महा मंत्री रामलाल ग्रोवर, सीबी मनचंदा, यदुवंश चुग, एम कुमार, विजय बाटला, सुभाष डुडेजा, रामकिशन गांधी, विकास आर्य, धर्मेन्द्र बजाज, रमेश कामरा, राजकुमार कथूरिया आदि उपस्थित रहे।

# बिना मास्क चालान काटने का अभियान कछुआ गति से रेंग रहा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** नगर परिषद और पुलिस का मास्क न लगाने वालों के खिलाफ चालान काटने का अभियान धीमी गति से चल रहा है। एक दिन में मात्र 10 से 15 चालान काटे जा रहे हैं। जबकि शहर के बाजारों में उमड़ रही भीड़ में 40 से 50 फीसदी ग्राहक व दुकानदार मास्क का उपयोग नहीं कर रहे है।

शहरी क्षेत्र में कोरोना की तीसरी लहर ओमीक्रोन का प्रकोप भले ही कम असरदार है, लेकिन कोरोना नियमों की 50 फीसदी लोग ही पालना कर रहे है। शहर में मास्क न लगाने वालों के चालान पुलिस और नगर परिषद सयुक्त रुप से चला रही है।



**बिना मास्क वालों के चालान काटते सोहना के नगर परिषद के कर्मचारी।**

लेकिन यह अभियान धीमी गति से चल रहा है। क्योकि एक दिन में 10 से 15 चालान ही काटकर खानापूर्ति की जा रही है।

**बाजार में उमड़ रही है भीड़** : सुबह 4 बजे शुरु होने वाली सब्जी मंडी से लेकर सायं 6 बजे तक शहर के बाजारों में लोगों की भीड़ पूर्व की भांति उमड़ रही है। शहर में भीड़ के होते हुए जाम लगने का माहौल आज भी नहीं बदला है। इस भीड़ में 40 से 50 फीसदी लोग मास्क का उपयोग नहीं कर रहे है। जिसमें दुकानदार भी मास्क न लगाने वालों में शामिल है।

> “ **मास्क** न लगाने वालों को जागरुक किया जा रहा है। चालान काटने से ज्यादा आम लोगों को कोरोना नियमों के प्रति जागरुक करना जरूरी है। धीरे-धीरे चालान काटने की संख्या में भी बढ़ोत्तरी की जाएगी।
>
> **उमेश कुमार**
> **( सिटी थाना प्रभारी )**

# कोरोना की तीसरी लहर पड़ रही परीक्षाओं पर भारी

**सोहना।** नया वर्ष शुरू होते ही कोरोना के मामलों में भी तेजी से रफ्तार देखी जा रही है।

इस दौरान स्कूलों की पढ़ाई और परीक्षाओं पर सबसे ज्यादा असर देखने को मिल रहा है। इतना ही नही वर्ष-2020 और वर्ष-2021 की फाइनल परीक्षाओं के साथ-साथ बोर्ड परीक्षाओं पर भी कोरोना का जबरदस्त प्रभाव पड़ा। देखा जाए तो हर वर्ष हरियाणा बोर्ड समेत सीबीएसई और आईसीएएसई बोर्ड में मिलेनियम सिटी के दसवीं व 12वीं कक्षा के करीब-करीब 40 हजार विद्यार्थी परीक्षाएं देते हैं, लेकिन पिछले दो वर्षों से अलग-अलग शिक्षा बोर्ड की तरफ से ली जाने वाली 10वीं-12वीं की परीक्षाएं भी नहीं हो पाई हैं।



# आलिया भट्ट है 'मेड ऑफ प्राइड'

## ब्लेंडर्स प्राइड ने एक नई आकर्षक कैंपेन फिल्म में पेश किया अपना नया ब्रांड एंबेसडर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ब्लेंडर्स** प्राइड एक आकर्षक कैंपेन फिल्म मेड ऑफ प्राइड के साथ आलिया भट्ट का नए ब्रांड फेस के रूप में स्वागत करता है।

यह कैंपेन फिल्म आलिया के कभी न थकने और कभी हार न मानने वाले रवैये और खुद का एक अलग व्यक्तित्व बनाने के प्राइड को प्रदर्शित करती है। वह चकाचौंध करने वाली रोशनी की चुभन का मुकाबला करती हैं, वह चुनौतियों का प्रतीक हैं और सफलता की राह में लगातार आलोचना का सामना करते हुई आगे बढ़ती हैं और सफलता हासिल करती हैं। अपने मजबूत इरादे और लगातार कुछ नया करने की धुन वाली यह एक्टर वास्तव में ब्रांड की फिलॉसफी को पेश करती है, जो इस बोल्ड एवं सशक्त कैंपेन के साथ एक नया मोड़



ले रही है। अपनी कैटेगरी में अग्रणी ब्लेंडर्स प्राइड, प्राइड को लेकर इस नए और दमदार के साथ एक बार फिर एक बेंचमार्क स्थापित कर रहा है। ब्रांड एक ऐसी नई आवाज के साथ एक नए सफर की शुरुआत कर रहा है, जो वायब्रेंट, एस्परेशनल और आधुनिक है। ब्लैक एंड व्हाइट इमेजरी से आकर्षक रंग में बदलाव ब्रांड के लिए एक नया कदम है, लेकिन इसके बाद भी यह अपनी प्रीमियम छवि को बरकरार रखता है। फिल्म की कहानी के जरिये, आलिया दर्शकों से कहती हैं कि, वाच आउट! आई एम हेयर तो स्ले, हिट मी विथ योर ब्राइटेस्ट लाइट। आई विल स्टेयर बैक। आई एम मेड ऑफ प्राइड। यह 360-डिग्री इंटीग्रेटेड कैंपेन टीवी, डिजिटल, प्रिंट और ओओएच में दिखाई देगा।

इस घोषणा के बारे में बताते हुए, पर्नोड रिकार्ड इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा, आलिया भट्ट की आज की युवा आइकन और हमारे फिल्म उद्योग में सबसे प्रतिभाशाली सितारों में से एक बनने की कहानी उन्हें ब्लेंडर्स प्राइड के हमारे नए ब्रांड एंबेसडर के लिए निस्संदेह सबसे अच्छा विकल्प बनाती है। हमारा नया कैंपेन आलिया के दमदार और मजबूत व्यक्तित्व को पेश करते हुए अपना एक खास मुकाम बनाने के गौरव का जश्न मनाता है। लॉन्च के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री आलिया भट्ट ने कहा, मैं ब्लेंडर्स प्राइड का फेस बनकर रोमांचित हूं और इस प्रभावशाली फिल्म का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं जो मेड ऑफ प्राइड की कहानी को खूबसूरती से पेश करती है।

अभियान पर अपनी बात रखते हुए, लोव लिंटास के चीफ क्रिएटिव आफिसर प्रतीक भारद्वाज कहते हैं, कि कैंपेन प्राइड और सक्सेस के बीच संबंधों को फिर से परिभाषित करता है। ब्लेंडर्स प्राइड के लिए, ट्रू प्राइड सिर्फ सफलता का परिणाम नहीं है। इसके बजाय, सफलता को संभालने के लिए यह एक शर्त है।


# राजपथ पर हरियाणवी खिलाड़ियों का इस साल दिखेगा जलवा


## दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होगी हरियाणवी खिलाड़ियों की झांकी

## ठीक पांच साल बाद शामिल हो रही है हरियाणा की झांकी

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



**वर्ष 2015 में गणतंत्र परेड में शामिल गुरुग्राम के सुल्तान बर्ड सेंचुरी की झांकी।**



**वर्ष 2017 में गणतंत्र परेड में शामिल हरियाणा की बेटी बचाओ बेटी पढाओ थीम की झांकी।**

**दुनियाभर** में अपनी पहलवानी व अन्य खेलों के माध्यम से डंका बजा चुका हरियाणा इस बार नई दिल्ली में राजपथ पर गणतंत्र दिवस की परेड में अपना जलवा दिखाएगा। ओलम्पिक में पदक विजेता हरियाणवीं खिलाड़ी गणतंत्र दिवस पर झांकी में शामिल होंगे। यानी राजपथ से हरियाणा एक बार फिर से अपनी खेल प्रतिभाओं को प्रदर्शित करेगा।

हरियाणा की ओर से गणतंत्र दिवस परेड के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस बार हरियाणा की थीम खेल पर ही रखी गई है। खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने जिस तरह से देश की शान बढ़ाई है, दुनियाभर में हमारे खिलाड़ी दमदार भूमिका में सामने आए हैं। टोक्यो ओलम्पिक खेलों में जब पदकों के लिए भारत तरस रहा था तो हरियाणा के खिलाड़ियों ने ही पदकों की तालिका को आगे बढ़ाया।

यहां तक कि भाला फेंक में खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने गोल्ड मेडल जीतकर दुनिया के सामने दिखा दिया कि हम सिर्फ पहलवानी ही मजबूत नहीं हैं, बल्कि बाकी खेलों में भी मजबूत हो रहे हैं। ओलम्पिक में पदक विजेता नीरज चोपड़ा के अलावा बजरंग पूनिया, रवि दहिया समेत अन्य खिलाड़ी गणतंत्र दिवस परेड पर प्रदेश की झांकी में सवार होकर दुनिया को दिखाएंगे कि हम किसी से कम नहीं। हरियाणा के खिलाड़ियों के राजपथ पर प्रदर्शन से देश के अन्य खिलाड़ी भी प्रेरित हों, यह प्रदेश और देश के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

**खेतों से शुरू हो जाती है पहलवानी** : हरियाणा के खेतों से लेकर नामी पहलवानों द्वारा संचालित किए जा रहे अखाड़ों में 10 साल से लेकर युवा पहलवानी करते नजर आते हैं। जब से अंतरराष्ट्रीय खेलों में हमारे पहलवानों ने मेडल लाने शुरू किए हैं, तब से तो कुश्ती का क्रेज बच्चों, युवाओं में काफी बढ़ गया है। देसां मैं देस हरियाणा जित दूध दही का खाणा की कहावत वाला हरियाणा पहलवानों की खान बन चुका है। पहलवान सिर्फ कुश्ती ही नहीं, बॉक्सिंग व अन्य खेलों में भी अपनी प्रतिभा दुनिया को दिखा रहे हैं। खेल चाहे राष्ट्रमंडल (कॉमनवेल्थ) हों, एशियन हों या फिर ओलम्पिक, हर चैम्पियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ी मेडल जीतकर आते हैं।

**श्रेष्ठ खिलाड़ी होंगे झांकी में सवार** : हरियाणा की झांकी में मेडल विजेता खिलाड़ी तो खड़े होकर जनता का अभिवादन स्वीकार करेंगे, वहीं पहलवान कुश्ती लड़ते नजर आएंगे। दौलताबाद स्थित पवनपुत्र अखाड़े के कोच राजेश ने बताया कि यहां से दो पहलवानों के नाम व कागजात भेजे गए हैं। फिर वे झांकी में कुश्ती करके दिखाएंगे।

**वर्ष 2015 में सुल्तान बर्ड सेंचुरी की थी झांकी**: राजपथ पर गणतंत्र दिवस परेड में वर्ष 2015 में 66वें गणतंत्र दिवस समारोह में भी प्रकृति को प्रदर्शित करती हरियाणा की झांकी ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया था। गुरुग्राम के गांव सुल्तानपुर के पास बर्ड सेंचुरी राष्ट्रीय उद्यान की थीम पर यह झांकी थी। विशालकाय पेड़ों पर पक्षियों के झुंड नजर आए थे। देशी-विदेशी पक्षियों की शरणस्थली सुल्तानपुर बर्ड सेंचुरी में हर साल विदेशी पक्षियों का आना लगा रहता है।

# बीके: पॉजिटिव के परिजन दे रहे कोरोना को बढ़ावा

कविता। फरीदाबाद

**बीके** अस्पताल में पॉजिटिव पाई जाने वाली महिला मरीजों के परिजन और अस्पताल प्रबंधन की तरफ से बरती जा रही लापरवाही के कारण कोरोना को फैलने का बढ़ावा दिया जा रहा है। अस्पताल में कोरोना पॉजिटिव महिलाओं और अन्य मरीजों व तीमारदारों द्वारा एक ही शौचालय का इस्तेमाल किया जा रहा है।

ऐसे में यहां कोरोना को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है। शहर में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। लेकिन इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन द्वारा एहतियात बरतने की जरूरत महसूस नहीं की जा रही है।

**ऐसे दे रहे बढ़ावा:** जिले के बीके सिविल अस्पताल में दाखिल दो महिलाओं की 12 जनवरी को कोरोना की रिपोर्ट पॉजिटिव आ गई थी। जिस पर उन्हें अस्पताल के प्रथम तल पर मौजूद जच्चा-बच्चा वार्ड के कमरा नम्बर 104 कोरोना वार्ड में तब्दील कर दाखिल कर लिया गया था। यहां दो पॉजिटिव महिला मरीजों के साथ उनके परिजन भी उनकी देखभाल करने के लिए मौजूद थे। लेकिन मरीजों के साथ मौजूद परिजन न तो दस्तानों का इस्तेमाल कर रहे थे और न ही कोरोना गाइडलाइन का पालन कर रहे थे। इस दौरान परिजन कई बार बाहर आना जाना करते भी नजर आए।




बीके अस्पताल में भर्ती पॉजिटिव महिलाओं के तीमारदार वार्ड के भीतर घूमते हुए।

**एक ही शौचालय:** अस्पताल के प्रथम तल पर एक ही शौचालय बना हुआ है। जिसका इस्तेमाल जच्चा-बच्चा वार्ड में दाखिल महिलाएं, गर्भवती महिलाएं और बच्चा वार्ड में भर्ती बच्चें व उनकी देखभाल करने वाले अभिभावकों समेत बच्चों की नर्सरी में भर्ती बच्चों की माताएं इस्तेमाल करती हैं। अब पॉजिटिव मरीज भी इसी शौचालयों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए पॉजिटिव मरीजों के लिए अलग शौचालय का इंतजाम करने की जरूरत है।

**अभी एक मरीज दाखिल :** 13 जनवरी, बृहस्पतिवार को इस वार्ड में एक ही महिला भर्ती थी। लेकिन यहां उसके पास ही उसकी एक रिश्तेदार भी उसके साथ मौजूद थी। वह उसके पास बैठी थी। बातचीत के दौरान परिजन ने पॉजिटिव मरीज को मोबाइल भी उसे दे दिया। इसके बाद मरीज की परिजन बच्चों की नर्सरी की तरफ चली गई। ऐसे में महिला की रिश्तेदार यहां से वहां कोरोना को फैलने का काम कर रही थी।

**रोकने का किया प्रयास:** जिले में बढ़ते मामलों को देखते हुए पायनियर संवाददाता की तरफ से इस विषय में जब वहां तैनात कर्मचारियों को बताया तो उन्होंने पॉजिटिव महिला मरीज की रिश्तेदार को वार्ड से बाहर का रास्ता दिखाते हुए उसे सावधानी बरतने की सलाह दी।

# हॉलीडे पैकेज के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

## गिरफ्तार चार आरोपी विभिन्न राज्यों में 55 वारदातों को दे चुके हैं अंजाम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार युवकों के साथ साइबर क्राइम फरीदाबाद की पुलिस टीम।

**हॉलिडे** पैकेज देने के नाम पर बैंक प्रतिनिधि बनकर लोगो से ठगी करने वाले एक गिरोह के चार सदस्यों को साइबर अपराध थाना ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शिकायतकर्ता मनोज कुमार निवासी जवाहर कॉलोनी से इसी तरह का झांसा देकर 98976 रुपये धोखाधड़ी से हड़प लिये। शिकायतकर्ता मनोज कुमार की शिकायत पर थाना साइबर अपराध ने मामला दर्ज किया था।

**ऐसे दिया वारदात को अंजाम:** आरोपी जस्ट डायल से डाटा खरीदकर बैंक के क्रेडिट कार्ड धारकों को एक कस्टमाइस एप के जरिये कस्टमर केयर के नंबर से बैंक प्रतिनिधि बनकर बात करके हॉलिडे पैकेज का झांसा देते थे। कार्डधारक आरोपियों को बैंक की कॉल समझ कर अपनी निजी जानकारी जैसे कि कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर और एक्सपाइरी डेट की जानकारी साझा कर देते। आरोपी उक्त क्रैडिट कार्ड की राशि को अपने बैंक अकाउंट में ट्रान्सफर करते थे।

पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने बढ़ते हुए साइबर अपराध के बारे में संज्ञान लेते हुए आरोपियों को पकडने के आदेश दिये थे। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय नितीश अग्रवाल के निर्देश पर एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण की देखरेख में निरीक्षक बसंत कुमार प्रबंधक थाना साइबर अपराध के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक प्रवीण, सहायक उप निरीक्षक दीपक, श्योराज, मुख्य सिपाही भूपेंद्र, मुख्य सिपाही अंजू, सिपाही आजाद, अमित, अंशुल कुमार की एक टीम का गठन किया गया। साइबर टीम ने अपने सूत्र व तकनीक का प्रयोग करते हुए उत्तमनगर दिल्ली, कायमगंज फरूखाबाद, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। जिसमें उत्तम सिंह निवासी मोहन गार्डन, उत्तम नगर दिल्ली, तुषार निवासी मोती नगर दिल्ली, मोहम्मद मुबीन अली निवासी अलीगंज, उत्तर प्रदेश और ताज अहमद निवासी कायमगंज, उत्तर प्रदेश शामिल है। पुलिस पूछताछ व जांच के दौरान आरोपियों से पता चला कि वे चार फर्जी बैंक खाते में पिछले छह माह में करीब 65 लाख रुपये का लेन देन कर चुके हैं। आरोपियों द्वारा दिल्ली, एनसीआर में 17, उत्तर प्रदेश में 15, तेलंगाना में नौ, महाराष्ट्र में तीन, पश्चिम बंगाल में दो गुजरात, असम, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में एक एक और हरियाणा में पांच बारदातों को अंजाम दिया है।

सभी आरोपियों से बरामद मोबाईल से डिटेल प्राप्त करने पर अन्य राज्यों में 55 वारदातों का किया जाना पाया गया है। हरियाणा के पांच मुकदमों में फरीदाबाद का एक, जीन्द व सिरसा का एक एक व करनाल के दो मुकदमें शामिल है। अन्य राज्यों में इन मामलों से सम्बंधित पुलिस थानों को साइबर थाना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि वारदात में प्रयोग किए गए 35 हजार रुपये, पीओएस मशीन, फर्जी कागजात बनने में प्रयुक्त एक कांप्यूटर, प्रिंटर, 17 मोवाइल फोन व 18 फर्जी सिम बरामद कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# अधिवक्ता परिषद ने मनाया मकर संक्रांति उत्सव




**फरीदाबाद।** अधिवक्ता परिषद जिला फरीदाबाद इकाई द्वारा मकर संक्रांति उत्सव लॉयर चैंबर बिल्डिंग में बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन फरीदाबाद के अध्यक्ष केपी तेवतिया विशिष्ट अतिथि जिला बार के महासचिव संदीप पाराशर एवं उपाध्यक्ष दीपू रावत थे

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पर्यावरण विभाग के विभाग प्रमुख एवं प्रांत कार्यकारिणी सदस्य एवं नगर संचालक एवं वशिष्ठ अधिवक्ता गोपाल दत्त शर्मा थे। गोपाल दत्त शर्मा ने कहा कि भारत देश की संस्कृति एवं लोक परंपराएं विश्व की अनुपम कृति हैं लोक आस्था एवं लोक विश्वासों ने पूरे देश को एकता के सूत्र में बांध रखा है मकर सक्रांति भगवान सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश के कारण प्रकाशवृत्ति के प्रतीक एवं समरसता का संदेश देने वाले संक्रमण उत्सव का नाम है।


इस त्योहार लोक आस्था एवं कृषक संस्कृति को समर्पित है। यह त्योहार समाज में आपसी सोहृदय एवं बंधुत्व की भावना को बढ़ावा देता है इस कार्यक्रम उसे राष्ट्रवादी कवि सौरव मुद्गल एवं लोक रागनी गायक नंदन कौशिक की रागनियां एवं काव्य पाठ ने कार्यक्रम में समा बांध दिया। अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर अधिवक्ता परिषद के रोहित अरोड़ा, कृपाराम, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# कोरोना: नए 1106 पॉजिटिव और 255 मरीज हुए नेगेटिव

## अस्पताल में 148 मरीज हैं भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को जिले में 1106 नए संक्रमित मरीज सामने आए है। जिससे जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 7571 पर पहुंच गया है। जिसमें अस्पताल में 148 मरीज भर्ती है। इनमें ऑक्सीजन पर 19 मरीज है। वहीं आईसीयू में 28 मरीजों को रखा गया है और वैंटीलेटर पर 5 मरीजों को रखा गया है। इसके अलावा 7471 मरीज होम आईसोलेशन में है। वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में 255 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली है। जिले में पिछले 24 घंटे के भीतर 4353 मरीजों ने जांच करवाई। जिसमें सरकारी में 3861 और निजी अस्पतालों की 1427 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है।



कोरोना की जांच करवाते लोग।

### 1106 पॉजिटिव

**जिले** में 1106 पॉजिटिव में सेक्टर-77 से 9, तिगांव से 6, अनंगपुर से 1, सेक्टर-49 से 37, इंदिरा कालोनी से 2, डबुआ कालोनी से 34, सेक्टर-82 से 22, सेक्टर-81 से 9, सेक्टर-84 से 13, सेक्टर-88 से 40, सेक्टर-86 से 44, सेक्टर-78, 76, कालोनी, एनएच-5 से 4-4 मरीज है। सेक्टर-21 से 56, सेक्टर-11 से 9, सेक्टर-10 से 8, सेक्टर-14 से 18, सेक्टर-15 से 36, सेक्टर-13 से 17, सेक्टर-9 से 13, सेक्टर-तीन से 8, सेक्टर-22 से 11, सेक्टर-12, सेक्टर-29 से 14, सेक्टर-7 से 9, ग्रीन फिल्ड कालोनी से 32, ग्रीन वैली से 5 और अन्य एरियों से 592 मरीज शामिल है।

## जांच में निर्दोष होने पर भी नहीं मिला न्याय

**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में कार्यरत शारीरिक शिक्षा विषय के सहायक प्रोफेसर विमल प्रकाश गौतम को पिछले डेढ़ साल से इसी महाविद्यालय में कार्यरत दो लोगों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। जिसके लिए वह उच्चतर शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों सहित पुलिस को अनेकों बार गुहार लगा चुके हैं। मगर स्थिति जस के तस बनी हुई है।

विमल प्रकाश ने बताया कि 2021 में एक असोसिएट प्रोफेसर को महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य का चार्ज दिया गया था। जिसके चलते उन्होंने अनेक बार उन्हें प्रताड़ित करने के उद्देश्य से पत्राचार किया और अपनी से झूठी शिकायत करवा कर विमल प्रकाश का तबादला नवम्बर, 2021 में कुरुक्षेत्र करवा दिया था। संबंधित शिकायत पर अम्ल करते हुए दिसम्बर, 2021 में महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा निष्पक्ष जांच करवाई गई, जिसमें विमल प्रकाश को निर्दोष पाया और उनके तबादले की सिफारिश की गई। वर्तमान प्राचार्य डॉ. मोहिंदर कुमार गुप्ता ने भी कई शिकायतें इन दोनों के विरुद्ध विभाग को भेजी हैं।

# होम आइसोलेशन में डॉक्टर की सलाह पर लें दवा मरीज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



डॉ. अनुराग अग्रवाल।

**जिले** में शुक्रवार को कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 1106 नए संक्रमित आने से एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 7571 पर पहुंच गया है। जिसमें होम आईसोलेशन में 7423 मरीज हैं। इन होम आईसोलेशन वाले मरीजों के लिए क्यूआरजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से इंटरनल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अनुराग अग्रवाल ने कुछ महत्वपूर्ण जानकारी दी है। जिसमें उनका का कहना है कि होम आइसोलेशन में मरीज बिना चिकित्सक की सलाह के कोई भी दवा न लें। कोरोना संक्रमित लोगों को होम आइसोलेशन में तीन वर्गों में बांटा गया है।

पहली श्रेणी में बिना लक्षण वाले लोग हैं। दूसरी श्रेणी में हल्के लक्षणों के साथ हाई रिस्क मरीज हैं। हल्के लक्षण वाले हाई रिस्क मरीजों को आमतौर पर अस्पताल में भर्ती होने के लिए कहा जाता है। अगर उनमें केवल हल्के ही लक्षण हैं लेकिन हाई रिस्क (बुजुर्ग लोग, हृदय, हाई बीपी, शुगर, कमजोर फेफड़ों, किडनी, कैंसर, एचआईवी के मरीज) श्रेणी में आते हैं तो उन्हें होम आइसोलेशन में दवाइयां भी दी जाती हैं। खासकर हल्के लक्षण के साथ हाई रिस्क मरीज जिन्हें कोविड से ज्यादा खतरा हो सकता है, उन्हें एंटीवायरल दवा मोलनुपिरावि दी जा रही है। बिना लक्षण वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की दवाई की सलाह नहीं दी जाती है। तीसरी श्रेणी, जिन लोगों में लक्षण हैं लेकिन हाई रिस्क मरीज नहीं हैं, उन्हें लक्षण के आधार पर ही दवाइयां दी जाती हैं जैसे बुखार के लिए क्रोसिन या कैलपोल और ताकत की गोलियां (विटामिन सी, विटामिन बी 12, विटामिन ई, विटामिन डी) दी जाती हैं।

## 757 लीज सपत्तियां नीति के दायरे में

**फरीदाबाद।** नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव ने नगर निगम कि वितीय स्थिति को सुदृढ़ करने की कड़ी में एक नया कदम उठाया। निगम के कांफ्रेंस हाल में अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा सरकार द्वारा जारी अधिसूचना छह जनवरी के द्वारा एक निति अधिसूचित की थी।

जिसके द्वारा स्थानीय निकाय अपने-अपने क्षेत्रों में 20 वर्षो की अवधि से अधिक पट्टे/किराये पर उन भूमियों को जिसका कब्जा निकाय के पास न होकर अभी तक ऐसे व्यक्तियों के पास ही है, को निहित शर्तो पर बिक्री करने के लिये कार्यवाही करने बारे आदेश दिए गए थे। निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में कुल 1757 लीज़ की सपतिया कथित नीति के दायरे में आती है। निगमायुक्त ने आगे बताया कि नीति के अन्तर्गत योग्य व्यक्तियों द्वारा निर्धारित अवधि से 3 महीने के भीतर यानि के 31.10.2021 तक नगर निगम में ऑनलाइन आवेदन करना आवश्यक था जिसके बारे निगम स्तर व्यापक प्रचार किया गया।

# महापुरुषों के स्मारकों और पार्कों में चलाया सफाई अभियान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**निगमायुक्त** यशपाल यादव ने हाल ही में हुई बैठक में बागवानी विभाग एवं स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों को निगम क्षेत्र में स्थित सभी पार्कों एवं स्मारकों जो कि स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में रखे गए हैं। उनकी साफ-सफाई एवं सौन्दर्यीकरण करवाने के साथ-साथ विभिन्न बागवानी कार्य जैसे कि घास की कटाई, पेड़ों की छंटाई एवं फूल पौधों की गुड़ाई आदि को विशेष रूप से करवाने के निर्देश दिए थे।

इस उद्देश्य के लिए, नगर निगम क्षेत्र में स्थित 30 स्थलों को चिन्हित किया गया तथा इसके लिए अलग-अलग टीमों का भी गठन किया गया। इसके अन्तर्गत आज निगमायुक्त आयुक्त यशपाल यादव ने कई उद्यानों एवं ऐतिहासिक स्थलों का स्वयं निरीक्षण किया जिनमें विशेषकर सेक्टर 17 एवं 19 के



सेक्टर-17 स्थित रणवीर सिंह हुड्डा पार्क का निरीक्षण करते निगमायुक्त यशपाल यादव।

उद्यानों, श्री लाल बहादुर शास्त्री चौक पर स्थित श्री रणवीर सिंह हुड्डा उद्यान, हरी मंदिर उद्यान एवं राजीव गांधी उद्यान का दौरा किया एवं सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने श्री लाल बहादुर शास्त्री और श्री रणवीर सिंह हुड्डा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

निगमायुक्त ने कुछ उद्यानों का रख रखाव ठीक नहीं पाए जाने पर कार्यकारी अभियंता एवं अन्य अधिकारियों को इसे ठीक करने का निर्देश दिया और अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया।

गीता मंदिर मार्ग के साथ लगे हुए ट्यूबवेल में अनधिकृत बैठे हुए व्यक्तियों को बाहर निकालने के निर्देश भी जारी किये गये तथा इसके साथ में बह रही सीवर के बारे में कार्यकारी अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता को स्पष्टीकरण देने के बारे में आदेश किए गए। वहीं निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने सेक्टर 16 के अंदर भवन मालिक द्वारा ग्रीन बेल्ट को नुकसान पहुँचाने एवं मलवा फैलाने की वजह से उसका चालान भी करवाया गया और अवैध निर्माण को जांचने के निर्देश भी दिए गए।

ग्रीन बेल्ट को नुकसान पहुंचाने एवं सरकारी सम्पत्ति का अनाधिकृत उपयोग करने के लिए भी उसके खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। निगमायुक्त ने भारत विकास परिषद के द्वारा सेक्टर 17 में प्लास्टिक के उपयोग से बनाए गए एक छोटे से उद्यान का निरीक्षण किया।

## मंदिरों में हो रही ताबड़तोड़ चोरियों से लोग परेशान

**फरीदाबाद।** नहरपार वार्ड नंबर 23 और 24 के लोग इस समय मंदिरों में हो रही ताबड़तोड़ चोरियों से परेशान है पिछले 5 महीने में तकरीबन 15 से 20 ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। जहां पर चोरों ने या तो मंदिर का घंटा खोल लिया या फिर दानपेटी तोड़कर पैसे ले गए या फिर मूर्तियां चोरी हुई इन्हें से कुछ घटनाओं के बारे में पुलिस को सूचित तो किया गया जबकि कुछ घटनाएं पुलिस के संज्ञान में नहीं आई।

हालांकि पुलिस को खबर करने के बाद भी अभी तक चोरों का कोई पता नहीं चला है। ऐसा ही एक वाकया 13 जनवरी 2022 की रात को सूर्य विहार पार्ट 2 शनि देव मंदिर नियर दीक्षा पब्लिक स्कूल में हुआ। रात को तकरीबन 11:15 बजे चोर मंदिर के मुख्य दरवाजे से कूदकर मंदिर में प्रवेश किया। मंदिर की दान पेटी को तोड़कर उसने सारे पैसे निकाले वापस आया और मंदिर के मुख्य दरवाजे से ना जाकर बगल में लगी दीवार को फांद कर भाग गया।

# जरुरतमंदों को कंबल वितरण करना पुण्य का कार्य: सिंगला



ओल्ड फरीदाबाद स्थित पथवारी मंदिर में गरीबों को कंबल वितरित करते कांग्रेसी नेता लखन सिंगला।

**फरीदाबाद।** हर वर्ष की भांति इस बार भी मकर संक्रांति के पावन पर्व पर ओल्ड फरीदाबाद स्थित पथवारी मंदिर में वरिष्ठ समाजसेवी अनिल सिंगला, चंद्रप्रकाश सिंगला और टीटू मंगला के संयोजन में भव्य कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद रोहित सिंगला और जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष नितिन सिंगला मौजूद रहे। कार्यक्रम में 500 से ज्यादा गरीब व जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए लखन कुमार सिंगला ने कहा कि कड़कड़ाती ठंड में गरीबों व जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित करना पुण्य का कार्य होता है और हिन्दू संस्कृति में मकर संक्रांति जैसे पावन पर ऐसे ने कार्य करने से मनुष्य को आत्मिक शांति का अनुभव होता है।

उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग में साधन सम्पन्न लोगों को जरूरतमंदों व गरीबों की सेवा के लिए आगे आना चाहिए और उनकी मदद करनी चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे सभी गरीब व जरूरतमंदों का कुशलक्षेम जाना और उन्हें प्रसाद भी वितरित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्राह्मण सभा ने फल और कपड़े वितरित किए



मकर संक्रांति पर फल वितरित करते ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा।

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने सेक्टर-16ए लेबर चौक पर मकर-संक्रांति के उपलक्ष में फल कपड़े जरुरतमंदों को वितरित किए। सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ये सनातन धर्म में बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है। इस दिन सूर्य नारायण दक्षिण से उत्तर में प्रवेश करते हैं छह महीने दक्षिण व छह महीने उत्तर में रहते हैं। उत्तरायण शुभ मुहूर्त माना जाता है। आज के दिन जो भी कार्य होते हैं वह शुभ माने जाते हैं व जो रूठे हुए हो। उन्हें मनाया जाता है हम भी ये पर्व गंगा स्नान के उपरांत मनाते थे, परन्तु कोरोना की वजह से सामान्य रूप से मनाया है। इस अवसर पर कर्ण पाराशर इंजिनियर, रंजन शर्मा, आशीष शर्मा, रामजीलाल, चन्द्रशेखर शर्मा, रोहित शर्मा, समीर शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### डालसा ने चलाया जागरूकता अभियान : सीजेएम चौबे



सेक्टर 40 में लोगो को कोरोना के प्रति जागरूक करते डालसा के पदाधिकारी।

**फरीदाबाद।** सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में पैनल अधिवक्ताओं ने डोर टू डोर जागरूकता अभियान की गति को करते हुए लोगों को नालसा, हालसा और डालसा की विभिन्न योजनाओं से लोगों को अवगत करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि डालसा के अधिवक्ताओं ने जागरूकता अभियान के दौरान सेक्टर- 40 में लोगों को कोविड -19 वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के लिए उचित सावधानी बरतने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि इसके अलावा मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक जागरूकता अभियान का मूल अधिकार के बारे में व्हाट्सएप जागरूकता पर वर्चुअल तरीके से जोड़ा गया था। इन गतिविधियों के माध्यम से 395 लोग लाभान्वित हुए। जहां पर पैनल अधिवक्ता अर्चना गोयल, रविंद्र गुप्ता, संजय गुप्ता, भागीरथ शर्मा, पीएनबी नरेंद्र शामिल रहे।

### जिले में 11120 को लगाया जा चुका कोरना रोधी टीका



कोरोना का टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी।

**फरीदाबाद।** जिले में 11120 नागरिकों ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया। जिसमें बुस्टर डोज जिले में हेल्थ केयर वर्करर्स में 469 ने लगवाई। वहीं फ्रंट लाईन वर्करर्स में 25 ने बुस्टर डोज लगवाई। इसके अलावा 60 प्लस आयुवर्ग में बुस्टर डोज 646 ने लगवाई। वहीं 15 प्लस आयुवर्ग के बच्चों में 2123 ने कोरोना से बचाव के लिए प्रथम डोज लगवाई। इसके अलावा 18 प्लस आयुवर्ग में 5692 लोगों ने डोज लगवाई। इसके अलावा 45 प्लस आयुवर्ग में 2165 लोगों ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया।


### वायु प्रदूषण से निपटने को ई-वाहनों पर सरकार दे रही जोर



जवाहर कालोनी में बाइक के शोरूम का रिबन काट कर शुभारंभ करते यशवीर डागर।


**फरीदाबाद।** एनआईटी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रहे यशवीर डागर ने आज जवाहर कालोनी में टीवीएस बाइक शोरूम का रिबन काटकर विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर शोरूम के चेयरमैन डा. महेंद्र डेयरी वाले ने उनका यहां पहुंचने पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता यशवीर डागर ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार बढ़ते वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जहां सरकार ने 15 साल पुराने पेट्रोल व 10 साल पुराने डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया है वहीं इलेक्ट्रोनिक वाहनों की मांग भी बाजार में उतारी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की सोच है कि देश में बिजली से चलने वाले वाहनों को ज्यादा से ज्यादा सड़कों पर उतारा जाए, जिससे कि वायु प्रदूषण में कमी आए और इन वाहनों पर खपत भी कम ही रहेगी। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से वार्ड नंबर एक के युवा भाजपा नेता मुकेश डागर, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश बिष्ट, प्रवीन शर्मा, सुरेंद्र तेवतिया, सत्यभान शर्मा, लोकेंद्र बिष्ट सहित अनेकों मौजिज लोग मौजूद थे।

### युवा सप्ताह के दौरान प्रतिभागिता दिवस का आयोजन



**फरीदाबाद।** युवा सप्ताह के तीसरे दिन प्रतिभागिता दिवस का आयोजन खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की ओर से संजय कॉलोनी में स्थित बीएमडी कॉन्वेंट स्कूल में करवाया गया। कार्यक्रम जन्चा फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं कोविड-19 था। कार्यक्रम के दौरान उचित सामाजिक दूरी, मास्क आदि कोरोना से बचाव के नियमों का पालन किया गया। खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की सुनीता ने बताया कि जिला स्तर पर फरीदाबाद में युवा दिवस/युवा सप्ताह का आयोजन विभिन्न संस्थाओं एवं युवा क्लबों के माध्यम से किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के जीवनादर्श से प्रेरित करना है। आज प्रतिभागिता दिवस स्कूल के बच्चों के साथ मानने का उद्देश्य युवाओं में प्रतिभागिता से संबंधित है। इस अवसर पर जन्चा फाउंडेशन के चेयरमैन हिमांशु भट्ट, जिला अध्यक्ष राहुल वर्मा, गौरव, जय एवं बीएमडी कॉन्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या शैली शर्मा तथा अध्यापिकाएं शर्मा, मीनाक्षी एवं पूजा जी मौजूद रहे।

### बच्चों को वर्दी और जर्सी बांटकर मनाई मकर संक्रांति



**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति बाल शिक्षा सेल के सौजन्य से मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सरकारी स्कूल सेक्टर 10 के 51 बच्चों को वर्दी, जर्सी, टाई, बेल्ट, गजक मूंगफली बिस्कुट के पैकेट प्रदान किए गए। समिति के सेक्टर-10 स्थित कार्यालय मानव भवन पर आयोजित इस कार्यक्रम में इस स्कूल के 15 से 18 साल के बच्चों को वैक्सीन भी लगाई गई। महिला मंडल की चेयरमैन उपाकिरण शर्मा के मार्गदर्शन में बाल शिक्षा सेल की संयोजक सीमा मंगला, संरक्षक राज राठी, भारत विकास परिषद संस्कार शाखा की सचिव विनीता गुप्ता व आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## कोविड-19

### घर पर जांच

**होम** किट्स से कोविड-19 जांच के गलत नतीजे आ सकते हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद-आईसीएमआर ने कहा है कि उसने एक निश्चित उद्देश्य से अनेक प्रकार की कोविड-19 टेस्टिंग किट शुरू की हैं। उसे लगता है कि आसानी से उपलब्ध व सस्ती जांच किटें बिना लक्षणों वाले मामलों का जल्दी पता लगाने में सहायक हो सकती हैं। इससे दिव्यांग व अन्य बीमारियों वाले लोगों में संक्रमण का पता आसानी से लग सकता है। यह कदम अच्छे इरादों से उठाया गया है, लेकिन अधिकांश भारतीय वैज्ञानिक व्यवहारों पर ध्यान नहीं देते हैं और ऐसे में टेस्टिंग किटें मुफ्त मिलने का भी उनको कोई लाभ नहीं होगा। आईसीएमआर ने 740 टेस्ट किटों को मान्यता दी है जिनमें से 580 भारत में निर्मित हैं। उनसे आरटीपीसीआर टेस्ट, रैपिड एंटीजेन टेस्ट व होम एंटीजेन टेस्ट किए जा सकते हैं। इसके साथ ही आईसीएमआर ने जोर दिया है कि प्रयोगशालाओं से पुष्ट बिना लक्षणों वाले कोविड-19 के संपर्कों को टेस्ट कराने की आवश्यकता नहीं है, जब तक उनकी आयु 60 वर्ष से अधिक न हो या उनकी अन्य विशिष्ट चिकित्सकीय स्थितियां न हों। लेकिन होम टेस्टिंग की अनेक समस्यायें हैं। लोग टेस्ट किटें खरीद कर अनावश्यक टेस्ट करते हैं और यह नहीं जानते हैं कि होम टेस्ट परिणाम गलत नेगेटिव रिपोर्ट दे सकते हैं। वे आरटीपीसीआर टेस्ट से बचते हैं। अत्यधिक खतरनाक दो पहली लहरों में बहुत से लोगों ने लक्षण वाले पाजिटिव मामलों की रिपोर्ट नहीं की थी। अब पाजिटिव मामलों के बारे में खामोश रहने की संभावना और बढ़ गई है, खासकर ऐसी स्थिति में जब होम टेस्ट पाजिटिव परिणाम दे पर व्यक्ति में कोई लक्षण न हों। चाहे होम टेस्ट हो या नहीं, बिना लक्षणों वाले रोगियों को पता होना चाहिए कि आरटीपीसीआर द्वारा की गई संक्रमण स्तर या सीटी वैल्यू जांच के अभाव में संक्रमण गंभीर स्थितियां पैदा कर सकता है। कहने की जरूरत नहीं कि होम टेस्टिंग एक गंभीर व जिम्मेदार मामला है तथा गहन राष्ट्रीय अभियानों के माध्यम से लोगों को इसके बारे में जागरूक किया जाना चाहिए।




दूसरे मुद्दे का संबंध टेस्टिंग मानक आसान करने से है। अब सभी लोगों का विश्वास है कि कोरोना का ओमीक्रान स्वरूप अत्यधिक संक्रमणीय है, पर संक्रमण स्तर कम होता है। लेकिन इसके बावजूद इससे अस्पतालों में भर्ती होने व मौतों के मामले सामने आए हैं। ऐसे में जब तक सभी मामलों को अनिवार्य रूप से जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए न भेजा जाए, तब तक हमें पता नहीं चलेगा कि वर्तमान लहर में कौन सा स्वरूप सक्रिय है। इस सूचना के अभाव में भावी तैयारियां व शोध प्रभावित हो सकता है। एक दिशानिर्देश यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि नेगेटिव रिपोर्ट देने वाले होम टेस्टिंग मामलों को अनिवार्य रूप से पुष्टि करने वाले आरटीपीसीआर टेस्ट से जोड़ा जाए। टेस्टिंग से मुक्ति के मानकों में रियायत देने का पुन: मूल्यांकन होना चाहिए। वर्तमान समय में पहले पाजिटिव वाइरल टेस्ट के एक सप्ताह और 10 दिन बाद बिना लक्षणों वाले लोगों को एकांतवास व सावधानियों से मुक्ति मिल जाती है और उनको दूसरा आरटीपीसीआर टेस्ट नहीं कराना पड़ता है। लक्षणों वाले लोगों के मामले में टेस्ट-आधारित रणनीति लागू है। शोध से पता लगा है कि आमतौर से कम प्रतिरक्षण क्षमता वाले रोगियों में पहले 10 दिन के बाद भी वायरस लंबे समय तक बना रहता है। लेकिन ऐसे मामले उस समय ही सामने आ पाते हैं जब लंबे समय तक बीमारी के हल्के लक्षण बने रहते हैं और बार-बार सामने आते हैं। ऐसे में बिना टेस्टिंग मुक्ति मिल जाने पर हम संक्रमण के इस आयाम से कैसे निपट सकते हैं? ऐसे में समय की आवश्यकता है कि अधिकांश रोगियों को एकांतवास से मुक्ति देने के लिए लक्षण-आधारित व टेस्टिंग-आधारित रणनीतियों में समन्वय बनाया जाए।

# बहुमुखी प्रतिभा के धनी स्वामी विवेकानंद

**विवेकानंद के पास एक उद्यमी के सभी गुण विद्यमान थे-निर्धारित लक्ष्यों की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध टीमों को जुटाने की क्षमता और एक बड़े पैमाने पर दूरदृष्टि।**



**बालाकृष्णन सत्यम**
(लेखक सृजनात्मक निदेशक हैं)



1863 भारत में 1857 के विद्रोह के छह साल बाद घर के करीब था। यह वह समय भी था जब अमेरिकी गृहयुद्ध शुरू हुआ था। ब्रह्म समाज की स्थापना को 35 वर्ष हो चुके थे। कलकत्ता में प्रेसीडेंसी कॉलेज (हिंदू कॉलेज के रूप में) की स्थापना के 46 साल बाद। तो, यह विद्रोह, सुधार और पुनर्जागरण के एक अध्याय के दौरान नरेंद्रनाथ दत्ता का जन्म हुआ था। पारिवारिक इतिहास के संदर्भ में, उनके अपने दादाजी ने अपने पिता के जन्म के ठीक बाद 25 वर्ष की आयु में असामान्य रूप से संन्यास ले लिया था। और युवा त्यागी पहले से ही विद्वान-भाषाविद् के रूप में जाने जाते थे। नरेंद्रनाथ के पिता को अपने पेशे में बहुत सफलता मिली और वे कई भाषाओं में भी पारंगत थे। उनके परिवार में चल रहे इन विभिन्न उपहारों और विरासतों के साथ, और उनके परिवेश में सामाजिक पहल, नरेंद्रनाथ, जिनका जन्म 12 जनवरी, 1863 को हुआ था, स्वामी विवेकानंद के रूप में उभरे।

जबकि हम में से कोई भी उस परिवार को नहीं चुन सकता जिसमें हम पैदा हुए हैं (यह तर्क दिया जा सकता है कि यह पहले के जन्म में किसी के कर्मों से तय होता है!), और हमारी कई क्षमताओं और सांस्कृतिक लक्षणों को विरासत में मिला है, यह शैक्षणिक, कलात्मक और बौद्धिक है उत्तेजनाओं का हम जवाब देते हैं जो हमारी विशिष्टता को आकार देते हैं। हमारे बचपन की कविताएँ, प्रार्थनाएँ और गीत, आस-पड़ोस में सामाजिक चर्चाएँ, जिन बच्चों के साथ हम खेलते हैं, घर पर देखी जाने वाली किताबें - वे सभी जितना हम महसूस कर सकते हैं, उससे कहीं अधिक गहरा और स्थायी प्रभाव डाल रहे हैं।

यह प्रारंभिक प्रभावों और बाद के प्रदर्शन और अनुभव का मिश्रण है जो काफी हद तक एक असाधारण व्यक्ति के गठन की व्याख्या कर सकता है। स्वामी विवेकानंद के मामले में, कई अवयवों की पहचान की जा सकती है - धार्मिकता, वाक्पटुता, भाषाओं का उपहार, एक अध्यात्मवादी स्वभाव, त्याग, सुधार और आधुनिकीकरण का जुनून ... जो सीधे उनके परिवार से लिया गया लगता है। फिर एक व्यक्ति के कॉलेज के पाठ्यक्रम में कवियों और इतिहासकारों का प्रभाव होता है, वे विचारक जिनके विचार छात्र चर्चा के केंद्र में होते हैं, और उस समय अखबार के संपादक क्या लिख ??रहे होते हैं। हम में से प्रत्येक वास्तव में विविध स्रोतों से एक साथ रखा गया एक जटिल समुच्चय है। फिर भी, हम में से कुछ के लिए, इन सबके बावजूद, एक प्रमुख दिशा उभरती है जिसमें हम विकसित होते हैं और एक केंद्रीय उद्देश्य होता है। जब यह क्लिक होता है, तो अर्थ और पूर्ति होती है। एक कारण के लिए महान सेवा प्रदान की गई है।

उद्यमशीलता की दृष्टि से स्वामी विवेकानंद की सफलता के बारे में निश्चित रूप से सोचा जा सकता है। आखिरकार, यह सरकार में करियर में शामिल होने और नियत भूमिकाओं में सेवा करने जैसा नहीं था। अपनी यात्रा के पहले भाग में, वे अध्ययन और अभ्यास के माध्यम से और अपने चुने हुए गुरु से ज्ञान को आत्मसात करके एक योगी के रूप में विकसित हुए। इसके बाद उन्होंने अपने व्यक्तित्व की प्रभावशाली शक्ति का उपयोग धार्मिक और सामाजिक कारणों की सेवा के लिए किया - भौतिक और आध्यात्मिक उत्थान की परियोजनाओं के लिए जनशक्ति, संसाधन, सहयोग और नैतिक समर्थन जुटाने के लिए। उन्होंने कई वेदांत केंद्रों, मठों के मठों, पत्रिकाओं, प्रकाशन टीमों और आश्रमों की शुरुआत की। उन्होंने यूरोप और अमेरिका में प्रबुद्ध विद्वानों और प्रबुद्ध आत्माओं के साथ नेटवर्किंग करके देश के लिए विदेशी सद्भावना का निर्माण किया। उन्होंने उपनिषदों के संदेश को देश के भीतर और दुनिया के कई शहरों में व्यापक दर्शकों तक प्रभावशाली तरीके से पहुंचाया। ये एक उद्यमी की पूर्व-आवश्यकता है - पहचाने गए लक्ष्यों की दिशा में काम करने के लिए आकार की प्रतिबद्ध टीमों को जुटाने की क्षमता, एक बड़े पैमाने पर दृष्टि, और लगातार सीखने वाले संगठन का निर्माण।

जब बहुत छोटे थे, नरेंद्र-नाथ सुधारवादी आस्था समूहों की सभाओं में भाग ले रहे थे जो जातियों और संप्रदायों से परे देख रहे थे। ब्रह्मांड और मानव आत्मा की प्रकृति और यूरोप के राजनीतिक दार्शनिकों के विचारों के परिचय के बारे में प्राचीन भारत के ग्रंथों में क्या कहना है, में उनकी रुचि के साथ, उन्होंने अनुसंधान में रुचि विकसित की और बनाए रखा। आज भी, उत्तराखंड में अद्वैत आश्रम के ब्लॉग और प्रकाशन, या कोलकाता में आयोजित विज्ञान और चेतना सम्मेलन, रचनात्मक संवाद के माध्यम से ज्ञान के क्षितिज को विस्तारित करने के इस दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। उपनिषदों के एक उत्सुक पाठक के रूप में और ध्यान जैसे आध्यात्मिक साधना के अभ्यासी के रूप में, वे काफी हद तक मुक्ति या मुक्ति की धारणा से जुड़े थे। यह जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति है। हालांकि, इससे पहले कि लोग आत्म-ज्ञान और यहां तक कि मुक्ति जैसी उच्च्व उपलब्धियों पर विचार कर सकें, प्राणी आराम और भौतिक उन्नति का एक स्तर आवश्यक है। उस दिशा में, जनता के लिए एक बेहतर जीविका और जीवन शैली, और व्यापक बुनियादी शिक्षा आवश्यक होगी और इसलिए उपनिवेशवाद और अन्य उत्पीड़न की बुराइयों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता था। ''केवल आध्यात्मिक स्वतंत्रता की परवाह करना, सामाजिक स्वतंत्रता की नहीं, एक दोष है, लेकिन इसके विपरीत एक और भी बड़ा दोष है। आत्मा और शरीर दोनों की स्वतंत्रता के लिए प्रयास करना है।''

वर्तमान पीढ़ी में, व्यक्तिगत विलासिता को बढ़ाने और सुविधाओं का विस्तार करने के लिए सामाजिक मूल्यों और प्राकृतिक वातावरण का त्याग करने की इच्छा खुशियों की तुलना में अधिक दुख पैदा कर रही है। चीजों से अधिक लोगों पर एरिच फ्रॉम जैसे जोर के साथ तड़के वाली भौतिक प्रगति का मूल्य हर हफ्ते हमारे सामने लाया जा रहा है - चाहे एक महामारी, ग्लोबल वार्मिंग, या मानव क्रूरता के माध्यम से। साथ ही, हाल के वर्षों में टेलीविजन और लाइव सभाओं के माध्यम से आम आदमी का योग और ध्यान के प्रति संपर्क वास्तव में बढ़ा है। वीडियो सामग्री तक आसान पहुंच ने व्यावहारिक रूप से किसी के लिए भी किसी संप्रदाय, जाति या भाषाई समूह में पैदा हुए बिना, प्राचीन काल के संतों और संतों के बारे में कुछ विचार प्राप्त करना आसान बना दिया है।

दरअसल, यह एक ऐसी स्थिति है जिसे स्वामी विवेकानंद दिल से स्वीकार करेंगे। डिजिटल बुकलेट, ऑनलाइन पोर्टल, यूट्यूब वीडियो - आध्यात्मिक मामलों पर अच्छा मार्गदर्शन और मोक्ष किसी के लिए भी उपलब्ध है जो थोड़ा सा झुकाव और पर्याप्त अवकाश है।

मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) के बारे में नौकरशाही और राजनीतिक हलकों में बढ़ती जागरूकता, और सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) जैसी हालिया वैश्विक पहल मात्रा और गुणवत्ता के बीच और संपत्ति निर्माण और नागरिक कल्याण के बीच संतुलन के मजबूत संकेत हैं। फिर भी हम केवल नीतियों पर निर्भर नहीं रह सकते हैं, चाहे वे पार्टियों या कॉरपोरेट्स की हों - जबकि वे बहुत मायने रखते हैं, हमारे साथी मनुष्यों के साथ एक गहरा रिश्ता - परिवार, पड़ोसी, सहयोगी, साथी सदस्य आदि - उनके कल्याण के बारे में चिंतित होने के लिए हद तक - उस मूल मानवीय मूल्य को समय-समय पर जल्दी और सुदृढ़ किया जाना है। अमेरिका के एक पूर्व प्रोफेसर और हिमालयन ट्रेकर के रूप में, बाबा राम दास ने हाल ही में कहा, ''हम सब एक दूसरे के घर चल रहे हैं।''

पैदल/ट्रैकिंग का विषय हमें फिर से याद दिलाएगा कि कैसे स्वामी विवेकानंद ने चार योगों - राजा, भक्ति, कर्म और ज्ञान - को आध्यात्मिक प्रगति के व्यवहार्य मार्ग के रूप में समान महत्व दिया था। उन्होंने उनमें से प्रत्येक पर अदभुत रूप से लिखा, और उनके शब्द हमें अपने स्वयं के संसाधनों और स्वभाव के अनुकूल मार्गों पर आगे बढ़ने के लिए आमंत्रित करते हैं। हम यह भी महसूस करते हैं कि आर्थिक सिद्धांतों में स्वतंत्रता, संस्कृति, सद्भावना जैसी अवधारणाओं को पर्याप्त रूप से नहीं समझा जा सकता है। जबकि हम वर्तमान में जीवित अर्थों की तुलना में मरणोपरांत अधिक आत्मा और आत्मा जैसे शब्दों का उपयोग करते हैं, यह एक अच्छी बात होगी कि अंग्रेजी में लिखते समय भी उस महत्वपूर्ण पहलू को अधिक बार आमंत्रित करने के लिए भारतीय भाषाओं से कुछ भाव लाए जाएं।

# कज़ाखस्तान में खूनी दंगों के कारण

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक राज्यसभा के पूर्व सदस्य हैं)



**हाल** में कुछ दिनों तक चले प्रदर्शनों के बाद कज़ाखस्तान के सबसे बड़े शहर अलमाटी में सैनिकों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं। इन दंगों के कारण सत्तारूढ दल को आपातस्थिति की घोषणा करनी पड़ी। उसने रूस तथा अन्य पूर्व-सोवियत गणतंत्रों से सहायता की अपील भी की जो अब बिखर चुके सोवियत संघ के हिस्से थे। इन दंगों में दर्जनों लोग मारे गए तथा हजारों लोगों को हिरासत में लिया गया। इन घटनाओं के कारण इस मध्य एशियाई देश को 1990 के दशकारंभ में अपनी स्वतंत्रता के बाद से सर्वाधिक हिंसा का शिकार होना पड़ा। लगता है कि रूसी छाताधारी सैनिकों के पहुंचने के एक दिन बाद सुरक्षा बलों ने शहर की मुख्य सड़कों पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया और उनके द्वारा विद्रोह को कुचल दिया गया।

कज़ाखस्तान रूस और चीन के बीच स्थित है तथा उसकी सीमाएं अन्य तीन पूर्व-सोवियत गणतंत्रों से लगती हैं। यह मध्य एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है जहां हाइड्रोकार्बन तथा खनिजों के समृद्ध भंडार हैं। कज़ाखस्तान दुनिया का सर्वोच्च यूरेनियम उत्पादक तथा दुनिया में संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर सर्वाधिक बिटक्वाइन प्रयोग वाला देश है। यहां 1991 में स्वतंत्रता के बाद से अरबों डालर का विदेशी निवेश हुआ है। कज़ाखस्तान में हालिया अराजकता के कारण नाभिकीय बिजलीघरों को ऊर्जा देने वाले यूरेनियम की कीमतों में 8 प्रतिशत उछाल आया है।

यह दुनिया में तेल का नवां सबसे बड़ा निर्यातक है जहां 2021 में 85.7 मिलियन टन तेल पैदा हुआ था। इसके साथ ही यह दुनिया में दसवां सबसे बड़ा कोयला उत्पादक देश है। कज़ाखस्तान जैसे पेट्रोलियम समृद्ध देश द्वारा तेल के मूल्य बढ़ाना या इनको एक झटके में दूना कर देना आश्चर्यजनक है। यह बात समझ से परे है। लेकिन गैर-कम्युनिस्ट बने पूर्व सोवियत नेताओं का प्रशासन में अच्छा रिकार्ड नहीं है। इन पूर्व-सोवियत देशों में आम जनता का मानना है कि उनके नेता भ्रष्ट हैं, भले ही उनके भ्रष्टचार का खुलासा हुआ हो या नहीं। किर्गिस्तान के वर्तमान प्रधानमंत्री कासिम जोमार्ट टोकायेव सत्ता में नए हैं। उन्होंने हाल ही में 81 वर्षीय नूरसुल्तान नजरबायेव से सत्ता अपने हाथों में ली है और अभी उन्हें अपनी योग्यता सिद्ध करनी है। रूस के लिए कज़ाखस्तान अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि मानव अंतरिक्ष मिशन भेजने वाला मास्का का एकमात्र लांचिंग पैड बाइकानूर कास्मोड्रोम यहीं स्थित है। रूस में ऐसा कोई अन्य कास्मोड्रोम नहीं है और इसी कारण वह बाइकानूर को किसी अन्य के हाथों में नहीं पड़ने देना चाहता है। दूसरी ओर रूसी राष्ट्रपति



व्लादीमिर पुतिन की सरकार यूक्रेन के मामले में व्यस्त है और उसने उसकी दक्षिणपूर्वी सीमा पर बड़ी संख्या में सेना तैनात कर रखी है। ऐसे में रूस कज़ाखस्तान में सैनिक भेज कर हस्तक्षेप करने का बहुत इच्छुक नहीं था। इसके साथ ही चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कज़ाखस्तान के प्रधानमंत्री टोकायेव को संदेश भेज कर यह सुनिश्चित करने के लिए कहा था कि जनता के खिलाफ उनकी सरकार की कार्रवाई अत्यधिक जिम्मेदाराना होनी चाहिए। चीन और कज़ाखस्तान की एक सीमा साझी है। विशाल देश चीन जमीन का भूखा देश है, जबकि कज़ाखस्तान भूमि क्षेत्र को देखते हुए दुनिया का एक सबसे बड़ा देश है जहां प्रति वर्ग किलोमीटर केवल 6 लोग रहते हैं। ऐसे में कज़ाखस्तान को बहुत सावधान रहना होगा। इस बात पर बहुत कुछ निर्भर करता है कि उसकी सरकार विद्रोहियों के खिलाफ कितना नरम या कठोर व्यवहार करती है। कज़ाखस्तान के नागरिकों में विद्रोह की भावना व्याप्त है। वर्तमान समय में यहां मास्को द्वारा फौरन भेजे गए लगभग 3,000 सैनिकों की उपस्थिति से कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक हुई है। ये सैनिक सड़कों पर मौजूद हैं और उनको उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश हैं। सैकड़ों आंदोलनकारी कजाक नागरिक मारे जा चुके हैं तथा सैकड़ों अन्य घायल हुए हैं।

यदि हम अमेरिकी विदेश सचिव एंटोनी ब्लिंकेन के राजनयिक कदमों को अनदेखा करें तो कज़ाखस्तान की तस्वीर पूरी नहीं होगी। ब्लिंकेन ने कहा था कि राष्ट्रपति बाइडेन के प्रशासन को कज़ाखस्तान के घटनाक्रम पर बहुत 'चिन्ता' है। ब्लिंकेन ने जोर देकर कज़ाखस्तान के संवैधानिक संस्थानों को पूर्ण समर्थन देने की बात कही। उन्होंने मानवाधिकारों तथा मीडिया की स्वतंत्रता का सम्मान करने की बात भी जोरदार तरीके से सामने रखी। इन बयानों से स्पष्ट है कि कज़ाखस्तान की वर्तमान घटनाओं में विभिन्न पक्ष दिलचस्पी ले रहे हैं और वे स्थितियों को अपने दृष्टिकोण से बदलना चाहते हैं। लेकिन इस बात पर आश्चर्य होता है कि आखिरकार अमेरिका इस सुदूर मध्य एशियाई देश में क्या करना चाहता है। कज़ाखस्तान के घटनाक्रम के बारे में मीडिया में दो और बिंदुओं पर चर्चा हो रही है। अनुमान था कि यदि जनता अलमाटी की सड़कों पर रूसी सैनिकों को देखेगी तो उसकी प्रतिक्रिया बहुत गंभीर होगी।

इसी तरह यह अनुमान भी था कि यदि रूसी अपने सैनिकों को अलमाटी की सड़कों पर कजाक विद्रोहियों की गोलियों से मरता देखेंगे तो उनकी भी प्रतिक्रिया बहुत हिंसक होगी। मास्को और अलमाटी की सत्ता में बैठे सर्वोच्च लोगों को छोड़ कर कोई यह नहीं जानता हे कि कज़ाखस्तान की सड़कों पर क्या हो रहा है। ऐसे में केवल अनुमान लगाया जा सकता है कि टोकायेव सरकार के राजनीतिक विरोधियों ने अवसर का सही लाभ उठा कर सरकार उलटने का प्रयास किया। लेकिन हम अभी यह नहीं जानते कि विद्रोह करने वाले राजनीतिक रूप से स्वेच्छाचारी हैं या लोकतंत्र के समर्थक। हालांकि, सरकार ने अपनी ओर से इन विद्रोहियों को डकैत या आतंकवादी कहा है।

लेकिन एक चीज निश्चित है कि इतिहास स्वेच्छाचारी या तानाशाही शासनों के खिलाफ है। वर्तमान समय में सूचनाओं और ज्ञान का प्रसार दिमाग चकराने वाले स्तर तक पहुंच गया है। सूचना प्रौद्योगिकी, गूगल, यूट्यूब, विविधतापूर्ण मोबाइल टेलीफोन तकनीकों तथा सुपरस्मार्ट फोन, ईमेल आदि के कारण आज किसी चीज को छिपाना बहुत कठिन है। अभी हाल में टीवी से यह जानने को मिला कि धरती पर हर दो लोगों के बीच एक के पास मोबाइल फोन है। ऐसे में स्पष्ट रूप से तथ्यों का पता फौरन एक झटके में चल जाता है, हालांकि तथ्यों के बाद उनकी व्याख्या का पता चलना जरूरी नहीं है। सौ साल पहले कुछ ही लोग यह बहस कर सकते थे कि स्वेच्छाचारिता या तानाशाही तथा लोकतंत्र में क्या बेहतर है। बहुत से लोग एक उदार तानाशाह को आदर्श मध्यमार्गी व्यवस्था मानते थे। लेकिन अब सूचनाओं की बढ़ती प्रेरणा के कारण निश्चित रूप से यह स्थिति नहीं है।

## आप की बात

### जावेद हबीब की गिरफ्तारी क्यों नहीं?

**मंसूरपुर** थाना क्षेत्र में आयोजित सेमिनार में बड़ोत की महिला पूजा गुप्ता का हेयर स्टाइल बनाते हुए जावेद हबीब ने उनके बालों में थूक दिया। वह तो इस प्रकरण का वीडियो वायरल हो गया इस कारण पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करनी पड़ी वरना रिपोर्ट भी दर्ज नहीं होती । अभी तक पुलिस ने कार्यवाही कर वीडियो सबूत होने के बावजूद जावेद हबीब को गिरफ्तार क्यों नहीं किया? अब तो जावेद हबीब की ओर से रिपोर्ट लिखवाने वाली प्रताड़ित महिला को रिपोर्ट वापस लेने की धमकियां भी दी जा रही है। उधर हबीब ने राष्ट्रीय महिला आयोग में लिखित माफी मांग कर इस घटना को एक नाटक बताया और महिला आयोग ने भी सिर्फ भविष्य में ऐसा ना होने की चेतावनी देकर हबीब को छोड़ दिया । जबकि इस अपराध के लिए महिला आयोग को मुजफ्फरनगर पुलिस से पूछना चाहिए था कि अभी तक हबीब पर कार्यवाही क्यों नहीं हुई? क्या महिला का हेयर स्टाइल बनाते हुए बालों में थूकना सिर्फ एक नाटक था या एक साजिश? सिर्फ चेतावनी देने से क्या महिलाओं के सम्मान की वापसी हो जाती है? ऐसे में जावेद हबीब पर अपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाना चाहिए?

– **अतिवीर जैन**, मेरठ

### यह तो उचित नहीं!

**उत्तर** प्रदेश में राजनीतिक घमासान जारी है। दलबदल के जरिए सत्ता तक पहुंचने के प्रयास हो रहे हैं। ऐसा चुनावों के समय अक्सर होता ही है मगर जिस तरह की कार्यवाही सामने आ रही है वह प्रासंगिक तो नहीं लगती है। भाजपा छोड़ चुके पूर्व मंत्री मौर्य को अगले ही दिन वारंट राजनीति से प्रेरित लगता है। इस तरह की परंपरा को खुद भाजपा को रोकना होगा। राजनीति में भी कुछ नीति-नियम, कायदे हो तो वह जनहित के मामलों का उचित समाधान कर सकती है। इससे न सिर्फ सरकार अपितु उसके बाहर भी सामंजस्य नजर आता है लेकिन उत्तर प्रदेश में दल बदल के चलते जो परिदृश्य दिख रहा है वह उचित नहीं लगता।पूर्व मंत्री मौर्य के भाजपा छोड़ते ही अगले दिन गिरफ्तारी का वारंट इस बात का द्योतक है कि राजनीति में स्वार्थ जब तक कायम रहेंगे तब तक न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती। देवी-देवताओं के अपमान को लेकर पेंडिंग पड़े मामले को अचानक खोला जाना राजनीतिक शुचिता के लिए उचित नहीं है। भाजपा इस तरह की विचारधारा से बाहर निकलकर समय पर ही उचित कदम उठाए चाहे उसके नेता/ कार्यकर्ता कितना भी बड़ा क्यों ना हो?

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### मौर्य का इस्तीफा

**यह** पत्र 'मौर्य का इस्तीफा' से संबंधित है। बसपा से भाजपा में आए स्वामी प्रसाद मौर्य और उनके साथ कई अन्य नेताओं का भाजपा से पलायन कोई बहुत बड़ी चौंकाने वाली बात नहीं है। हमेशा से चुनावों से पहले नेताओं द्वारा दल बदली और उसके बाद हॉर्स ट्रेडिंग यह भारतीय राजनीति का सामान्य हिस्सा है। राजनीतिक हलकों मे वैसे भी यह चर्चा चल रही थी कि लगभग 80-100 विधायकों को भाजपा इस बार टिकट नहीं देने वाली है तो ऐसे मे नेताओं का डल छोड़ना स्वाभाविक ही है। कांग्रेस को छोड़ कर भी कुछ लोगों ने सपा का दामन संभाला है। यह तय है की कांटे की टक्कर भाजपा और सपा के बीच की है। और इसमें दो कद्दावर नेताओं, योगी और अखिलेश यादव के बीच सीधी सीधी लड़ाई है। एक समय था की जातिगत, धर्म के समीकरणों पर ही चुनाव लड़ा जाता था उत्तर प्रदेश में आज का वोटर बहुत बुद्धिमान हो गया है वह रोजगार, विकास, कोरोना काल मे हुई स्थिति और धर्म इन सभी मुद्दों पर दोनों को तोल कर ही अपना बहुमूल्य वोट डालेगा।

– **बाल गोविंद,** सेक्टर44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**पूर्वी** लद्दाख के बल स्तर कमोबेश समान हैं तथा हमारी तरफ बढ़ोतरी हुई है।

– **जनरल मनोज नरवने**
भारतीय सेना प्रमुख



**मैं** मई 2020 की गार्डन पार्टी के लिए क्षमा मांगना चाहता हूं। पश्चदृष्टि से मुझे सभी को भीतर भेज देना चाहिए था।

– **बोरिस जॉनसन**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री



**श्री** मोदी की सुरक्षा को जानबूझकर खतरे में डाला गया था। ऐसे संवेदनशील मामले का सीएम और कांग्रेस के अन्य नेताओं ने मजाक उड़ाया।

– **जेपी नड्डा**
राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा

# भगोड़ों, दंगाइयों को टिकट देकर गुण्डाराज की वापसी चाहती है सपाः केशव प्रसाद मौर्य

● **सपा ने इस सूची के ज़रिये ट्रेलर दिखाया है कि वह प्रदेश में गुंडागर्दी और दंगे का माहौल चाहते हैं: उप मुख्यमंत्री**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल गठबंधन की विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों की पहली सूची के माध्यम से अखिलेश यादव ने स्पष्ट सन्देश दिया है कि वह अपराधियों, गुंडों और दंगाइयों का साथ छोड़ने को तैयार नहीं हैं। इससे यह भी पता चलता है कि सपा का सरकार बनाने का मतलब हैए प्रदेश में फिर से दंगा राजए गुंडा राज और अपराधी राज।

उन्होंने अपने बयान में कहा कि प्रत्याशियों की इस सूची में कैराना से पलायन के आरोपियोंए दंगाईयोंए गुंडों और हिस्ट्रीशीटरों को टिकट दिया है। उन्होंने सपा प्रमुख से पूछा कि वह बताएं की अपने गठबन्धन से वह प्रदेश की जनता को क्या सन्देश देना चाहते हैंघ् अखिलेश बताएं कि क्या वह प्रदेश में फिर से मुज़ ाफरनगर जैसा दंगा और कैराना जैसे पलायन की स्थिति पैदा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सपा.रालोद गठबंधन के चरित्र के खिलाफ अभियान चलाएगी और जनता के बीच सन्देश भी देने का कार्य करेगी। खुद जनता जनार्दन भी सपाई कुशासन की वापसी नहीं चाहती है और 300 प्लस सीटों का आशीर्वाद भाजपा को देने का मन बना चुकी है। अखिलेश जी! पश्चिमी उत्तर प्रदेश ही नहींए स पूर्ण प्रदेश की जनता जानना चाहती है बुलंदशहर में हिस्ट्रीशीटर हाजी यूनुस जैसे अपराधीए शामली से हिस्ट्रीशीटर भगोड़े नाहिद हसन, मेरठ से हिस्ट्रीशीटर रफीक अंसारी, लोनी से हिस्ट्रीशीटर मदन भैया जैसे अपराधी को टिकट देने का काम किया है जिनका खौफ अन्य प्रदेशों में भी व्याप्त है। उन्होंने कहा क़ी उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार में आज अपराधी थर.थर कांपते हैं लेकिन सपा ने इस सूची के ज़रिये ट्रेलर दिखाया है कि वह प्रदेश में गुण्डाराज और दंगाराज कि वापसी कराने का मंसूबा पाले हुए हैं।

उन्होंने कहा की प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सबका साथ.सबका विकास के संकल्प के साथ सबको विश्वास में लेकर गरीब कल्याण, किसान कल्याणए मज़दूर उत्थान, मातृ स मान का कार्य हुआ है वह सपाए बसपाए कांग्रेस किसी अन्य दल ने सत्ता में रहकर कभी नहीं किया। उन्होंने कहा कि सपा को गरीबए मज़दूर और किसान कभी याद नहीं आये जबकि भाजपा सरकार ने गरीबों को 42 लाख मकान दिए, दो करोड़ से अधिक शौचालय बनवायेए उज्ज्वला योजना के तहत 2 करोड़ से ज्यादा गरीबों को मु त गैस कनेक्शन एकिसान स मान योजना में तीन करोड़ से अधिक किसानों को आच्छादित किया एआयुष्मान भारत योजना से गरीबों को इलाज की सुविधा दी।

कोरोना काल में जिन्हे जीविका चलाने में दिक्कत हुईए ऐसे परिवारों को मु त डबल राशन देने का काम करनाए हर घर को बिजली देने काए बेटियों के विवाह के लिए पैसा देना हैए किसानों को स मान निधिए आयुष्मान भारत का स्वास्थ्य रक्षा कवचए शौचालयए उज्जवला के कनेक्शन देकर महिलाओं को धुएं से आजादी। बेटियों की शादी की उम्र 21 साल कर उन्हें अपना करियर बनाने की आजादी देने का काम किया है।

## अधिसूचना के साथ पहले चरण की चुनावी प्रक्रिया शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा चुनाव** के पहले चरण की अधिसूचना के साथ राज्य में चुनावी गतिविधियां शुरू हो गई है। पहले चरण में 11 जिलों की 58 सीटों पर दस फरवरी को मतदान होना है। पहली बार चुनाव आयोग ने नामांकन के लिए ऑनलाइन की सुविधा दी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया किपहले चरण की 58 विधान सभा सीटों में 9 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि विधान सभा की 403 सीटों के लिये 7 चरणों में चुनाव संपन्न होगा। मतदान 10 फरवरी, 14 फरवरी, 20 फरवरी, 23 फरवरी, 27 फरवरी, 3 मार्च और 7 मार्च को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। पहले चरण के नामांकन की अंतिम तिथि 21 जनवरी है। नामांकन पत्रों की जांच 24 जनवरी को होगी और 27 तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इस चरण की सीटों पर मतदान 10 फरवरी को होगा। मु य निर्वाचन अधिकारी ने बताया की नामांकन के समय प्रत्याशी के साथ सिर्फदो व्यक्ति निर्वाचन अधिकारी के कक्ष तक जा सकेंगे। प्रत्याशी सुविधा एप के माध्यम से अपना ऑनलाइन आवेदन कर आवेदन पत्र की प्रति निर्वाचन अधिकारी के समक्ष जमा कर सकते हैं। कोविड.19 संक्रमण के चलते नामांकन के समय किसी भी प्रत्याशी को जुलूस की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रत्याशी द्वारा नामांकन के समय केवल दो गाड़ियों का ही प्रयोग किया जा सकेगा। जिन सीटों के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है उनमे शामली की कैराना, थानाभवन व शामली, मुज फरनगर की बुढ़ाना, चरथावल, पुरकाजी सुरक्षित, मुज फ्फरनगर, खतौली व मीरापुर, मेरठ की सिवालखास, सरधना, हस्तिनापुर, किठौर, मेरठ कैंटोनमेंट, मेरठ व मेरठ दक्षिण, बागपत की छपरौली, बड़ौत व बागपत, गाजियाबाद की लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद व मोदीनगर, हापुड़ की धौलाना, हापुड सुरक्षित, व गढ़मुक्तेश्वर, गौतमबुद्धनगर की नोएडा, दादरी व जेवरए बुलन्दशहर की सिकंदराबाद, बुलन्दशहर, स्याना, अनूपशहर, डिबाई, शिकारपुर व खुर्जा सुरक्षित, अलीगढ़ की खैर सुरक्षित, बरौली, अतरौली, छर्रा, कोल, अलीगढ़ व इगलास सुरक्षित, मथुरा की छाता, मांट, गोवर्धन, मथुरा व बलदेव सुरक्षित और आगरा की एत्मादपुर, आगरा कैंटोनमेंट सुरक्षित, आगरा दक्षिण, आगरा उत्तर, आगरा ग्रामीण सुरक्षित, फ्तेहपुर सीकरी, खैरागढ़, फतेहाबाद व बाह विधान सभा सीटें शामिल हैं।

## पत्रकार की मृत्यु पर मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया शोक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वरिष्ठ पत्रकार कमाल खान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने कमाल खान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शोक जताते कहा कि कमाल खान पत्रकारिता की एक गम्भीर आवाज बनकर उभरे थे।

## गंगा का पानी प्रदूषित करने वाली लेदर फैक्टरी पर जुर्माना व प्रोपराइटर को सजा

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**सीबीआईध्प्रदूषण** की विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट यशा शर्मा ने गंगा नदी में फैक्टरी का गंदा पानी प्रवाहित करने के मामले में कानपुर की मेसर्स चौधरी लेदर्स फिनिशर्स व इसके प्रोपराइटर को दोषी करार दिया है। उन्होंने जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम की धारा 44 व 41 के तहत प्रोपराइटर राज चौधरी को दो साल की सजा सुनाई है। जबकि फैक्टरी पर दो लाख 50 हजार का जुर्माना ठोंका है।

विशेष वकील एके चौबे के मुताबिक मुल्जिम राज चौधरी कानपुर के जार्जमऊ में अपनी फैक्टरी संचालित करता था। 27 जूनए 2007 को इस फैक्टरी को बंद करने का आदेश जारी हुआ। नौ अगस्तए 2007 को उप्र जल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक पर्यावरण अभियंता प्रखर कुमार ने फैक्टरी का निरीक्षण किया। जांच में पाया कि गंगा प्रदूषण से संबधित आदेश का उल्लघंन करते हुए मुल्जिम अपनी फैक्टरी संचालित कर रहा है। जिसकी वजह से फैक्टरी का गंदा पानी गंगा में प्रवाहित हो रहा है। और गंगा का जल प्रदूषित हो रहा है। 30 जनवरीए 2008 को उप्र जल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने तब इस मामले में फैक्टरी व इसके प्रोपराइटर राज चौधरी के खिलाफ अदालत में परिवाद दर्ज कराया था।

## बीजेपी ने गरीबों, पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों की आंख में धूल झोंककर हथियाई थी सत्ताः मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी छोड़ने** वाले मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह सैनी ने शुक्रवार को समर्थकों के साथ सपा का दामन थाम लिया। यूपी में लगी आचार संहिता के बीच वर्चुअल रैली के माध्यम से ये सभी नेता आज सपा में शामिल हुए। स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह का सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पगड़ी पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज का दिन भारतीय जनता पार्टी के अंत का इतिहास लिखने जा रहा है। मौर्य ने कहा कि आज बीजेपी के बड़े नेता जो कुंभकर्णी नींद सो रहे थेए जिनको कभी नेताओं, विधायकों और सांसदों से बात करने का वक्त नहीं मिता थाए आज उनकी नींद हराम हो गई है। उनको नींद ही नहीं आ रही है।

स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि बीजेपी के कुछ लोग कहते हैं कि पांच साल तक इस्तीफा क्यों नहीं दिया। कुछ कहते हैं बेटे के चक्कर में बीजेपी छोड़ी है। मैं बताना चाहता हूं कि बीजेपी ने गरीबोंए पिछड़ोंए दलितों और अल्पसंख्यकों की आंख में धूल झोंककर सत्ता हथियाई थी। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार बनाएं दलित और पिछड़ेए अगड़े मलाई खाएं। उन्होंने कहा कि पहले कहा गया था कि केशव प्रसाद मौर्य या स्वामी प्रसाद मौर्य सीएम बनाए जाएंगेए लेकिन फिर गोरखपुर से लाकर बना दिया।

स्वामी ने योगी को चुनौती देते हुए कहा कि इस चुनाव में मुकाबला 15 और 85 प्रतिशत का है। 85 तो हमारा है और 15 में भी बंटवारा है। उन्होंने योगी सरकार पर दलितए पिछड़े और वंचित वर्गों का आरक्षण निष्प्रभावी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस सरकार में आवेदन और विज्ञापन जारी किए बिना ही आरक्षित वर्ग की सीटए सामान्य वर्ग को दे दी गई। उन्होंने कहा कि अब सरकारी संस्थानों का निजीकरण कर रहे हैंए जिससे आरक्षण अपने आप खत्म हो जाए। स्वामी ने कहा कि योगी जी को मैं ये कहना चाहता हूंए मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठकर पाप करोगे और दुहाई दोगे हिंदू कीए क्या आप की नजर में कुछ बड़ी जाति के लोग ही हिंदू हैं। क्या अनुसूचित जात के लोग हिंदू नही हैए पिछड़े वर्ग के लोग हिंदू नही है। यदि ये लोग हिंदू हैं तो इनका आरक्षण क्यों निगल लिया गया।

मौर्य ने कहा कि अखिलेश पढ़े लिखे हैं नौजवान हैं और प्रदेश के लाखों लोगों का साथ उनके साथ मिलकर बीजेपी को निस्तनाबूत कर देंगे। उन्होंने आगे कहा कि जिसका मैं साथ छोड़ता हूं उसका कोई वजूद नहीं रहता। मौर्य ने कहा कि हम जिसका साथ छोड़ देते हैंए उसका कहीं पता नहीं चलता। मायावती इसकी जिंदा मिसाल हैं। वह अंबेडकर के मिशन से हट गईं। मान्यवर कांशीराम के आंख मूंदते ही नारा बदल दिया था। बहन मायावती ने उनके नारे श्जिसकी जितनी भागीदारीए उसकी उतनी हिस्सेदारीट को बदल दिया। उन्होंने नया नारा दिया. जिसकी जितनी तैयारीए उसकी उतनी भागीदारी। इस मौके पर धर्म सिंह सैनी ने कहा कि हम आज मकर संक्रांति पर शपथ लेते हैं कि हम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान को बचाने के लिएए दलितों पिछड़ों के आरक्षण को सुरक्षित रखने के लिए अखिलेश यादव को 10 मार्च को मुख्यमंत्री बनाएंगे। उन्होंने अखिलेश यादव से कहा कि जो सम्मान आपने मुझे दिया परिवार के सदस्य की तरहए मैं बसपा में रहाए मंत्री बनाए जिसका सूपड़ा हम साफ करके आ रहे हैंए ;बीजेपीद्ध उसमें भी रहाए लेकिन जो मानवताए व्यवहारिकताए भाईचारा आपमें देखा है, दुनिया के किसी नेता में नहीं है। आपको विश्वास दिलाना चाहता हूंए मार्च में आपको यूपी में मुख्यमंत्री और 2024 में आपको पीएम बनवाएंगे।

## समाजवादी लोहिया वाहिनी के पदाधिकारी किए गए नामित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से समाजवादी लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी द्वारा प्रवेश कुमार यादव लखनऊ को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। वहीं मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह द्वारा आशीष सिंह कानपुर को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मो. इकबाल खां कादरी द्वारा फैसल रहमान सफ्वी उन्नाव, फारूक रज़ा कादरी पीलीभीत तथा मतलूब हुसैन गोण्डा को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है।

## रामपुर में कांग्रेस को लगा झटका, पार्टी के घोषित प्रत्याशी युसूफअली सपा में हुए शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रत्याशियों** की घोषणा करने के 24 घंटे के भीतर ही कांग्रेस को रामपुर में तगड़ा झटका लगा है। रामपुर की चमरौआ विधानसभा सीट से कांग्रेस ने पूर्व विधायक युसूफ अली को प्रत्याशी घोषित किया था। अब युसूफ अली ने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने शुक्रवार को लखनऊ में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली। युसूफअली को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सदस्यता दिलाई। युसूफ अली चमरौआ सीट से 2012 में बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे और विधायक चुने लिए गए। इस सीट पर 2012 में ही पहली बार चुनाव हुआ था। 2017 के चुनाव में भी वह चमरौआ से चुनाव लड़े और मुकाबले में रहे। बाद में वह बसपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हो गए थे। कांग्रेस ने उन्हें प्रदेश महासचिव बनाया। बीते गुरुवार को ही कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उन्हें चमरौआ से प्रत्याशी घोषित किया था और शुक्रवार को वह सपा में शामिल हो गए। उनकी पत्नी शाहीन स्वार की ब्लाक प्रमुख हैं। उनके सपा में शामिल होने से जिले में कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है।

## कांग्रेस में टिकट बंटवारे में प्रियंका मौर्या ने लगाया धांधली का आरोप

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस के महत्वपूर्ण कैंपेनश्लड़की हूं लड़ सकती हूंश् की पोस्टर गर्ल और कांग्रेस नेता डॉण्प्रियंका मौर्या ने आरोप लगाया है कि टिकट बंटवारे को लेकर पार्टी में धांधली चल रही है।

लखनऊ की सरोजनी नगर से टिकट का दावा कर रही प्रियंका मौर्य के अनुसार पार्टी ने उनके साथ बहुत बड़ा धोखा किया है। महिला कांग्रेस की मध्य जोन की उपाध्यक्ष प्रियंका मौर्या ने कहा कि मेरे नाम का इस्तेमाल किया गया। मुझे तो यूज किया गया। यह पार्टी तो महिला विरोधी है। प्रियंका मौर्या ने कहा कि यहां तो सारे टिकट पहले से तय थे। सिर्फ दिखावे के लिए स्क्रीनिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमसे कहा गया कि टिकट चाहिए तो मैराथन के लिए लड़कियां लाइये। मैराथन में लड़कियों के साथ बहुत बुरा सुलूक किया गया। स्कूटी देने में भी धांधली की गई। मौर्या ने आरोप लगाया कि धांधली के कारण लखनऊ की सरोजनीनगर विधानसभा सीट से उनका टिकट काटकर रुद्र दमन सिंह को दे दिया गया। डाण् प्रियंका मौर्या का आरोप है कि पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के सचिव ने उनका टिकट कटवाया है।

सूची जारी होने के कुछ घंटे बाद ही डॉण् प्रियंका मौर्या ने अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट करके कांग्रेस पार्टी में टिकटों की सौदेबाजी का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा है कि प्रियंका गांधी के सचिव संदीप सिंह ने उनसे टिकट के एवज में रुपये के लिए किसी से फोन करवाया था। रुपए न देने पर उनकी जगह किसी और के नाम की घोषणा कर दी। उनका दावा है कि हर आरोप का उनके पास पुख्ता सबूत है जिसे जल्द ही सार्वजनिक करेंगी। प्रियंका मौर्य ने दावा किया कि अब पार्टी उन्हें दूसरी जगह से टिकट देने की बातें कह रही है। हालांकि प्रियंका ने कहा कि मैंने लगातार यहां पर मेहनत की है। मैं प्रोफेशन से डॉक्टर हूं और यहां पर काम किया है।

## समाजवादी और अंबेडकरवादी साथ आ गए, अब कोई नहीं रोक सकता साइकिल की रफ्तारः अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा मुख्यालय** पर आयोजित वर्चुअल रैली को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने सीएम योगी आदित्यनाथ और बीजेपी पर जमकर तंज कसे। उन्होंने कहा कि बाबा मुख्यमंत्री को क्रिकेट खेलना नहीं आता हैए लेकिन आता भी होता तो उनसे अब कैच छूट गया है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा के लगातार विकेट गिर रहे हैं और भाजपा वाले ऐसे हिट विकेट हुए कि उन्हें हमारे नेताओं की रणनीति नहीं समझ पाए।

अखिलेश ने कहा कि सरकार के लोगों को पहले ही पता चल गया था कि स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह सैनी के साथ बड़ी संख्या में लोग सपा में आ रहे हैं। मुख्यमंत्री का टिकट 11 तारीख का बुक है लेकिन आप लोगों के आने से आज ही वापस गोरखपुर चले गए हैं। उन्हें वापस भेजना जरूरी भी है। पीछे मुड़कर देखें तो बाबा मुख्यमंत्री ने प्रदेश को बरबाद कर दिया है।

उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले हमने कहा था कि मुख्यमंत्री को गणित का अध्यापक रखना होगा । यह जो अस्सी और बीस की बात कर रहे हैं । समाजवादी पार्टी के साथ अस्सी फीसदी लोग खड़े ही हो गए । जिन जिन लोगों ने आज मंच को देखा होगाए स्वामी प्रसाद मौर्य की बात सुनी होगीए उससे लगता है कि वह 20 फीसदी भी उनके खिलाफ हो गए होंगे।सपा नेता ने कहा कि अब भारतीय जनता पार्टी का सफाया होना तय है । अब कोई सफाया होने से रोक नहीं सकता और जो लोग तीन चौथाई की बात कर रहे थेए वह दरअसल तीन से चार फीसदी की बात कर रहे हैं ।

यादव ने कहा कि आज भाजपा के पास कोई ठोस उपलब्धि नहीं हैं । यह वहीं भाजपा के लोग हैं जिन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया था कि सरकार आएगी तो किसानों की आय दोगुनी हो जाएगीए लेकिन किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने किसानो का डीजल पेट्रोल महंगा कर दिया।

अखिलेश ने कहा कि जनता बदलाव की तैयारी में जुटी है। नौकरी मांग रहे नौजवानों को लाठी मारी गई। ठोको नीति चलाई गई। लोगों से बदला लिया गया। स्वामी प्रसाद के आते ही पता नहीं किस जमाने का वारंट जारी करा दिया गया। जिनका हमें साथ मिला है लगातार उन्हें परेशान किया जा रहा है। डिजिटल इंडिया का करामात देखिये। छापा मारना था किसी और के यहां लेकिन अपने यहां ही मार लिया।

अखिलेश ने कहा कि समाजवादी और अंबेडकरवादी साथ आ गए हैं। साइकिल की रफ्तार को अब कोई नहीं रोक सकता है। कहा कि भाजपा ने तमाम ऐसे फैसले लिये जो कभी किसी ने सोचा नहीं था। कई बार लोग कहते हैं कि यह चुनाव सेमीफाइनल है। यह सेमीफाइनल नहींए यही फाइनल चुनाव है।

अखिलेश ने कहा कि घर में बेटा पढ़ाई में कमजोर हो तो पूरा परिवार मदद में जुट जाता है। परिवार वाले परीक्षा दिलाने में चले जाते हैं। यूपी के बाबा मुख्यमंत्री के साथ यही हो रहा है। उनकी मदद के लिए दिल्ली वाले आ रहे हैं। लेकिन अब कितनी भी मदद कर लेंए बाबा फेल हो चुके हैं। ये पास होने वाले नहीं है। इनका सुपड़ा साफ हो जाएगा।

अखिलेश ने कहा कि इस बार का चुनाव वर्चुअल और डिजिटल होने की बातें हो रही हैं। लेकिन हमारे कार्यकर्ता फिजिकल भी मुकाबला करेंगे। घर घर जाकर चुनाव प्रचार करेंगे। चुनाव आयोग के नियमों का पालन करेंगे और भाजपा का मौके पर फिजिकल मुकाबला करेंगे। यही चुनाव फाइनल है।

## भारतीय टीम की एशियन मेन्स हैंडबॉल चैम्पियनशिप में भागीदारी सुनिश्चित करेंः हाईकोर्ट



**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**सऊदी** अरब में होने जा रहे 20वें एशियन मेन्स हैंडबॉल चैम्पियनशिप में भारतीय टीम की भागीदारी सुनिश्चित करने का आदेश हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफऑफ़इंडिया को दिया है।

जस्टिस एआर मसूदी एवम जस्टिस एनके जौहरी की पीठ ने यह आदेश मोहित यादव की याचिका पर दिया है। याचिका में कहा गया था कि मार्चए 2021 में ही स्पोर्ट्स अथॉरिटी ने इस चैम्पियनशिप में भारतीय टीम के भाग लेने के लिए बजट आवंटित कर दिया था। लेकिन हैंडबॉल फेडरेशन ऑफइंडिया के मैनेजमेंट को लेकर कुछ विवाद चल रहा हैए जो पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। कहा गया कि विवाद के चलते अथॉरिटी ने बजट का आवंटन करने के बावजूद फेडरेशन को फंड जारी नहीं किया है। यह स्थिति भारतीय टीम की 20वें एशियन मेन्स हैंडबॉल चैम्पियनशिप में भागीदारी में रुकावट बन रही है। जबकि यह चैंपियनशिप 18 से 31 जनवरी तक होगा। पीठ ने इस मामले में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल की ओर से जवाब आने के बाद अपने आदेश में कहा है कि बजट का आवंटन हो चुका है। ऐसे में फेडरेशन के मैनेजमेंट गठन का विवाद विचाराधीन रहते हुए भी अथॉरिटी भारतीय टीम की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही कर सकती है।

## इस्तीफा स्वीकार होने से पहले ही मंत्रियों, विधायकों ने बदली निष्ठा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी में** विधानसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना लागू होने के बाद पिछले कुछ दिनों से विधायकों से लेकर मंत्रियों के भागमभाग का सिलसिला जारी है। इनमे योगी सरकार के 3 मंत्रियों समेत 14 विधायकों ने इस्तीफा दे दिया है। इनमे ज्यादातर ने अपनी निष्ठा दूसरे दल में जाहिर करते हुए सदस्यता भी ले ली है परए खास बात यह है कि इनके इस्तीफे अभी स्वीकार नही हुए हैं। न तो 3 मंत्रियों का इस्तीफा राजभवन ने स्वीकार किया है और न ही विधायकों का इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष ने। राज्यपाल शहर से बाहर हैं तो विधानसभा अध्यक्ष को अभी तक किसी ने अपना इस्तीफा नही भेजा है।

**अभी** तक किसी भी माननीय विधायक का इस्तीफा उनके पास नही आया है। जबकि नियमत: विधायक को अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को सौंपना चाहिए।

**हृदय नारायण दीक्षित,**
**विधानसभा अध्यक्ष,**
**उत्तरप्रदेश**



उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान हो चुका है। इसके बाद से सभी राजनीतिक दलों ने अपने आप को मजबूत करने के लिए जोड़.तोड़ की राजनीति शुरू कर दी है। ऐसे में एक के बाद एक नेता बीजेपी छोड़कर समाजवादी पार्टी में जा रहे हैं तो वही समाजवादी खेमे में बाहरी नेताओं के आने से खलबली मची हुई है। जिसका खामियाजा आने वाले दिनों में पार्टी को भुगतना पड़ सकता है। फिलहाल योगी सरकार में मंत्री रहे स्वामी प्रसाद मौर्यए डॉ धर्म सिंह सैनी ने अपना इस्तीफा राजभवन को भेजा है। जिसकी प्रति पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया में देखने को मिल रही है। मजेदार बात यह है कि अभी इनके इस्तीफे राजभवन ने स्वीकार नही किये हैं। क्योंकि राज्यपाल घटनाक्रम शुरू होने से पूर्व ही शहर से बाहर हैं। राजभवन का कहना है कि जब राज्यपाल नही हैं तो फिर स्वीकार करने का प्रश्न नही उठता है। वहीं जिन विधायकों ने अपने इस्तीफे प्रदेश अध्यक्ष को भेजे हैं उनमें से अभी किसी भी विधायक ने अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को नही भेजा है। राजनीतिक विश्लेषक प्रो रमेश दीक्षित का कहना है कि नियमत: मंत्री अपना इस्तीफा राज्यपाल को दे सकते हैं। वह चाहे तो सीएम को भी अपना इस्तीफा सौप सकते हैं लेकिन सीएम को इस्तीफा देने में यह रहता है कि सीएम आंतरिक मामला बताकर समझा सकते है। वैसे भी सीएम की भूमिका मंत्रिमंडल विस्तार के समय केवल राज्यपाल को सूची भेजने तक होती है। मंत्रियों को शपथ राज्यपाल दिलाते हैं। इसलिए राज्यपाल इस्तीफा स्वीकार कर सकते हैं।

## घटतौली और बंदरबांट ने गरीबों का राशन रसूखदारों में पहुंचायाः पुनिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कैंपेन कमेटी के चेयरमैन पीएल पुनिया ने भाजपा सरकार पर राशन वितरण में हेराफेरी का आरोप लगाते हुए कहा है कि गरीबों को मुफ्त राशन बांटने के मामले में प्रदेश में हेराफेरी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला है कि बीते माह राशन वितरण के दौरान प्रदेश के हजारों कोटेदारों ने एक.एक दिन में 300.300 कार्डधारकों को राशन बांट दिया। लेकिन इस सरकार को कानोंकान खबर तक नहीं हुई। गरीबों का राशन का बंदरबांट भाजपा ने अपने लोगों के बीच किया है।

पुनिया ने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार ने व्यवस्था ध्वस्त करने का काम किया है। प्रदेश में भाजपा सरकार की नाक के नीचे 6 हजार से अधिक कोटेदारों ने एक दिन में 300 से अधिक कार्डधारकों को राशन बांटा। इसके साथ ही प्रदेश में कई जगहों से लगातार घटतौली/हेराफेरी की खबरें आती रही हैं। इसके बावजूद इस सरकार की बेहोशी नहीं टूटी। पूरे प्रदेश में गरीबों को राशन देने के नाम पर मजाक चल रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कई ऐसे जिले हैंए जहां पर राशन उठानेए बांटने के नाम पर बंदरबांट हो रही थीए पर योगी सरकार का ध्यान सिर्फ विज्ञापन की तरफ था। विज्ञापनजीवी इस सरकार ने उत्तर प्रदेश का बंटाधार कर दिया है। राशन बांटने के नाम पर प्रदेश में लगातार आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मोदी.योगी की तस्वीरों वाले पैकेटों से राशन बांटा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में गरीबी को हटाने के बजाय योगी सरकार ने अपनी नीतियों से गरीबीए बेरोजगारी को बढ़ावा दिया है। पुनिया ने कहा कि कांग्रेस ने जो प्रतिज्ञाएं की हैंए सरकार बनने के बाद उन्हें पूरा किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी ने अपनी पहली लिस्ट में महिलाओं और युवाओं का विशेष तौर से ध्यान रखा है। हम प्रतिज्ञापत्र में महिलाए युवाए बेरोजगार, शिक्षकए आंगनबाड़ीए आशा बहनों से किए गए वादों को पूरा करेंगे।

# भाजपा ने प्रियंका पर चयनात्मक राजनीति करने का आरोप लगाया

**भाषा।** नई दिल्ली





**भाजपा** ने राजस्थान के अलवर जिले में मानसिक रूप से निशक्त 15 वर्षीय किशोरी के कथित बलात्कार की घटना को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस और उसकी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा पर निशाना साधा और चयनात्मक राजनीति करने का आरोप लगाया। पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा ऐसा क्यों है कि उत्तर प्रदेश में जाकर प्रियंका गांधी वाद्रा कहती हैं कि लड़की हूं, लड़ सकती हूं। लेकिन राजस्थान में जहां कांग्रेस की सरकार है, वहां उनके सुर लड़की हो तो लड़ना मना है और चुप रहना ही पड़ेगा में बदल जाते हैं।

राजस्थान में मानसिक रूप से निशक्त किशोरी मंगलवार रात नौ बजे अलवर के तिजारा फाटक के पास सड़क पर घायल अवस्था में मिली थी। बुधवार को जयपुर के अस्पताल में उसकी शल्य चिकित्सा की गई। पीड़िता के निजी अंगों में गंभीर चोट के कारण सर्जरी में ढाई घंटे का समय लगा। पात्रा ने कहा कि जब वह किशोरी जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रही थी उस वक्त प्रियंका गांधी वाद्रा, जो खुद को चैंपियन ऑफ महिला कहती हैं, वह राजस्थान के ही रणथंभौर में अपने परिवार के साथ जन्मदिन मना रही थीं। इस मामले को लेकर भाजपा नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस महासचिव से मिलने रणथंभौर भी गया था। पात्रा ने दावा कि यह कह कर भाजपा नेताओं को प्रियंका वाद्रा से नहीं मिलने दिया गया कि वह अपना जन्मदिन मनाने में व्यस्त हैं और किसी से मिल नहीं सकतीं। उन्होंने कहा, यह कांग्रेस पार्टी की चयनात्मक राजनीति को दर्शाता है। पात्रा ने कहा, वास्तव में आप कांग्रेसी हैं और केवल राजनीति कर सकती हैं...महिलाओं के खिलाफ अत्याचार का इस्तेमाल करते हुए, उसको राजनीति की धुरी बनाकर गांधी परिवार अपनी महत्वाकांक्षा को साधने की कोशिश कर रहा है... राहुल गांधी और प्रियंका वाद्रा कर रहे हैं। यह अक्षम्य है। उन्होंने सवाल किया कि बलात्कार पीड़ितों के साथ फोटो खिंचवा कर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले, कांग्रेस के नेता कब अलवर जाएंगे? उन्होंने यह भी पूछा कि कांग्रेस महासचिव वाद्रा ने राजस्थान में हुए जघन्य अपराध पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से क्या कोई रिपोर्ट तलब की है?पात्रा ने राज्य की महिला और बाल विकास मंत्री ममता भूपेश के उस बयान पर भी आपत्ति जताई।

## बुल्ली बाई ऐप : दो आरोपियो को न्यायिक हिरासत मे भेजा गया

**मुंबई।** एक स्थानीय अदालत ने बुल्ली बाई ऐप मामले में गिरफ्तार श्वेता सिंह और मयंक रावत को शुक्रवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पूर्व श्वेता ने पुलिस पर पूछताछ के दौरान कथित झापड़ मरने का आरोप लगाया। दो आरोपियों को मुंबई पुलिस ने महीने के शुरुआत में बुल्ली बाई ऐप के मामले गिरफ्तार किया था जिसके जरिए कथित तौर पर मुस्लिम महिलाओं को निशाना बनाया जाता था। श्वेता सिंह की उम्र 18 साल है जबकि रावत की उम्र 21 साल है और दोनों ने उपनगर बांद्रा की मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने के तुरंत बाद जमानत की अर्जी दाखिल की। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोमलसिंह राजपूत ने उन्हें यह सूचित करने के बाद जेल भेजा कि रावत कोरोना वायरस से संक्रमित हैं। इस मामले में पहले आरोपी विशाल झा और मामले के जांच अधिकारी भी सप्ताह के शुरुआत में कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे।



मुंबई में धारावी क्षेत्र में नए चावल की फसल की डिश तैयार कर पोंगल पर्व मनाते हुए लोग।

## गोवा विस चुनाव में 40 में से 38 सीटों पर लड़ेगी भाजपा : पार्टी पदाधिकारी

**पणजी।** गोवा में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रदेश में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों में 40 में से 38 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पदाधिकारी ने पीटीआई-भाषा से बात करते हुए कहा कि दो विधानसभा क्षेत्रों - बेनालिम और नुवेम में पार्टी अपने चुनाव चिन्ह पर कोई उम्मीदवार नहीं उतारेगी।

बेनालिम और नुवेम विधानसभा क्षेत्र के लोग परंपरागत रूप से गैर-भाजपाई उम्मीदवारों के लिए मतदान करते हैं। यह दोनों ईसाई बहुल सीटें हैं। फिलहाल बेनालिम का प्रतिनिधित्व चर्चिल अलेमाओ करते हैं जो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के टिकट पर चुनाव जीतने के बाद पिछले महीने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हो गए थे। वहीं नुवेम का प्रतिनिधित्व विल्फ्रेड डीसा करते हैं जिन्होंने पिछला चुनाव कांग्रेस के टिकट पर जीता था लेकिन बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे।

पदाधिकारी ने कहा, उम्मीदवारों के बारे में औपचारिक घोषणा 16 जनवरी के बाद की जाएगी, जब पार्टी का संसदीय बोर्ड सूची को मंजूरी देगा। उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा अपनी कोर समिति की बैठकें कर रही है। गोवा चुनावों के लिए पार्टी के प्रभारी और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं, जिसमें भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सदानंद शेत तानावड़े, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत सहित अन्य लोग शामिल हुए।

सावंत ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा था कि भाजपा के पदाधिकारी 15 जनवरी को शीर्ष नेताओं के साथ बैठक करने के लिए दिल्ली जाएंगे, जबकि पार्टी का संसदीय बोर्ड अगले दिन उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देगा।

## केजरीवाल, भगवंत मान ने पंजाब के मुख्यमंत्री के क्षेत्र में किसानों से मुलाकात की

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पार्टी की पंजाब इकाई के संयोजक भगवंत मान ने पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के विधानसभा क्षेत्र चमकौर साहिब में कुछ किसानों से मुलाकात की। पार्टी द्वारा शुक्रवार को जारी किसानों से मुलाकात के संक्षिप्त वीडियो में केजरीवाल और मान सरसों के खेत में रखी चारपाई पर बैठे दिख रहे हैं और कुछ किसानों से बात कर रहे हैं। मान वीडियो में किसानों से पूछते सुने जा सकते हैं कि क्या उन्हें गन्ना फसल का भुगतान मिला है और किसान कह रहे हैं कि उनका बकाया अभी तक नहीं मिला। फिर केजरीवाल किसानों से पूछते हैं, क्या आपको दो साल से फसल का पैसा नहीं मिला। एक किसान को आप नेताओं से कहते सुना जा सकता है कि इलाके के कई युवा बेरोजगार हैं। तब केजरीवाल कहते हैं, तो क्या आप इस बार बदलाव ला रहे हैं?

## अगर ठाकरे घर से नहीं निकल सकते तो किसी और को अधिकार सौंप दें: भाजपा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा रीढ़ की हड्डी की सर्जरी कराने के बाद स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे यदि घर से नहीं निकल सकते तो उन्हें अपने अधिकार साथी मंत्रियों को सौंप देने चाहिए। भाजपा के एक नेता ने कहा कि यदि ठाकरे को अन्य नेताओं पर भरोसा नहीं है तो वह अपने बेटे और आदित्य ठाकरे को प्रभार सौंप सकते हैं। ठाकरे (61) ने नवंबर, 2021 में सर्वाइकल स्पाइन सर्जरी कराई थी। वह दिसंबर के अंतिम सप्ताह में आयोजित राज्य विधानसभा के पांच दिन तक चले पूरे शीतकालीन सत्र में अनुपस्थित रहे। हालांकि वह आधिकारिक बैठकों में अपने आवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हो रहे हैं।



कोल्हापुर में संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने कहा, लोग कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री ने पिछले करीब 70 दिन से लोगों से मुलाकात नहीं की है। इसलिए ठाकरे को उनके अधिकार किसी और को दे देने चाहिए जो उनकी जगह दैनिक बैठकों में शामिल हो सकें और कभी-कभी राज्य में कुछ स्थानों का दौरा कर सकें। उन्होंने कहा, वह हमारे मित्र की तरह हैं, इसलिए उनके जल्द पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हालांकि घर पर बैठकर करीब 12 करोड़ की आबादी वाले राज्य को संभालने और नियंत्रित करने का काम नहीं किया जा सकता। ऐसी जिम्मेदारियों को और अधिक गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री संभाजी पाटिल निलंगेकर ने लातूर में जारी बयान में कहा कि उद्धव ठाकरे घर से नहीं निकल पा रहे और उनकी सरकार दिशाविहीन हो गई है, ऐसे में उन्हें कुछ समय के लिए अपना कामकाज उप मुख्यमंत्री अजित पवार या अन्य किसी मंत्री को सौंप देना चाहिए। निलंगेकर ने कहा कि अगर उन्हें अजित पवार या उनकी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) पर भरोसा नहीं है तो वह अपने बेटे और पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे को जिम्मेदारी दे सकते हैं।भाजपा नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को कोविड-19 के हालात की समीक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई बैठक में भी शामिल नहीं हुए। उधर चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि राकांपा और कांग्रेस के साथ गठबंधन के कारण शिवसेना चुनावों में हार रही है।

## क्विक न्यूज

### राज्य चुनाव आयोग बंगाल निकाय चुनाव टालने की संभावनाएं तलाशनेः उच्च न्यायालय

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) को पश्चिम बंगाल में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर चार नगर निगमों में निकाय चुनाव चार से छह सप्ताह के लिए स्थगित करने की संभावनाएं तलाशने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति अजय कुमार मुखर्जी की पीठ ने 13 जनवरी के अपने आदेश में कहा कि राज्य चुनाव आयोग इस संबंध में 48 घंटे के भीतर निर्णय ले। एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि एसईसी को राज्य में कोविड-19के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखना होगा। साथ ही पीठ ने कहा कि उत्तर 24 परगना जिले और चंदननगर कस्बे में संक्रमण के काफी मामले हैं। इससे पहले, एसईसी ने कहा था कि बिधाननगर, चंदननगर, सिलीगुड़ी और आसनसोल नगर निगम में 22 जनवरी को चुनाव होंगे। बिधाननगर उत्तर 24 परगना जिले में आता है। अदालत ने यह भी कहा कि एसईसी को यह भी विचार करना चाहिए कि क्या इन परिस्थितियों में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराना संभव है। अदालत ने कहा कि एसईसी के पास चुनाव स्थगित करने के संबंध में फैसला लेने की पर्याप्त शक्तियां है।

### बारूदी सुरंग में विस्फोट, एसएसबी का जवान घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिससे इस घटना में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) का एक जवान घायल हो गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। कांकेर जिले के पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां बताया कि जिले के रावघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत पटकलबेड़ा गांव के जंगल में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिससे इस घटना में एसएसबी के 33वी बटालियन का जवान घायल हो गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कोसरोंडा शिविर से एसएसबी के जवानों को गश्त में रवाना किया गया था। जवान जब पटकलबेड़ा गांव के जंगल में थे तब नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया। इस घटना में एक जवान घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद घायल जवान को जंगल से बाहर निकाला गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के रावघाट और ताड़ोकी क्षेत्र में निर्माणाधीन दल्लीराजहरा (बालोद जिला)-रावघाट (कांकेर) रेलवे परियोजना की सुरक्षा के लिए वर्ष 2016 से एसएसबी के 33वी और 28 वी बटानिलयन को तैनात किया गया है।

### कोविड के कारण मकर संक्रांति पर गंगा घाट रहे सूने

**देहरादून।** देश भर में कोविड-19 के मामलों में हो रही बढोत्तरी के मद्देनजर गंगा स्नान पर लगे प्रतिबंध के कारण मकर संक्रांति के पर्व पर शुक्रवार को हरिद्वार और ऋषिकेश में गंगा घाट सूनसान नजर आए। मकर संक्रांति पर हर साल लाखों श्रद्धालुओं से गुलजार रहने वाले हरिद्वार में हर की पौड़ी घाट और ऋषिकेश में त्रिवेणी घाट पर केवल पुलिसकर्मी ही नजर आए जो यह सुनिश्चित करने के लिए मुस्तैद रहे कि प्रतिबंध का उल्लंघन न हो। हरिद्वार के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हरिद्वार की सीमा पर गश्त और जांच तेज कर दी गई जिससे प्रतिबंध की जानकारी न रखने वाले श्रद्धालु भी गंगा स्नान के लिए हर की पौड़ी क्षेत्र में न पहुंच सकें। उन्होंने बताया कि जानकारी के अभाव में गंगा में डुबकी लगाने के लिए हरिद्वार की ओर जा रहे कई श्रद्धालुओं को रास्ते से ही वापस कर दिया गया। हरिद्वार के जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय और देहरादून के उनके समकक्ष आर राजेश कुमार ने कोविड मामलों में बढोत्तरी को देखते हुए कुछ दिन पहले ही मकर संक्रांति के पर्व पर गंगा स्नान पर रोक के आदेश जारी कर दिए थे।

### गुजरात : उत्तरायण त्योहार पर पतंग उड़ाने के दौरान मांझे से 450 लोग घायल

**अहमदाबाद।** गुजरात मे शुक्रवार को उत्तरायण त्योहार के दौरान पतंग उड़ाने के दौरान मांझे से हुए हादसों मे कम से कम 451 लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाम तक 108 आपातकालीन एंबुलेंस सेवाओं ने 224 घायलों को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया है, जिनमे से अधिक्तर सड़कों पर जा रहे लोग है। पतंग के मांझे से उनके गले या चेहरा पर कट लगने से चोट आई है। अधिकारी ने बताया कि अब तक पतंग उड़ाने संबंधी हादसों मे किसी की मौत का मामला दर्ज नही किया गया है। एंबुलेंस सेवा द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, मांझे से घायल हुए 224 लोगों मे से 62 मामले अकेले अहमदाबाद के है जबकि वड़ोदरा में 26, राजकोट में 25, सूरत मे 24, भावनगर में नौ और गांधीनगर में आठ लोग जख्मी हुए है। उन्होंने बताया कि देर शाम तक 108 एंबुलेंस सेवा पर आपात मदद के लिए कुल 2,639 फोन आए, जो पिछले साल आए 2,275 फोनकॉल के मुकाबले अधिक है।



भोपाल में मकर संक्रान्ति पर्व के अवसर पर पतंग उड़ाते हुए लोग।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जोगिंदर सिंह मान ने पार्टी से इस्तीफा दिया, आप में शामिल होने की संभावना

**फगवाड़ा (पंजाब)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पंजाब के पूर्व मंत्री जोगिंदर सिंह मान ने शुक्रवार को पार्टी से 50 साल पुराना नाता तोड़ते हुए इस्तीफा दे दिया। अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय के नेता मान करोड़ों रुपए के कथित पोस्ट-मैट्रिक एससी छात्रवृत्ति घोटाले के अपराधियों के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं किए जाने और फगवाड़ा को जिला का दर्जा नहीं देने से नाराज थे। उन्होंने पार्टी और पंजाब कृषि उद्योग निगम के अध्यक्ष के रूप में इस्तीफा दे दिया। मान के आप में शामिल होने की संभावना है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखे पत्र में, फगवाड़ा के पूर्व विधायक ने कहा कि उनका एक सपना था कि वह एक कांग्रेसी के रूप में मरेंगे। मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के दोषियों को कांग्रेस का संरक्षण है, और ऐसे में मेरी अंतरात्मा मुझे यहां (पार्टी में) रहने की अनुमति नहीं देती है।

मान बेअंत सिंह, राजिंदर कौर भट्ठल और अमरिंदर सिंह नीत सरकारों में मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया, कैप्टन अमरिंदर सिंह,नवजोत सिंह सिद्धू जैसे राजे महाराजे, धनाढ्य और अवसरवादी नेता जब से कांग्रेस में आए,उन्होंने अपने निहित स्वार्थों के लिए पार्टी का इस्तेमाल किया और पार्टी के सिद्धांत और मूल्य हाशिए पर चले गए। बस सबका एक ही मूल मंत्र रह गया कि किस तरह चुनाव जीतकर सत्ता को हथियाया जाए। एससी छात्रवृत्ति घोटाला 2020 में तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य सचिव की एक रिपोर्ट के बाद सामने आया था, जिसमें 55.71 करोड़ रुपए की कथित हेराफेरी का पता चला था। रिपोर्ट में तत्कालीन सामाजिक न्याय मंत्री साधु सिंह धर्मसोत की कथित रूप से घोटाले में शामिल लोगों को बचाने में भूमिका पर भी सवाल उठाया गया था।

## बिना सोचे-समझे लॉकडाउन लगा दिया गया था, अच्छा है इस बार घोषणा नही की गई : राकांपा

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोरोना वायरस की स्थिति पर मुख्यमंत्रियों के साथ बातचीत करने के एक दिन बाद, राकांपा ने शुक्रवार को उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह अच्छा था कि इस बार तालाबंदी (लॉकडाउन) की घोषणा नहीं की गई, जैसा कि अतीत में लोगों को विश्वास में लिए बगैर और बिना किसी विचार के (लॉकडाउन) लगाया गया था। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के कई नेताओं के पार्टी छोड़ने के बारे में बोलते हुए, राकांपा ने कहा कि वहां भगवा पार्टी का पांच साल का अहंकार का शासन इसके लिए जिम्मेदार कारणों में से एक था। मोदी ने देश में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के कारण संक्रमण के मामलों में वृद्धि के बीच महामारी की स्थिति पर मुख्यमंत्रियों के साथ एक डिजिटल बातचीत की थी। इसके बारे में बात करते हुए, राकांपा के मुख्य प्रवक्ता और महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक ने कहा, लोग डरे हुए थे कि लॉकडाउन का एक और दौर हो सकता है।

## न्यायालय विचार करेगा कि क्या पत्नी की जानकारी के बिना उसकी टेलीफोन बातचीत रिकॉर्ड करना निजता का उल्लंघन है

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इस सवाल पर विचार करने पर सहमति जताई है कि क्या पत्नी की जानकारी के बिना उसकी टेलीफोन बातचीत की रिकॉर्डिंग उसकी निजता का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति विनीत सरण और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 12 दिसंबर, 2021 के एक आदेश के खिलाफ दायर अपील पर नोटिस जारी किया। पीठ ने 12 जनवरी को अपने आदेश में कहा, नोटिस जारी किया जाए। शीर्ष अदालत एक महिला की याचिका पर उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश की पीठ के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी जिसने ने कुटुंब अदालत के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर आदेश दिया था। बठिंडा कुटुंब अदालत ने महिला से अलग रहने वाले उसके पति को उसकी और उसकी पत्नी की रिकॉर्डेड बातचीत से संबंधित सीडी को प्रमाणित करने के लिए कहा था।

## नन बलात्कार मामले में बिशप फ्रैंको मुलक्कल को बरी किया

**कोट्टायम (केरल)।** केरल में कोट्टायम की एक अदालत ने बिशप फ्रैंको मुलक्कल को नन से बलात्कार के आरोपों से शुक्रवार को बरी कर दिया। अतिरिक्त जिला एवं सत्र अदालत, प्रथम, ने बिशप को बरी कर दिया क्योंकि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ सबूत पेश करने में विफल रहा था। फैसला सुनने के लिए अदालत पहुंचे मुलक्कल ने राहत की सांस ली और इस दौरान उनकी आंखें भी नम हो गई। फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने अपने समर्थकों और वकीलों को गले भी लगाया। मुलक्कल (57) ने पत्रकारों से कहा, भगवान का शुक्रिया। फैसले के बाद उनके कुछ अनुयाई खुशी से रोते हुए भी दिखाए दिए। फैसले के तुरंत बाद जारी एक संक्षिप्त बयान में जालंधर डायोसिस ने उन सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया, जो लगातार बिशप की बेगुनाही में विश्वास करते रहे और उन्हें आवश्यक कानूनी सहायता प्रदान करते रहे।

बिशप के कानूनी दल के एक वकील ने कहा, अभियोजन पक्ष, बिशप के खिलाफ आरोपों को साबित करने में बुरी तरह विफल रहा है। वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी एस. हरिशंकर ने कहा कि फैसला स्वीकार्य नहीं है और इसके खिलाफ अपील की जानी चाहिए। हरिशंकर ने बिशप के खिलाफ बलात्कार मामले में विशेष जांच दल का नेतृत्व किया था। उन्होंने कहा, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है। हमें इस मामले में उन्हें दोषी ठहराए जाने की पूरी उम्मीद थी। लोक अभियोजक जितेश जे. बाबू ने भी यही भावना व्यक्त की और कहा कि पीड़िता के बयान के बावजूद ऐसा फैसला आया। उन्होंने कहा, इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

सरकार की मंजूरी मिलने के बाद फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। नन ने जून 2018 में पुलिस को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि 2014 से 2016 के बीच मुलक्कल ने उनका यौन शोषण किया था। वह तब रोमन कैथोलिक चर्च के जालंधर डायोसिस के बिशप थे। कोट्टायम जिले की पुलिस ने जून 2018 में ही बिशप के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज किया था।

मामले की तहकीकात करने वाले विशेष जांच दल ने बिशप को सितंबर 2018 में गिरफ्तार किया था और उन पर गलत तरीके से बंधक बनाने, बलात्कार करने, अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने और आपराधिक धमकी देने के आरोप लगाए थे। मामले में नवंबर 2019 में सुनवाई शुरू हुई, जो 10 जनवरी को पूरी हुई थी। अदालत ने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को उसकी अनुमति के बिना मुकदमे से संबंधित किसी भी सामग्री को प्रसारित करने पर रोक लगा दी थी।

### अदालती फैसले से बलात्कार पीड़िता के समर्थक स्तबध, बिशप ने कहा, प्रभु का गुणगान करिए

**कोट्टायम (केरल)।** केरल में एक नन के साथ बलात्कार के आरोप से रोमन कैथलिक बिशप फ्रांको मुलक्कल के बरी हो जाने पर शुक्रवार को पीड़िता की समर्थक ननों ने अदालत के फैसले पर स्तब्धता जताते हुए निराशा प्रकट की और कहा कि न्याय मिलने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। वहीं प्रसन्न दिख रहे बिशप ने अपने अनुयायियों से प्रभु का गुणगान करने एवं प्रसन्न रहने की अपील की। न्याय की लड़ाई में सदैव पीड़िता के साथ खड़ी रहीं यहां के कुराविलांगड कन्वेंट की ननों ने रूंधे गले से कहा कि उन्हें अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि अदालत से ऐसा फैसला आएगा। उन्हें नहीं पता कि क्या हुआ? पीड़िता एवं उनकी समर्थक नन दक्षिण केरल के इस जिले में कुराविलांगड कन्वेंट में रहती हैं। न्याय के लिए ननों के संघर्ष का चेहरा रही सिस्टर अनुपमा ने संवाददाताओं से कहा कि वे निश्चित ही इस फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती देंगी और अपनी बेबस सहयोगी की लड़ाई को आगे ले जाएंगी। जो धनी एवं प्रभावशाली हैं वे इस समाज में कुछ भी कर सकते हैं। समाज में यही हम अपने आसपास देखते हैं। हमने इस मामले की बहस के समय तक कुछ भी अजीब महसूस नहीं किया।



अमृतसर में स्वर्ण मन्दिर में मकर संक्रान्ति पर्व के अवसर पर सिख देवता की पूजा करने के लिए भीड़ लगाए हुए श्रद्धालु।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 15 जनवरी 2022



# उद्यम पूंजी कोष छोटे शहरों के स्टार्टअप पर ध्यान दें: गोयल

भाषा। नई दिल्ली



**उद्योग** एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने वैश्विक उद्यम पूंजी कोष को दूसरे एवं तीसरे दर्जे के शहरों के स्टार्टअप पर खास ध्यान देने का आह्वान करते हुए शुक्रवार को कहा कि उन्हें निवेश के लिए नए क्षेत्रों पर गौर करना चाहिए। वैश्विक उद्यम पूंजी (वीसी) कोषों के साथ एक गोलमेज बैठक की अध्यक्षता करते हुए गोयल ने कहा कि सरकार ने स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए पहले ही कई कदम उठाए हैं और भविष्य में भी वह ऐसा करती रहेगी। गोयल ने उद्यम पूंजी कोषों से निवेश, प्रोत्साहन एवं संरक्षण के लिए नए क्षेत्रों की तलाश करने के लिए न्योता देते हुए कहा कि इस तरह युवा भारतीय उद्यमियों के बनाए बौद्धिक संपदा उत्पादों का संरक्षण हो सकेगा। इससे पूंजी प्रवाह की संभावनाएं भी मजबूत हो सकेंगी।

भारत में इस समय 55 उद्योगों में करीब 61,000 स्टार्टअप काम कर रहे हैं और इनमें से दूसरे एवं तीसरे दर्जे के शहरों का अनुपात 45 फीसदी है। स्टार्टअप परिवेश के लिए सरकार ने 49 नियामकीय सुधारों को लागू किया है ताकि कारोबार सुगम हो और पूंजी जुटाना आसान हो एवं अनुपालन बोझ कम हो सके। उद्यम पूंजी कोषों के साथ यह गोलमेज बैठक स्टार्टअप इंडिया नवाचार सप्ताह के मौके पर आयोजित की गई। इसमें अमेरिका, जापान, कोरिया एवं सिंगापुर जैसे देशों के 75 से अधिक उद्यम पूंजी कोष निवेशकों ने शिरकत की।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक इस बैठक में शामिल वीसी फंड भारतीय बाजार में 30 अरब डॉलर से भी अधिक परिसंपत्ति का प्रबंधन कर रहे हैं। उद्यम पूंजी कोषों की तरफ से भी सरकार को कई सुझाव दिए गए।

## दिसंबर में यात्री वाहनों की बिक्री 13 प्रतिशत घटी: सियाम

**नई दिल्ली।** देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 13 प्रतिशत घटकर 2,19,421 इकाई रह गई। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दिसंबर 2020 में 2,52,998 यात्री वाहन बिके थे। सियाम के आंकड़ों के अनुसार दो पहिया वाहनों की बिक्री भी 11 फीसदी गिरकर 10,06,062 इकाई रही जो दिसंबर 2020 में 11,27,917 इकाई थी। दिसंबर 2020 में 7,44,237 मोटरसाइकिल बिकी थीं जो बीते दिसंबर दो फीसदी गिरकर 7,26,587 रह गई। स्कूटर की बिक्री भी 24 प्रतिशत घटकर 2,46,080 इकाई रह गई जो इससे एक साल पहले 3,23,757 इकाई थी। इस वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में यात्री वाहनों की बिक्री 15 फीसदी की गिरावट के साथ 7,61,124 इकाई रही जो एक साल पहले 8,97,908 थी। दिसंबर तिमाही में दो पहिया वाहनों की बिक्री 25 फीसदी गिरकर 35,98,299 रह गई जो एक वर्ष पहले इसी अवधि में 47,82,110 थी।

# भारत और ब्रिटेन के लिए परस्पर लाभदायक एफटीए लाना चाहते हैं: ऐनी मेरी ट्रेवेलियन

भाषा। नई दिल्ली

**ब्रिटेन** की अंतराष्ट्रीय व्यापार मामलों की मंत्री ऐनी मेरी ट्रेवेलियन ने कहा कि भारत और ब्रिटेन आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए मुक्त व्यापार समझौता करना चाहते हैं जो दोनों देशों के लिए परस्पर लाभदायक है। ट्रेवेलियन ने उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष इस समझौते के लिए इस साल के अंत या 2023 की शुरुआत तक वार्ता पूरी कर लेंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 13 जनवरी को यहां मेरी ट्रेवेलियन से मुलाकात की थी और प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत की औपचारिक शुरुआत की थी। इस समझौते से 2030 तक द्विपक्षीय कारोबार दोगुना होने में मदद मिलेगी और दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा मिलेगा। दोनों ही पक्ष दिसंबर 2022 तक वार्ता को पूरा कर लेना चाहते हैं और जल्द ही अंतरिम समझौता करना चाहते हैं। ट्रेवेलियन ने कहा, हम एफटीए लाना चाहते हैं जो दोनों ही देशों के लिए पारस्परिक लाभदायक हो। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के विचार सकारात्मक हैं तथा दोनों ही पक्षों से निवेश को बढ़ावा देना इस समझौते का अभिन्न अंग होगा। उन्होंने कहा कि दोनों ही देशों के पास नई आर्थिक साझेदारी बनाने का स्वर्णिम अवसर है क्योंकि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ेगी। गोयल ने कहा कि इस समझौते से चमड़ा, कपड़ा, आभूषण और प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों के भारत से निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। भारत की ओर से 2020-21 में ब्रिटेन को निर्यात 8.15 अरब डॉलर जबकि आयात 4.95 अरब डॉलर रहा।

## सात बैंकों के संघ से 117.5 करोड़ डॉलर जुटाए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड ने सात बैंकों के संघ से 117.5 करोड़ डॉलर की राशि जुटाई है। एक बयान में कहा गया कि आरईसी लिमिटेड ने मेंडेटेड लीड अरेंजर ऐंड बुकरनर्स (एमएलएबीएस) के रूप में सात बैंकों के संघ से 117.5 करोड़ डॉलर की राशि जुटाई है।बयान के अनुसार, यह किसी भी भारतीय गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) द्वारा अंतरराष्ट्रीय बैंक ऋण बाजार में उठाया गया सबसे बड़ा सिंडिकेटेड ऋण है। इसमें कहा गया कि इस करार में सात भारतीय और अंतरराष्ट्रीय बैंक शामिल हैं जिनके नाम हैं एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, डीबीएस, एमयूएफजी और एसएमबीसी। इसके जरिए मिलने वाले लाभ का उपयोग अवसंरचना ऊर्जा क्षेत्र की परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।

## मदर डेयरी को घी श्रेणी में 20 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद

**अहमदाबाद।** घी सेगमेन्ट में तेज़ी से विकास के मद्देनजरए डेयरी उद्योग की दिग्गज मदर डेयरी ने देश भर में 40ए000 नए रीटेल आउटलेट्स पर उत्पाद उपलब्ध कराने की योजना बनाई है। इसमें महाराष्ट्रए उत्तर प्रदेश और हरियाणा जैसे राज्यों की ओर ध्यान केंद्रित करने के लक्ष्य के साथए अगले तीन सालों में इस कैटेगरी में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का लक्ष्य रखा है। मदर डेयरी का मानना है कि इससे बाजारों में नकली उत्पादों से जूझ रहे उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने की दिशा में ये अहम पहल होगी। इसके तहत इस प्रोडक्ट को देश के 200 शहरों में 50ए000 अतिरिक्त रीटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध कराया जाएगा। इस विस्तार के तहत उत्कृष्ट गुणवत्ता का उत्पाद उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगाए जो बाज़ार में मौजूद नकली उत्पादों की समस्या से जूझ रहे हैं। घी कैटेगरी में तेज़ी से विस्तार की योजनाओं के बारे में संजय शर्माए बिज़नेस ने जानकारी दी।

## एजीएस ट्रांजैक्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का आईपीओ

**मुंबई।** एजीएस ट्रांजैक्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम ऑफर को 19 जनवरी, 2022 को खोलने का प्रस्ताव दिया है। ऑफ़र का प्राइस बैंड 10 प्रत्येक के अंकित मूल्य पर 166 से 175 प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित किया गया है। इक्विटी शेयर१ न्यूनतम 85 इक्विटी शेयर और उसके बाद 85 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती हैइस ऑफ़र में एजीएस ट्रांजैक्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के 10 के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर शामिल हैं। जो कुल मिलाकर 6,800 मिलियन ऑफ़र के हैंए जो ऑफ़र फॉर सेल के जरिए उपलब्ध कराये जा रहे हैं। रवि बी गोयल प्रमोटर सेलिंग शेयर धारक, के 6,775.80 मिलियन इक्विटी शेयर वीसी गुप्ते के 7.63 मिलियन के इक्विटी शेयर्सए शैलेश शेट्टी के 5.97 मिलियन के इक्विटी शेयर्स राकेश कुमार के 4.64 मिलियन के इक्विटी शेयर्सए श्री निखिल पटियात के 2.98 मिलियन तक के इक्विटी शेयर औरराजेश हर्षदराय शाह के 2.98 मिलियन तक के इक्विटी शेयर सामूहिक रूप से १अन्य विक्रेता शेयरधारकश्द्ध शामिल हैं। यह ऑफ़र प्रतिभूति संविदा विनियमनद्ध नियम 1957 के नियम 192, बी के अनुसार संशोधित एससीआरआर जिसे सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 31 के साथ पढ़ा जाये।

# पोर्क आयात करने के फैसले के खिलाफ पूर्वोत्तर के सूअरपालक

भाषा। कोलकाता



**अमेरिका** से पोर्क (सूअर का मांस) के आयात की अनुमति देने के केंद्र सरकार के फैसले से आक्रोशित पूर्वोत्तर के सूअरपालक किसानों का कहना है कि इससे लाखों लोगों के सामने आजीविका का संकट पैदा हो सकता है देश में कुल पोर्क खपत में पूर्वोत्तर की लगभग 70 प्रतिशत हिस्सेदारी है और यहां के किसानों को डर है कि बराबरी का मुकाबला नहीं होने और सस्ते अमेरिकी पोर्क उत्पादों से देशी बाजार प्रभावित हो सकता है।

अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई और कृषि सचिव टॉम विल्सैक ने हाल ही में घोषणा की थी कि अमेरिकी कृषि व्यापार के लिए लंबे समय से चली आ रही बाधा को दूर करते हुए भारत पहली बार पोर्क और पोर्क उत्पादों का आयात करने के लिए तैयार हो गया है। एक हजार से अधिक सदस्यों वाले पूर्वोत्तर प्रगतिशील सूअर पालक किसान संघ (एनईपीपीएफए) ने कहा, हम इस कदम का पूरी तरह से विरोध करेंगे, क्योंकि इससे लाखों लोगों की आजीविका प्रभावित होगी। यह फैसला एक तेजी से बढ़ते क्षेत्र के खात्मे की शुरूआत होगा। एनईपीपीएफए के अध्यक्ष मनोज कुमार बसुमतारी ने कहा कि इस क्षेत्र में देश के लगभग 40 प्रतिशत सूअर हैं, और यहां सालाना लगभग 1.3 लाख टन पोर्क तैयार होता है।उन्होंने कहा कि अमेरिकी सूअरों की आनुवंशिकी और पालन-पोषण की प्रक्रिया पूरी तरह से अलग है, तथा अमेरिकी पोर्क उत्पादों के आयात की अनुमति देने से हमें मुकाबले के लिए बराबरी का मौका नहीं मिलेगा।

बसुमतारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि केंद्र सरकार को इस फैसले की जगह सूअरों के प्रजनन और चारे की गुणवत्ता में सुधार लाने और किसानों को ऋण उपलब्ध कराने पर ध्यान देना चाहिए।

# शेयर बाजार में पांच दिन से जारी तेजी पर विराम, सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली गिरावट

भाषा। मुंबई

**घरेलू** शेयर बाजारों में पिछले पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स तथा एनएसई निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक बाजारों में नकारात्मक रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार नुकसान में रहा। पूरे कारोबार के दौरान बाजार में नरमी रही।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 12.27 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 61,223.03 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 2.05 अंक यानी 0.01 प्रतिशत नुकसान के साथ 18,255.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 2.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ एशियन पेंट्स सर्वाधिक नुकसान में रही। इसके अलावा एक्सिस बैंक, एचयूएल, विप्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी तथा भारती एयरटेल भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टीसीएस, इन्फोसिस, एल एंड टी, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं। इनमें 1.84 प्रतिशत तक की तेजी रही।सेंसेक्स के 18 शेयर नुकसान में और 12 लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में गिरावट के रुख के साथ घरेलू बाजार नुकसान में खुले। हालांकि बाद में आईटी, रियल्टी और स्वास्थ्य से जुड़े शेयरों में तेजी से यह नुकसान से उबरते हुए स्थिर बंद हुआ। उन्होंने कहा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों के बयान से वैश्विक बाजारों में बिकवाली हुई। बयान में मार्च के दौरान नीतिगत दर में वृद्धि का संकेत दिया गया। अमेरिका में खुदरा महंगाई दर के 40 साल के उच्च स्तर पर पहुंचने के साथ वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति चिंता का विषय बनी हुई है। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स।,478.38 अंक यानी 2.47 प्रतिशत और निफ्टी 443.05 अंक यानी 2.48 प्रतिशत मजबूत हुए।







## दिसंबर में निर्यात 38.91 प्रतिशत बढ़कर 37.81 अरब डॉलर रहा, व्यापार घाटा भी बढ़ा

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग, कपड़ा और रसायन जैसे क्षेत्रों के बढ़िया प्रदर्शन के कारण दिसंबर 2021 में देश का निर्यात सालाना आधार पर 38.91 प्रतिशत बढ़कर 37.81 अरब डॉलर हो गया। हालांकि दिसंबर में ही व्यापार घाटा बढ़कर 21.68 अरब डॉलर हो गया। सरकारी आंकड़ों से शुक्रवार को यह जानकारी मिली। इन आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर 2021 में आयात 38.55 फीसदी बढ़कर 59.48 अरब डॉलर हो गया। अप्रैल से दिसंबर 2021-22 के बीच निर्यात 49.66 फीसदी बढ़कर 301.38 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के मुताबिक इस अवधि के दौरान आयात 68.91 प्रतिशत बढ़कर 443.82 अरब डॉलर हो गया, जिससे व्यापार घाटा 142.44 अरब डॉलर हो गया।

# डब्ल्यूईएफ का दावोस एजेंडा शिखर सम्मलेन 17 जनवरी से

भाषा। नई दिल्ली जिनेवा



**विश्व** आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के ऑनलाइन आयोजित होने जा रहे दावोस एजेंडा शिखर सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले दिन संबोधित करेंगे।पांच दिवसीय यह शिखर सम्मेलन 17 जनवरी से आरंभ हो रहा है जिसमें अन्य वैश्विक नेता भी 2022 के लिए विश्व को लेकर अपने दृष्टिकोण साझा करेंगे। डब्ल्यूईएफ को कोरोना वायरस महामारी के कारण सालाना बैठक का प्रत्यक्ष आयोजन रद्द करना पड़ा। दावोस एजेंडा शिखर सम्मेलन का आयोजन लगातार दूसरी बार डिजिटल तरीके से हो रहा है। 2022 की सालाना बैठक इस वर्ष के अंत में हो सकती है।कार्यक्रम की घोषणा करते हुए डब्ल्यूईएफ ने कहा कि दावोस एजेंडा 2022 ऐसा पहला वैश्विक मंच होगा जहां विश्वभर के महत्वपूर्ण नेता 2022 के लिए अपने दृष्टिकोण साझा करेंगे। इस कार्यक्रम का विषय विश्व के हालात है। मोदी के अलावा, इस सम्मेलन को जापान के प्रधानमंत्री किशिदा फुमियो, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन, अमेरिकी की वित्त मंत्री जेनेट एल एलेन समेत अनेक वैश्विक नेता संबोधित करेंगे। विश्व आर्थिक मंच के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष क्लॉस श्वाब ने कहा, हर कोई उम्मीद कर रहा है कि 2022 में कोविड-19 महामारी और इससे उत्पन्न संकट धीरे-धीरे कम होने लगेगा।

## भारत ने श्रीलंका को 90 करोड़ डॉलर से अधिक की वित्तीय सहायता दी

**कोलंबो।** भारत ने श्रीलंका को 90 करोड़ डॉलर से अधिक का कर्ज देने की घोषणा की है। इससे देश को विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने और खाद्य आयात में मदद मिलेगी। आर्थिक संकट से गुजर रहे श्रीलंका में इस समय लगभग आवश्यक वस्तुओं की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। श्रीलंका के सेंट्रल बैंक के गवर्नर अजीत निवार्ड कैबराल ने बुधवार को कहा था कि उनका देश भारत से एक अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण पर बातचीत कर रहा है। श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने बृहस्पतिवार को कैबराल से मुलाकात की और पिछले सप्ताह आरबीआई द्वारा 90 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सुविधाओं का विस्तार करने के मद्देनजर श्रीलंका को भारत का मजबूत समर्थन जताया।

## कोरोना संक्रमितों को नई बीमा पॉलिसी लेने के लिए तीन महीने तक करना होगा इंतजार

भाषा। नई दिल्ली

**जीवन** बीमा कंपनियों ने कोरोना वायरस संक्रमण से ठीक हो चुके लोगों को नई बीमा पॉलिसी लेने पर तीन महीने तक की प्रतीक्षा अवधि का प्रावधान कर दिया है। सभी जीवन बीमा एवं स्वास्थ्य बीमा कंपनियां कुछ खास बीमारियों से जूझ रहे लोगों को पॉलिसी जारी करने के पहले एक खास अवधि तक इंतजार करने की नीति अपनाती रही हैं। अब इसी क्रम में कोरोना संक्रमण वाले लोगों को भी शामिल किया गया है। इसके लिए उन्हें नई पॉलिसी लेने के लिए एक से तीन महीने तक इंतजार करना होगा। हालांकि यह प्रावधान सिर्फ जीवन बीमा पॉलिसी के लिए ही लागू किया गया है। बीमा उद्योग के जानकारों का कहना है कि कोरोना संक्रमण से ठीक हो चुके लोगों को तीन महीने के बाद ही जीवन बीमा पॉलिसी देने की शर्त इसलिए रखी गई है कि कोरोना संक्रमण की वजह से मरने वाले लोगों की दर काफी अधिक है। बीमा कंपनियों से कोरोना वायरस संक्रमण मामलों को भी मानक प्रतीक्षा अवधि मानकों के अधीन लाने की मांग की गई थी। यह अवधि एक से तीन महीने तक की है। भारतीय बीमा ब्रोकर संघ (आईबीएआई) के अध्यक्ष सुमित बोहरा ने कहा कि भारतीय बीमा कंपनियों के पास सभी जोखिमों को दर्ज करने की क्षमता नहीं है। लिहाजा 10-20 लाख रुपए से अधिक की अधिकतर बीमा पॉलिसी पर पुनर्बीमा होता है और इसीलिए कोरोना संक्रमण के मामले में प्रतीक्षा अवधि का प्रावधान किया गया है। एगीस फेडरल लाइफ के उत्पाद प्रमुख कार्तिक रमन ने कहा,"टर्म बीमा योजनाओं को जीवन बीमा कंपनयां पुनर्बीमित करती हैं और पिछले दो वर्षों में बीमा दावों के अनुभव को देखते हुए इस तरह का प्रावधान किया गया है। हमें तत्काल प्रभाव से यह नियम लागू करने की जरूरत है।

## उद्योग जगत भारत के आर्थिक पुनरुद्धार, विस्तार को लेकर आश्वस्त: सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** कोविड-19 संक्रमण के मामलों में वृद्धि के बावजूद भारतीय कंपनियों में आशावाद और आत्मविश्वास उच्च स्तर पर है, और उद्योग जगत देश के आर्थिक पुनरुद्धार तथा विस्तार को लेकर सकारात्मक है। एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। डेलॉयट टच तोमात्सु इंडिया एलएलपी के बजट से पहले किए गए सर्वेक्षण के अनुसार 75 प्रतिशत से अधिक प्रतिभागी भारत के आर्थिक पुनरुद्धार और विस्तार के बारे में सकारात्मक थे। इस सर्वेक्षण में 10 उद्योगों के कुल 163 लोगों से बात की गई। सर्वेक्षण में आगे कहा गया कि लगभग 91 प्रतिशत प्रतिभागियों (पिछले वर्ष 58 प्रतिशत की तुलना में) का मानना है कि आत्मनिर्भर भारत पहल और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक उपायों ने साथ मिलकर अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में योगदान दिया।

# पेज एक का शेष

## रैली में...

लोग निकले तो उसकी वीडियोग्राफी हुई और डीएम को एक रिपोर्ट बनाकर दी गई। इसी रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने कार्रवाई की। समाजवादी पार्टी के लगभग 2,000 से ज्यादा अज्ञात कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि वीडियोग्राफी में जो भी चिन्हित होगाए उसके खिलाफ नामजद मुकदमा कराया जाएगा। प्रशासन ने धारा 144 के उल्लंघन और महामारी एक्ट के तहत धारा 269 और 270 में मामला दर्ज कराया है। इस बाबत डीएम प्रकाश और लखनऊ के पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर खुद थाने पहुंचे थे। राज्य में विधानसभा चुनाव के चलते चुनाव आयोग ने 15 जनवरी तक के लिए रैली पर रोक लगा रखी है। इसके साथ ही आयोग ने नियमों का पालन करने का सख्त निर्देश दिया था। इससे पहले डीएम द्वारा मामले का संज्ञान लिए जाने पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा यह हमारे पार्टी कार्यालय के अंदर एक वर्चुअल कार्यक्रम था। हमने किसी को फोन नहीं किया लेकिन लोग आ गए। लोग कोविड.19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए काम कर रहे हैं। भाजपा के मंत्रियों के दरवाजे और बाजारों में भी भीड़ है, लेकिन उन्हें हमसे समस्या है।

## भारत फिलीपींस...

की क्षमता के साथ 290 किलोमीटर तक लक्ष्य सीमा तक ले जा सकता है। भारत के पास इस मिसाइल के अन्य संस्करण भी हैं जिनकी मारक क्षमता 400 किलोमीटर से अधिक है। उन्होंने कहा कि फिलीपींस ने इस मिसाइल प्रणाली को भारत से सौदे की पृष्ठभूमि में थाईलैंड, इंडोनेशिया और वियतनाम सहित कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ उलझना है। पिछले कुछ वर्षों में फिलीपींस के साथ भारत के संबंध मजबूत हुए हैं। दोनों देशों ने 2018 में रक्षा और रसद पर एक द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

## चुनाव से...

बैग में रखा गया था। पहली नजर में ऐसा लग रहा है कि विस्फोटक आरडीएक्स और अमोनियम नाइट्रेट है। इसका वजन करीब तीन किलोग्राम है और उसमें कुछ कीलें-छर्रे लगाए हुए थे। एनएसजी को दिल्ली पुलिस ने पूर्वाह्न 11 बजे इस बारे में सूचित किया। फौरन बम निरोधक दस्ता, धातु का बड़ा बक्सा और अन्य तमाम जरूरी सामान के साथ टीम मौके पर पहुंची। दोपहर 1.30 बजे इसे नष्ट कर दिया गया। शुरुआती जांच के अनुसार, बम को फूल मण्डी के मुख्य दरवाजे पर रखा गया था। घटना स्थल के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। रोहिणी फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के वरिष्ठ विशेषज्ञों सहित दो टीमों ने मौके से नमूनें लिए हैं। दूसरी ओर, अमृतसर में आईईडी बरामद होने के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी। एसटीएफ के सहायक महानिरीक्षक रशपाल सिंह ने फोन पर बताया कि पांच किलोग्राम वजनी आईईडी अटारी-बचीविंड रोड पर एक बैग में मिला। इसमें कुछ भारतीय नोट भी मिले हैं। इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन (आईएसवाईएफ) समर्थित एक आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किये जाने के कुछ दिन बाद पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने पठानकोट में ग्रेनेड फेंके जाने की दो हालिया घटनाओं के प्रमुख आरोपी के खुलासे के आधार पर हथियार और गोला-बारूद के अलावा ढाई किलोग्राम आरडीएक्स जब्त किया है। पुलिस महानिदेशक वीके भावरा ने बृहस्पतिवार को यहां बताया था कि पुलिस ने एके-47 राइफलों के 12 कारतूसों के साथ एक डिटोनेटर, एक डिटोनेटिंग कॉर्ड और पांच विस्फोटक फ्यूज भी बरामद किये हैं। पुलिस ने कहा था कि विस्फोटक सामग्री का इस्तेमाल आईईडी बनाने में किया जाना था। डीजीपी ने कहा कि गुरदासपुर के गांव लखनपाल के आरोपी अमनदीप कुमार उर्फ मंत्री के बयान के आधार पर बरामदगी की गई, जो पठानकोट में ग्रेनेड हमले की दो हालिया घटनाओं का मुख्य आरोपी है।

## उप्र व...

हो गई है। इसमें कहा गया है कि बीते 24 घंटों में हुई तीन मौतों में से दो मेरठ से और एक गौतम बौद्ध नगर से है। ताजा मामलों में से 2,209 मामले लखनऊ से, 1,887 मामले गाजियाबाद से, 1,817 मामले गौतम बौद्ध नगर से और 1,203 मामले मेरठ से सामने आए हैं। वहीं, दिल्ली और मुंबई में मामलों की संख्या में मामूली गिरावट देखी गई है। दिल्ली में पिछले 24 घंटों में 24,383 नए कोविड मामले दर्ज किए गए हैं और 34 लोगों की मौत हुई। यहां गुरुवार को 28,867 केस आए थे। राष्ट्रीय राजधानी में सकारात्मकता दर बढ़कर 30.64 प्रतिशत हो गई। इसका मतलब है कि कोविड-19 टेस्ट में लगभग हर तीसरा व्यक्ति वायरस से संक्रमित है। मुंबई में शुक्रवार को 11,317 केस आए और नौ मौतें हुईं, जबकि गुरुवार को 13,702 मामले थे। ताजा मामलों में से लगभग 75 प्रतिशत स्पर्शोन्मुख हैं और उन्हें किसी अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं है। कुल मिलाकर, भारत में ताजा कोविड-19 मामले पिछले 24 घंटों में 7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 2.64 लाख हो गए। वायरस से होने वाली मौतें अपेक्षाकृत कम रहीं लेकिन बढ़ रही थीं। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने शुक्रवार को प्रदान की जा रही सेवाओं की समीक्षा के लिए दिल्ली में सीजीएचएस मुख्यालय में ई-संजीवनी हब का दौरा किया। उन्होंने टेलीकंसल्टेशन प्रदान करने वाले डॉक्टरों के साथ बातचीत की और कुछ सत्रों को व्यक्तिगत रूप से देखा।

## बजट सत्र...

गोवा, पंजाब और मणिपुर के विधानसभा चुनाव के परिणाम आ जाएंगे। सभी पांच राज्यों के लिए मतगणना 10 मार्च को होगी। संसदीय सूत्रों ने कहा कि कोविड-19 मामलों में बढ़ोतरी के बीच सांसदों के साथ-साथ संसद परिसर में प्रवेश करने वालों के लिए निगेटिव आरटी-पीसीआर रिपोर्ट और पूरी तरह से टीकाकरण प्रमाण पत्र होना अनिवार्य होगा। सूत्रों ने बताया कि दोनों सदनों की साथ या अलग-अलग पारियों में बैठक होनी चाहिए। परिसर में बहुत से लोग मौजूद न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए निर्णय लिया जाना बाकी है। वर्ष 2020 का मानसून सत्र कोविड प्रोटोकॉल के तहत पहला पूर्ण सत्र था, जिसमें दिन के पहले भाग में राज्यसभा की बैठक और दूसरे भाग में लोकसभा की बैठक हुई। वर्ष 2021 के दौरान बजट सत्र के पहले भाग के लिए भी इसका पालन किया गया था।

## मौसम में...

पर था। इस कारण से भी वो निचाई पर उड़ रहा था। इस वजह से क्रैश लैंडिंग हुई। हेलीकाप्टर के पायलट ग्रुप कैप्टन रैंक के अधिकारी थे, इसलिए मानवीय गलती की आशंका नहीं थी। हेलिकाप्टर में दो इंजन थे। इसलिए इंजन फेल होने की वजह से भी हादसा नहीं हो सकता था।जांच कमेटी ने वायुसेना और थलसेना के संबंधित अधिकारियों के बयान रिकार्ड किए हैं। साथ ही उन स्थानीयों लोगों से भी बातचीत की है जो इस दुर्घटना के प्रत्यक्षदर्शी थे। उस मोबाइल फोन की जांच भी की गई है जिससे क्रैश से तुरंत पहले का वीडियो शूट किया गया था। दुर्घटना हुए हेलीकाप्टर का एफडीआर यानि फ्लाईट डेटा रिकार्डर यानि ब्लैक-बाक्स भी घटनास्थल से बरामद कर लिया गया था। उसका डाटा भी रिपोर्ट में शामिल किया गया है।

## केरल में...

रहे और उन्हें आवश्यक कानूनी सहायता प्रदान करते रहे। पीड़िता एवं उनकी समर्थक नन दक्षिण केरल के इस जिले में कुराविलांगड कानवेंट में रहती हैं। न्याय के लिए ननों के संघर्ष का चेहरा रही सिस्टर अनुपमा ने संवाददाताओं से कहा कि वे निश्चित ही इस फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती देंगी और अपनी बेबस सहयोगी की लड़ाई को आगे ले जायेंगी। वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी एस. हरिशंकर ने कहा कि फैसला स्वीकार्य नहीं है और इसके खिलाफ अपील की जानी चाहिए।

## बीकानेर-गुवाहाटी...

सात लोग भर्ती हैं। उन्होंने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव शुक्रवार सुबह दुर्घटनास्थल का दौरा करने वाले हैं। उन्होंने बताया कि एनएफआर के महाप्रबंधक अंशुल गुप्ता बृहस्पतिवार देर रात 12 बजकर आठ मिनट पर मौके पर पहुंचे और ट्रेनों की आवाजाही को सामान्य करने के लिए पटरियों के जीर्णोद्धार कार्य की निगरानी कर रहे हैं। कौर ने कहा, यात्रियों को वहां से निकालने का काम पूरा हो चुका है।

## देश में...

में कहा गया है कि 1901 से वर्ष 2021 देश में 2016, 2009, 2017 और 2010 के बाद पांचवां सबसे गर्म वर्ष रहा। देश के लिए औसत वार्षिक वायु तापमान सामान्य से 0.44 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। इसमें कहा गया है कि सर्दियों (जनवरी से फरवरी) और मानसून के बाद (अक्टूबर से दिसंबर) के मौसम में पूरे भारत में औसत तापमान विसंगतियों के साथ क्रमश: 0.78 डिग्री सेल्सियस और 0.42 डिग्री सेल्सियस ने साल 2021 को गर्म करने में मुख्य रूप से योगदान दिया। विभाग ने कहा कि 2016 में, देश के लिए औसत वार्षिक वायु तापमान सामान्य से 0.710 डिग्री सेल्सियस अधिक था। वर्ष 2009 और 2017 में औसत तापमान से यह क्रमश: 0.550 डिग्री सेल्सियस और 0.541 डिग्री सेल्सियस अधिक था। इसी तरह 2010 में औसत वार्षिक वायु तापमान सामान्य से 0.539 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

# उत्तर कोरिया ने महीने में तीसरी बार मिसाइल का परीक्षण किया

**एपी** । सियोल

**दक्षिण** कोरिया और जापान के अधिकारियों ने कहा कि उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को कम से कम एक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। इस महीने यह तीसरी बार है जब उत्तर कोरिया ने मिसाइल परीक्षण किया है। अमेरिका के जो बाइडन प्रशासन ने उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षणों के कारण उस पर नई पाबंदियां लगाई हैं और समझा जाता है कि यह परीक्षण उन्हीं पाबंदियों के जवाब में किया गया है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने बताया कि मिसाइल पूर्व की दिशा मेंदागी गई, हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि मिसाइल कहां जाकर गिरी। उन्होंने मिसाइल के बारे में विस्तार से कोई और जानकारी नहीं दी। जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय और रक्षा मंत्रालय ने भी कहा कि उन्हें उत्तर कोरिया के इस परीक्षण का पता चला और वह निश्चित रूप से एक बैलिस्टिक मिसाइल है।

जापान के तट रक्षक ने एक सुरक्षा परामर्श जारी करते हुए कहा कि एक वस्तु संभवत: गिरी थी। तट रक्षक ने कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के साथ-साथ पूर्व चीन सागर और उत्तर प्रशांत के बीच मौजूद जहाजों से आग्रह किया है कि वे आगे दी जाने वाली जानकारी पर नजर बनाए रखें।

बाइडन प्रशासन ने बुधवार को उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण के जवाब में उसके मिसाइल कार्यक्रमों के लिए उपकरण और प्रौद्योगिकी प्राप्त करने में भूमिका को लेकर पांच उत्तर कोरियाई लोगों पर प्रतिबंध लगाया। बाइडन प्रशासन ने यह भी कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र से नए प्रतिबंधों की मांग करेगा। इससे पहले उत्तर कोरिया ने मंगलवार को कहा था कि उसके नेता किम जोंग उन ने हाइपरसोनिक मिसाइल के सफल परीक्षण का अवलोकन किया और दावा किया कि इस परीक्षण से देश की परमाणु युद्ध से बचाव की क्षमता में इजाफा होगा। उत्तर कोरिया के आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से कथित हाइपरसोनिक मिसाइल के परीक्षण को सही ठहराया और इसे आत्मरक्षार्थ अभ्यास बताया।

मिसाइल दागे जाने के कुछ घंटे पहले उत्तर कोरिया ने एक बयान जारी कर इस महीने के पहले के मिसाइल परीक्षणों को लेकर बाइडन प्रशासन की तरफ से लगाई गईं नई पाबंदियों की निंदा की।

उत्तर कोरिया ने आगाह किया कि अगर अमेरिका टकराव वाला रुख बरकरार रखता है तो वह और कदम उठाएगा।

## अमेरिका के नए प्रतिबंधों के बाद उत्तर कोरिया ने कड़ी कारवाई की चेतावनी दी

**सियोल**। उत्तर कोरिया ने उसके नवीनतम मिसाइल परीक्षणों को लेकर देश के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन पर निशाना साधा और चेतावनी दी कि अगर अमेरिका अपने टकराव वाले रुख पर कायम रहता है तो उसके खिलाफ कड़ी एवं स्पष्ट कार्वाई की जाएगी। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार समिति कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने विदेश मंत्रालय के एक अज्ञात प्रवक्ता के हवाले से कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा कथित हाइपरसोनिक मिसाइलों का प्रक्षेपण आत्मरक्षा के लिए किया गया एक उचित अभ्यास था प्रवक्ता ने कहा कि नए प्रतिबंध अमेरिका के शत्रुतापूर्ण इरादे को रेखांकित करते हैं, जिसका उद्देश्य उत्तर कोरिया को अलग-थलग करना और उस पर दबाव बनाना है, जबकि दूसरी और अमेरिका लगातार उत्तर कोरिया को फोन करके कूटनीतिक संबंध बहाल करने का आग्रह कर रहा है। प्रतिबंधों से राहत देने पर मतभेद और परमाणु निरस्त्रीकरण को लेकर असहमति के कारण दोनों देशों के बीच वार्ता ठप है। उत्तर कोरिया के ताजा मिसाइल परीक्षणों के बाद बाइडन प्रशासन ने एशियाई देश के पांच अधिकारियों पर बुधवार को प्रतिबंध लगा दिए थे और कहा था कि वह संयुक्त राष्ट्र से भी और नए प्रतिबंध लगाने की मांग करेगा। अमेरिका के वित्त मंत्रालय के यह घोषणा करने के कुछ घंटे बाद ही उत्तर कोरिया ने कहा कि उनके नेता किम जोंग उन ने मंगलवार को हाइपरसोनिक मिसाइल के सफल परीक्षण का निरीक्षण किया और उन्होंने दावा किया कि इससे देश को परमाणु हमला रोकने में काफी मदद मिलेगी। उत्तर कोरिया के प्रवक्ता ने अमेरिका पर बदमाश जैसा रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तर कोरिया की नई मिसाइल का विकास उसकी सेना के आधुनिकीकरण के प्रयासों का हिस्सा है और यह किसी विशिष्ट देश को लक्षित नहीं करता है या इससे उसके पड़ोसी देशों की सुरक्षा को खतरा नहीं है। उन्होंने कहा, अमेरिका जानबूझकर स्थिति को बिगाड़ रहा है कि जबकि अलग से प्रतिबंध लागू हैं और वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उत्तर कोरिया की उचित गतिविधि का उल्लेख करके भी संतुष्ट नहीं है। इससे पता चलता है कि वर्तमान अमेरिकी प्रशासन कूटनीति एवं संवाद पर जोर देने का दिखावा करके उत्तर कोरिया को अलग-थलग करने और उस पर दबाव बनाने की अपनी नीति में जुटा है।

# इमरान खान ने पहली बार पेश की पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति

**भाषा** । इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री इमरान खान ने शुक्रवार को देश की पहली राष्ट्रीय सुरक्षा नीति पेश की जिसे नागरिक केंद्रित फ्रेमवर्क पर तैयार किया गया है और सैन्य ताकत पर केंद्रित एक आयामी सुरक्षा नीति के बजाय इसमें आर्थिक सुरक्षा को केंद्र में रखा गया है। पिछले महीने राष्ट्रीय सुरक्षा समिति और मंत्रिमंडल से अनुमोदित सुरक्षा नीति के सार्वजनिक संस्करण जारी करते हुए इमरान ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में नाकाम रहीं।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा कि 100 पन्नों के मौलिक दस्तावेज में राष्ट्रीय सुरक्षा को स्पष्ट रूप से परिभाषित किय गया है। इस नीति को नागरिकों को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है और आर्थिक सुरक्षा को केंद्रबिंदु बनाया गया है। इसमें पाकिस्तान को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर जोर है। खान ने कहा कि पाकिस्तान के जन्म से ही एक आयामी सुरक्षा नीति रही जिसमें सैन्य ताकत पर फोकस था।

उन्होंने कहा कि पहली बार राष्ट्रीय सुरक्षा प्रकोष्ठ ने सहमति से दस्तावेज तैयार किया है जिसमें सही तरीके से राष्ट्रीय सुरक्षा को परिभाषित किया गया है। इमरान खान सरकार के लिए वर्ष 2022-2026 के लिए पंचवर्षीय नीति की भी घोषणा की गई है जो अपने तरह का पहचान रणनीति दस्तावेज है जो राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि और इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए दिशानिर्देश का जिक्र है। राष्ट्रीय सुरक्षा नीति का वास्तविक मसौदा गोपनीय श्रेणी में बना रहेगा। राष्ट्रीय सुरक्षा का मुख्य थीम राष्ट्रीय सामंजस्य, आर्थिक भविष्य को सुरक्षित करना, रक्षा एवं क्षेत्रीय अखंडता, आतंरिक सुरक्षा, बदलती दुनिया में विदेश नीति और मानव सुरक्षा के ईर्दगिर्द है।

इससे पहले पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोईद यूसुफ ने कहा था कि नई नीति के तहत पाकिस्तान एकीकृत राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे की ओर बढ़ेगा जिसका लक्ष्य पाकिस्तान के नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि नीति में आर्थिक सुरक्षा को केंद्र में रखा जाएगा। मजबूत अर्थव्यवस्था से अतिरिक्त संसाधन उत्पन्न होगे जिन्हें बाद में और सैन्य ताकत बढ़ाने और मानव सुरक्षा के लिए हस्तांतरित किया जाएगा।

## खैबर पख्तूनखवा प्रांत की उपेक्षा पर पीएम और रक्षा मंत्री में तीखी बहस

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान और रक्षा मंत्री परवेज खट्टक के बीच संसदीय दल की बैठक में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की उपेक्षा को लेकर तीखी बहस हुई। खट्टक ने कथित तौर पर सरकार द्वारा उत्तर पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की उपेक्षा पर सवाल उठाए थे और कहा था कि वह खान को वोट नहीं देंगे, जिससे प्रधानमंत्री खान नाराज हो गए। मीडिया की एक खबर में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। अखबार डान की खबर के अनुसार यह मामला बृहस्पतिवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री खान की अध्यक्षता में सत्तारूढ़ गठबंधन के संसदीय दल की बैठक के दौरान उठा। संसद में एक विवादास्पद अनुपूरक वित्त विधेयक-2022 (इसे आमतौर पर लघु बजट कहा जाता है) को मंजूरी देने के लिए बुलाई गई बैठक में भाग लेते समय रक्षा मंत्री ने कथित तौर पर कहा कि अगर कम विकसित प्रांत के लोगों को नए गैस कनेक्शन नहीं दिए गए तो वह प्रधानमंत्री खान को वोट नहीं देंगे।

खट्टक संसद में खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत के नौशेरा-ढ्ढ का प्रतिनिधि करते हैं। सूत्रों ने बताया कि खट्टक की शिकायत पर प्रधानमंत्री इमरान खान नाराज हो गए और उन्होंने कहा कि वह उन्हें ब्लैकमेल करना बंद करें। खबर के अनुसार इसके बाद रक्षा मंत्री बैठक कक्ष से बाहर चले गए, लेकिन बाद में प्रधानमंत्री ने उन्हें वापस बुलवाया। बैठक के बाद, प्रधानमंत्री लगभग पूरे दिन अपने कक्ष में रहे और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) तथा सत्तारूढ़ गठबंधन के अन्य दलों के कई सांसदों से मिले। सपाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) तथा सत्तारूढ़ गठबंधन के अन्य दलों के कई सांसदों से मिले। सूत्रों के अनुसार खट्टक का विचार था कि बिजली और गैस के प्रावधान के मामले में प्रांत की उपेक्षा की जा रही है, जबकि अन्य प्रांतों के लोगों द्वारा इन सुविधाओं का आनंद उठाया जा रहा है।

खबर में सूत्रों के हवाले से कहा गया कि रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री से कहा कि अगर यही स्थिति रही तो सूबे की जनता पीटीआई को वोट नहीं देगी।

# फेडरल रिजर्व बोर्ड में अश्वेत महिला समेत तीन को नामित करेंगे बाइडन

**एपी** । वाशिंगटन

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन फेडरल रिजर्व के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के लिए तीन लोगों को नामित करेंगे, जिनमें शीर्ष नियामक की पूर्व अधिकारी सारा ब्लूम रस्किन और लीजा कुक भी शामिल हैं। अगर लीजा कुक इस पद के लिए चुनी जाती हैं तो वह फेडरल रिजर्व के गवर्नर के रूप में सेवा देने वाली पहली अश्वेत महिला होंगी। इस निर्णय से अवगत एक व्यक्ति ने नाम नहीं जाहिर करने का अनुरोध करते हुए बताया कि बाइडन नॉर्थ कैरोलिना के डेविडसन कॉलेज में संकाय के डीन और फेडरल के पूर्व शोधकर्ता एवं अर्थशास्त्री फिलिप जेफरसन को भी नामित करेंगे। इनमें तीन नामों के लिए सीनेट से मंजूरी लेनी होगी। रस्किन (60) हार्वर्ड से प्रशिक्षित वकील हैं और वह 2010 से 2014 तक फेडरल के सात सदस्यीय बोर्ड में सेवा दे चुकी हैं।

**चीन में कोरोना वायरस रोधी उपायों को सख्त किया गया:** बीजिंग, 14 जनवरी (एपी) चीन ने शुक्रवार को बीजिंग और देश के अन्य हिस्सों में महामारी रोधी उपायों को और सख्त कर दिया। देश में शीतकालीन ओलंपिक शुरू होने से करीब दो सप्ताह पहले अलग-अलग जगहों से संक्रमण के अधिक मामले सामने आ रहे हैं।



बेलग्रेड (सर्बिया) में शुक्रवार को नए वर्ष के अवसर पर सेंट सावा मंदिर के ऊपर आसमान में आतिशबाजी की गयी। सर्बिया में रूढ़िवादी ईसाई जूलियन कैलेंडर के अनुसार 14 जनवरी को नया साल मनाते हैं।

## पेशावर में हिंदू लड़की के अपहरण के आरोपी व्यक्ति को जमानत मिली

**पेशावर**। पाकिस्तान की एक शीर्ष अदालत ने पिछले महीने पेशावर छावनी के एक व्यस्त इलाके से एक हिंदू लड़की के अपहरण के आरोपी व्यक्ति को पुख्ता सबूतों के अभाव में शुक्रवार को जमानत दे दी। आरोपी ओबैदुर रहमान ने यहां की निचली दीवानी अदालत द्वारा उसकी जमानत अर्जी खारिज किए जाने के बाद पेशावर उच्च न्यायालय का रुख किया था। उच्च न्यायालय ने पुख्ता सबूतों के अभाव में उसे जमानत दे दी। लड़की की मां ने पिछले साल दिसंबर की शुरुआत में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस प्राथमिकी दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर 20 साल की लड़की को छुड़ाने में सफल रही थी।

# यौन उत्पीड़न मामलों की जांच सार्वजनिक करेगा माइक्रोसॉफ्ट

● **जांच के के परिणामों को सार्वजनिक भी करेगा**

**एपी** । सिएटल

**माइक्रोसॉफ्ट** ने कहा है कि वह यौन उत्पीड़न और लैंगिक भेदभाव से जुड़ी अपनी नीतियों की समीक्षा करेगा और निदेशक मंडल के सदस्यों तथा बिल गेट्स सहित वरिष्ठ अधिकारियों से जुड़े आरोपों की जांच के परिणामों को सार्वजनिक करेगा।

समाचार पत्र द सिएटल टाइम्स ने अपनी एक खबर में बृहस्पतिवार को कहा कि बोर्ड ने कहा है कि माइक्रोसॉफ्ट समीक्षा के लिए तीसरा पक्ष (थर्ड-पार्टी) विधि कंपनी की सेवाएं लेगा जो कंपनी के कामकाज को देखेगी साथ ही अन्य कंपनियों की ऐसी ही नीतियां को परखेगी और उन कदमों को भी देखेगी जो माइक्रोसॉफ्ट ने कर्मचारियों तथा कार्यकारियों को जवाबदेह ठहराने के लिए उठाए हैं। समीक्षा को सार्वजनिक रिपोर्ट में जारी किया जाएगा,जिनमें यौन उत्पीड़न के कितने मामलों की जांच की गई और कितनों का समाधान किया गया,आदि का लेखा जोखा होगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अध्यक्ष सत्य नडेला ने एक बयान में कहा, हम बस रिपोर्ट की समीक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध नहीं है, बल्कि मूल्यांकन से सीख भी रहे हैं, ताकि हम अपने कर्मचारियों के अनुभवों को बेहतर बनाना जारी रख सकें।

यह रिपोर्ट एक अंशधारक प्रस्ताव पर आधारित है, जो 2021 में पारित हुआ था। इस प्रस्ताव में यौन उत्पीड़न के दावों के आलोक में कंपनी की कार्यस्थल यौन उत्पीड़न नीतियों की प्रभावशीलता पर एक रिपोर्ट की मांग की गई थी, जिसमें यह आरोप भी शामिल है कि गेट्स ने कर्मचारियों से अनुचित संबंध की मांग की थी।

## चीन ने राजनीतिक हस्तक्षेप के ब्रिटेन के आरोपों को खारिज किया

**एपी** । बीजिंग

**चीन** ने ब्रिटेन की घरेलू खुफिया एजेंसी द्वारा सांसदों को दी गई इस चेतावनी को गैर-जिम्मेदाराना बताकर खारिज कर दिया कि लंदन में रहने वाली एक वकील चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से ब्रिटेन की राजनीति में गुप्तरूप से हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि चीन को तथाकथित हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है और वह कभी ऐसा नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि आरोप लगाने वाले लोग जेम्स बांड 007 फिल्मों से कुछ ज्यादा ही प्रभावित लगते हैं। ब्रिटिश संसद हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष लिंडसे होयले ने बृहस्पतिवार को सांसदों को पत्र भेजकर आगाह किया था कि ब्रिटेन की खुफिया सेवा एमआई5 के अनुसार संसद में एक महिला चीनी एजेंट सक्रिय है।

खबरों के अनुसार होयले ने सांसदों को भेजे पत्र में कहा कि एमआई5 ने उन्हें आगाह किया कि क्रिस्टीन ली नामक महिला यहां संसद सदस्यों के साथ काम करते हुए चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से राजनीतिक हस्तक्षेप गतिविधियों में लिप्त रही है।

# कैपिटल हिंसा की जांच कर रही समिति ने ट्विटर मेटा समेत कई बड़ी कंपनियों को समन भेजा

**एपी** । वाशिंगटन

**अमेरिका** में पिछले साल छह जनवरी को कैपिटल (संसद भवन) में हुई हिंसा मामले की जांच कर रही प्रतिनिधि सभा की एक समिति ने ट्विटर, मेटा, रेडिट और यूट्यूब को समन जारी किए हैं।

समिति ने कुछ महीने पहले एक दर्जन से अधिक सोशल नेटवर्किंग साइट से दस्तावेजों का अनुरोध किया था लेकिन सांसदों ने कहा कि कंपनियों के प्रारंभिक जवाब अपर्याप्त थे, जिसके बाद ए समन जारी किए गए हैं। समिति के अध्यक्ष बेनी थॉम्पसन ने बृहस्पतिवार को कंपनियों से 2020 के चुनाव के बारे में गलत सूचना फैलाने में उनकी कथित भूमिका और घरेलू हिंसक चरमपंथ को बढ़ावा देने, जिससे परिणामस्वरूप छह जनवरी, 2021 को हिंसा हुई, से संबंधित रिकॉर्ड की मांग की। थॉम्पसन, डी-मिस, ने पत्र में कहा कि प्रवर समिति के सामने दो प्रमुख प्रश्न हैं कि गलत सूचना के प्रसार और हिंसक उग्रवाद ने हमारे लोकतंत्र पर हमले में कैसे योगदान दिया और सोशल मीडिया कंपनियों ने अपने मंच को लोगों को हिंसा के लिए उकसाने का आधार बनने से रोकने के लिए क्या कोई कदम उठाए। उन्होंने कहा कि यह निराशाजनक है कि महीनों की प्रक्रिया के बाद कंपनियों ने स्वेच्छा से आवश्यक जानकारी और दस्तावेज नहीं दिए जो सांसदों को उनकी जांच के दौरान आए सवालों का जवाब देने में मदद करते।

अपने पत्र में थॉम्पसन ने उन तरीकों का जिक्र किया है कि किस प्रकार से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थकों और धुर-दक्षिणपंथी समूहों की घातक हिंसा में इन कंपनियों की मिलीभगत रही है।

पत्र में कहा गया है कि अल्फाबेट के स्वामित्व वाला यूट्यूब वह मंच था, जहां संसद की घेराबंदी और इसे मूर्त रूप देने की साजिश का प्रसार हुआ।

# श्रीलंका में कूड़े के ढेर से प्लास्टिक खाने से हो रही हाथियों की मौत

**एपी** । पल्लक्कडू (श्रीलंका)

**इस** सप्ताहांत दो और हाथियों के मृत पाए जाने के बाद संरक्षणवादी एवं पशु चिकित्सक चेतावनी दे रहे हैं कि पूर्वी श्रीलंका के खुले कूड़ा स्थल में पड़े प्लास्टिक अपशिष्ट खाने से हाथियों की मौत हो रही है।

श्रीलंका की राजधानी कोलंबो से करीब 210 किलोमीटर दूर अंपारा जिले के पल्लक्कडू गांव में कूड़े के ढ़ेर में पड़े प्लास्टिक अपशिष्ट निगलने से पिछले आठ साल में करीब 20 हाथियों की जान चली गई। वन्यजीव पशु चिकित्सक निहाल पुष्पाकुमार ने कहा कि मृत जीवों के परीक्षण से पता चला कि उन्होंने कूड़े के ढ़ेर से भारी मात्रा में गैर अपघटीय प्लास्टिक खा लिया था।

उन्होंने कहा, पॉलीथीन, फूड रैपर, प्लास्टिक एवं न पचने वाली सामग्री तथा पानी आदि चीजें ही हैं जो हम पोस्टमार्टम में देख सकते हैं। जो सामान्य भोजन हाथी खाते हैं एवं पचाते हैं, वह नजर नहीं आया। श्रीलंका में हाथियों को बहुत सम्मान दिया जाता है।

साथ ही वे देश में संकटापन्न भी हैं। देश की प्रथम हाथी गणना रिपोर्ट के अनुसार उनकी संख्या 19वीं सदी में 14000 थी जो घटकर 2011 में 6000 रह गई।

## वर्जिन ऑर्बिट ने सात छोटे उपग्रह प्रक्षेपित किए

लॉस एंजिलिस। वर्जिन ऑर्बिट कम्पनी ने कैलिफोर्निया तट से एक रॉकेट के माध्यम से सात छोटे उपग्रहों को प्रक्षेपित किया।

वर्जिन ऑर्बिट के अद्यतन बोइंग 747 ने बृहस्पतिवार को दक्षिणी कैलिफोर्निया के रेगिस्तान में मोजावे एयर एंड स्पेस पोर्ट से उड़ान भरी और प्रशांत महासागर के ऊपर से गुजरते हुए एक रॉकेट प्रक्षेपित किया। कम्पनी ने ट्वीट किया, हमारे ग्राहकों को बधाई और अंतरिक्ष में आपका स्वागत है।

# हैकरों के हमले के बाद बंद हो गईं यूक्रेन की कई सरकारी वेबसाइट

**एपी** । कीव

**यूक्रेन** पर शुक्रवार को हुए साइबर हमले के बाद से कई सरकारी वेबसाइट बंद हैं। यूक्रेन के अधिकारियों और मीडिया ने यह जानकारी दी।

यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ओलेग निकोलेंको ने शुक्रवार को फेसबुक पोस्ट में लिखा, बड़े हैकिंग हमले की वजह से विदेश मंत्रालय और कई अन्य सरकारी एजेंसियों की वेबसाइट अस्थाई रूप से बंद हैं। हमारे विशेषज्ञ पहले ही आईटी प्रणाली के कार्य को बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं। यूक्रेनस्काय प्रावदा अखबार के मुताबिक देश की कैबिनेट, सात मंत्रियों, कोषागार, राष्ट्रीय आपदा सेवा और राज्य सेवा की वेबसाइट हैकिंग की वजह से उपलब्ध नहीं हैं। खबरों के मुताबिक, हैकरों ने विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर यूक्रेनी, रूसी और पोलिश भाषा में संदेश लिखा कि यूक्रेनवासियों के निजी आंकड़े सार्वजनिक मंच पर लीक कर दिए गए हैं।

**जकार्ता में भूकंप के तेज झटके, सुनामी की चेतावनी नहीं**

जकार्ता, 14 जनवरी (एपी) इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा में शुक्रवार को जबर्दस्त भूकंप आया जिससे राजधानी जकार्ता में भवन हिल गए लेकिन किसी गंभीर जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। इस भूकंप के चलते सुनामी का भी खतरा नहीं है।

## चोरी के एप्पल उत्पाद ऑनलाइन बेचने के आरोप में भारतीय अमेरिकी को 66 महीनों की कैद

**भाषा** । वाशिंगटन

**एक** भारतीय अमेरिकी को यहां चोरी के एप्पल उत्पादों को खरीदने और फिर उन्हें ऑनलाइन बेचने के आरोप में 66 महीनों की कैद की सजा सुनाई गई है। अमेरिका के न्यू मैक्सिको राज्य में स्थानीय अमेरिकी स्कूली बच्चों के लिए उत्पाद तैयार किए गए थे। इस सजा के अतिरिक्त यूएस डिस्ट्रिक्ट जज कैथरीन सी ब्लेक ने कोलोराडो के औरोरा के रहने वाले सौरभ चावला (36) को क्षतिपूर्ति के तौर पर आंतरिक राजस्व सेवा (आईआरएस) को 7,13,619 अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने का भी निर्देश दिया।

मैरीलैंड जिले के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के बुधवार के एक बयान के अनुसार, उन्हें उस आदेश पर हस्ताक्षर करने के लिए भी कहा गया है, जिसमें 2013 टेस्ला मॉडल एस, उनके नाम पर रखे गए खातों से 2,308,062.61 अमेरिकी डॉलर और कोलोराडो के औरोरा में संपत्ति की बिक्री से प्राप्त रकम को जब्त करने की आवश्यकता है।

अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, चावला ने क्रिस्टी स्टॉक से एप्पल उत्पाद खरीदे, जिन्होंने 2010 से 2019 तक न्यू मैक्सिको में सेंट्रल कंसोलिडेटेड स्कूल डिस्ट्रिक्ट के लिए काम किया और मूल अमेरिकी को लाभान्वित करने के इरादे से स्कूली बच्चों को एप्पल आईपॉड प्रदान करने के लिए एक कार्यक्रम की देखरेख के लिए वह जिम्मेदार थे।

अदालत ने स्टॉक को भी 18 महीने कैद की सजा सुनाई है जिसने 2013 से 2018 के बीच 3000 आईपॉड्स चुराने की बात स्वीकार की है।

## स्पाइडर-मैन कॉमिक का एक पृष्ठ 33.6 लाख डॉलर में बिका

**एपी** । डलास (अमेरिका)

**सुपर** हीरो स्पाइडर-मैन की 1984 में आई कॉमिक बुक का एक पृष्ठ नीलामी में रिकॉर्ड 33.6 लाख डॉलर में बिका। मार्वल कॉमिक्स सीक्रेट वॉर्स नंबर-8 के पृष्ठ 25 पर माइक जेक की कलाकृति है, जिसमें पहली बार स्पाइडर मैन को काले सूट में दिखा गया था।

हालांकि बाद में यह वनेम के किरदार में सामने आया था। डलास में हेरिटेज ऑक्शन के चार दिवसीय कॉमिक इवेंट के पहले दिन इस पृष्ठ के लिए 33,000 अमेरिकी डॉलर से बोली शुरू हुई थी, जो 30 लाख डॉलर के पार पहुंच गई। वहीं सुपर हीरो सुपरमैन के पदार्पण से जुड़ी प्रतियों में से एक, एक्शन कॉमिक्स नंबर-। को बृहस्पतिवार को 31.8 लाख डॉलर में बेचा गया, जो अब तक की सबसे कीमती किताबों में से एक बन गई है।

पायनियर वर्गीकृत

**नाम परिवर्तन**

**मैं, परवीन चंदर सुपुत्र विलोचन प्रसाद, मकान नंबर— 111, सैनिक एनक्लेव, सेक्टर—3, मोहन गार्डन, नई दिल्ली—110059 अपना नाम बदलकर प्रवीण चन्द जुयाल रख रहा हूं। अब सभी कार्यों के लिए मुझे इसी नाम से जाना जाए।**

PD(9135)A

**LOST AND FOUND**

I Surinder Kawatra, S/o Late Shri Ram Lal Kawatra R/o 1, North Avenue Road, West Punjabi Bagh, New Delhi, have lost/non traceable my Original Power Of Attorney in name of Sh Anil Kumar Sud, S/o Shri Hari Dass Sud Executed by Sh Tej Bahadur Lal, S/o Late Sh Ishar Dass Manger No.3 Pit Chinakuri Colliery, P.O. Sunderchak, P.S. Kutli, Distt: Burdwan, Dated:13.05.1964 attested by the Sub Registrar Asansol on 13.05.1964. If Found Please Call at Above number. 8459414760

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that Sh. Amit Gupta (hereinafter referred to as the said Mortgagors/Borrowers) is intending to purchase the Entire Third Floor (With Roof Rights) "Said Floor" Property Bearing No. 264 area measuring 185 Sq. yds., Block- B, Situated in the Layout Plan of the Govt School Teachers Co- Operative House Building Society Ltd. Known as Saraswati Vihar, Pitampura Delhi- 110034 (hereinafter referred to **"said property"**) from Mrs.Daya Gupta and Mr. Vijay Gupta, who are the owners of above the said property by way of Sale Deed dated 19.02.2016 Doc No. 2170 and Gift Deed dated 05.02.2021Doc No. 1750 and Now, Sh. Amit Guptahas agreed to create mortgage in respect of the said property in favour of our clients **IDFC FIRST Bank Limited**. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client& in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to **Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas**, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M)

**सार्वजनिक सूचना**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि आवासीय प्लाट न0 188, ब्लाक—डी, सैक्टर—51, नोएडा जिसके आवंटी/अन्तरिती जुलेखा पत्नी श्री इस्लाम निवासी 67/19, पोखरपुरवा, जाजमऊ सिवांस, टेनरे, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश है जुलेखा पत्नी श्री इस्लाम का स्वर्गवास दिनांक 14.04.2021 को हो गया था उनहोंने एक वसीयत अपने पुत्र मोहम्मद मुस्तफा पुत्र मोहम्मद इस्लाम के पक्ष में दिनांक 17.05.2006 को निष्पादित किया था जो कि उपनिबंधक नोएडा में पंजीकृत है। पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर उपरोक्त संपत्ति का अंतरण मोहम्मद मुस्तफा पुत्र मोहम्मद इस्लाम निवासी जी 01, टावर—ई, आम्रपाली सफायर, सैक्टर—45, नोएडा के पक्ष में किया जा रहा है। यदि इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति समस्त साक्ष्य सहित नोएडा प्राधिकरण के आवासीय भूखंड विभाग में इस सूचना के प्रकाशन कि तिथि से 30 दिनों के अन्दर दाखिल कर दें।

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mrs. Savita Devi** who is purchasing the **Plot of land admeasuring 75 Sq. Yds., carved out of Khasra No.1106min, situated in the revenue estate of Village Baraula, Paragna & Tehsil Dadri (Noida), District Gautam Budh Nagar (U.P.) from Mr. Sanjeev Sharma** owner vide of General Power of Attorney dated **14.02.2003** executed by Mr. Navneet Sharma, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/ interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
Office No.G-03, at Ground Floor, on Plot No.D-61, Sector-2, Noida, UP-201301
Contact # 0120-4130438

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that Vinod Singh Bisht is the absolute owner of Flat no. 491 at Paryatan Vihar Co-operative Group Housing Society also known as Paryatan Vihar, Plot no.B-8 Vasundhara Enclave, Delhi-96 having acquired by Relinquishment Deed dated 13.12.2021 (registration No. 10142) executed by Vijay Singh Bisht, Subhash Singh Bisht, Savitri Bisht & Kiran Negi legal heirs of Late Baldev Singh Bisht
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage(equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91
011-43052822, 09810063351



# कल के लोग

## समीर बावा का कहना है कि वेगन आल डे डाइनिंग कैफे, जो कि एक शौकीन परियोजना है, पर्यावरण के प्रति जागरूक ब्रांडों के लिए अपने उत्पादों का एक प्रदर्शनी-स्थल है

जून 2021 में, जब सेलिब्रिटी शेफ डेनियल हम ने अपने पुरस्कार विजेता, न्यूयॉर्क में थ्री मिशेलिन स्टार रेस्तरां, इलेवन मैडिसन पार्क में दृढ़तापूर्वक पौधे आधारित व्यंजन सूची या मैनू परोसना शुरू किया, तो इसने कुछ लोगों की भौंहें चढ़ा दीं। मेनू को मिश्रित प्रतिक्रिया मिली लेकिन शेफको यकीन हो गया कि यह अग्रगामी रास्ता है और फिर मेनू पहले से कहीं अधिक शानदार हो गया।

हालांकि अभ्यास के रूप में शाकाहार पश्चिम में काफी विकसित हो सकता है, लेकिन मैंने देखने लगा हूं कि दिल्ली में बहुत सारे रेस्तरां ने भी अपने मेनू में शाकाहारी पकवानों को शामिल करना शुरू कर दिया है, जो वैकल्पिक रूप से थोड़ा आश्चर्यजनक लगता है, यह देखते हुए कि भारत की बहुसंख्य आबादी हमेशा शाकाहारी रही है। कुछ दिन पहले, मुझे धान मिल परिसर में स्थित पीपल ऑफ टुमॉरो, अ वैगन आल डे डाइनिंग कैफे को आजमाने का अवसर मिला।



पिछले चार वर्षों से शाकाहार को अपने जीवन का हिस्सा बनाने वाले तथा कैफे के संस्थापक ऋत्व कपूर कहते हैं, ''पर्यावरण पर मांस और डेयरी उद्योग के नकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकार होने पर, मुझे इस जीवन शैली को अपनाने के इच्छुक लोगों के लिए शाकाहार की महत्ता और शाकाहारी भोजन विकल्पों की कमी के महत्व का एहसास हुआ। मुझे पता था कि मुझे इस परियोजना में खुद को पूरी तरह लीन करना होगा, जिससे कि शाकाहार सुलभ हो सके।''


देहाती, मनमौजीपन और जीवंतता से भरा कैफे छोटी प्लेटों, सलाद, प्लेटर्स, एक लाइव टैको काउंटर और अन्य बहुत कुछ की विस्तृत श्रृंखला के साथ पुनर्निर्मित आत्मिक भोजन परोसता है।



हमने यहां की खास मेज्ज प्लेटर के साथ शुरुआत की जिसमें दो बीन फलाफेल, बाबा घनौश, चुकंदर हम्मस, मुहम्मारा, तबबौलेह और पिटा शामिल थे। जैसा कि वह कहते हैं, अच्छी शुरुआत आधी पूरी हो गई है! वास्तव में सभी आजमाइशें पसंद आई लेकिन मुहम्मारा के लिए एक विशेष आकर्षण रहा जो लाल मिर्च, अखरोट और अनार के गुड़ का लगभग एक आदर्श मिश्रण था। मैंने किनारे पर एक आइस्ड चाय के लिए अनुरोध किया लेकिन उनके पास कॉफी प्रेमियों के लिए भी अच्छे विकल्प हैं।

हमने एक गो-ग्रीन बीन्स सलाद के लिए भी अनुरोध किया, जो मेजेज प्लेटर का खूबसूरती से पूरक बना। मौसमी हरी बीन्स को कफिर लाइम सांभर से सजाया जाता है और बादाम के छोटे छोटे टुकड़ों और चिली सोया से सजाया जाता है। बीन्स में एकदम उत्तम कुरकुरापन था और सांभर ने डिश को आवश्यककंट्रास्ट प्रदान किया। बहुत शानदार, वाह वाह।

इसके बाद पफ्-लो ब्रोकली थी, एक ऐसी डिश जिसने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया। क्रीम चीज, बफेलो सॉस और सफेद प्याज की चटनी के साथ तैयार की गयी ब्रोकली।



एक अत्यंत ही सहज व्यंजन, इसमें गर्मी के संकेत के साथ एक प्यारा और मलाईदार स्वाद था।

हमने उठते हुए का नमूना लिया – आरती पिज्जा को चोक न करें, एक चारकोल फेटुकिनी और उसके बाद एक कद्दू रैवियोली। स्मोक्ड आर्टिचोक और बादाम के साथ बाल्समिक के छिड़काव के साथ सबसे ऊपर पिज्जा हल्का और फूला हुआ था। मुझे बताया गया कि वे पिज्जा के आटे को 24 घंटे पहले तैयार कर देते हैं।

**पिछले चार वर्षों से शाकाहार को अपने जीवन का हिस्सा बनाने वाले तथा कैफे के संस्थापक ऋत्व कपूर कहते हैं, ''पर्यावरण पर मांस और डेयरी उद्योग के नकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकार होने पर, मुझे इस जीवन शैली को अपनाने के इच्छुक लोगों के लिए शाकाहार की महत्ता और शाकाहारी भोजन विकल्पों की कमी के महत्व का एहसास हुआ। मुझे पता था कि मुझे इस परियोजना में खुद को पूरी तरह लीन करना होगा, जिससे कि शाकाहार सुलभ हो सके।''**

पीपल ऑफ टुमॉरो के सभी पास्ता कारीगर पास्ता ब्रांड, केसरिके डाट इन के हैं। फेटुकिनी को कुछ मौसमी मशरूम के साथ परोसा गया था और उस पर थोड़ा पोर्टोबेलो पाउडर छिड़का गया था। यह बहुत अच्छा था।

कद्दू रैवियोली पर उनका जोर, हालांकि, मेरे लिए थोड़ा कम पसंदीदा रहा। इसे गर्म तापमान पर परोसा जा सकता था। इसे हेजलनट्स और केपर्स के साथ छिड़कने का अच्छा स्पर्श दिया गया,, लेकिन अगर आप उत्तर इतालवी क्लासिक की उम्मीद कर रहे हैं, तो आप थोड़ा निराश हो सकते हैं।

उन्होंने भोजन को चॉकलेट के टेक्स्चर के साथ अंतिम रूप दिया। जैसा कि नाम से पता चलता है, चॉकलेट की अलग-अलग तैयारी और टेक्स्चर को एक प्लेट पर विपरीत स्वाद प्रोफाइल के साथ परोसा गया था। क्या आप चॉकलेट के साथ गलत नहीं कर सकते? जा सकते हैं?

संक्षेप में, यह खाने का बहुत अच्छा अनुभव था। मैं शेफ की खाद्य-अभिव्यक्ति के साथ-साथ ब्रांड के पीछे के प्रयास और 'स्थिरता' संदेश का तहे दिल से समर्थन करता हूं। हालांकि पीपल ऑफ टुमॉरो एक जुनूनी परियोजना है, जो अपने तरीके से, भविष्य की पीढ़ियों को संरक्षित करने में मदद करना चाहता है, मगर यह पर्यावरण के प्रति जागरूक ब्रांडों के लिए अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का एक स्थान भी है। शाकाहारी भोजन को ब्रांड के केंद्र में प्रचारित किया जा सकता है, लेकिन मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि यह एक दृष्टिकोण भी साझा करता है जो एक परम स्वस्थ और टिकाऊ जीवन शैली को प्रोत्साहित करता है। मुझे आश्चर्य नहीं होगा, अगर अगले कुछ वर्षों में, भारत में एफएंड बी उद्योग शाकाहारी भोजन को अपनाता है और हमारे पास देश भर में फलफूल रही ऐसी और कई अवधारणाएं हैं।

**(लेखक खाद्य समीक्षक और खाद्य पारखी हैं।)**

# संतुलन का प्रयास

## आभासी दुनिया कला बिरादरी के लिए एक वरदान बन गई है क्योंकि मिलेनियल्स नए ग्राहक हैं।

जबकि महामारी के कारण कई व्यवसाय प्रभावित हुए थे, कला बाजार कुछ में से था जो आर्थिक अव्यवस्था के कारण ज्यादा प्रभावित नहीं हुआ था। दूसरों की तरह, कला का व्यवसाय भी ऑनलाइन कला प्रदर्शनियों, नीलामियों और कला पूर्वावलोकन के साथ ऑनलाइन हो गया। इसके परिणामस्वरूप मुद्रण कैटलॉग, आमंत्रण, कला मेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा और मेलों के लिए पैकेजिंग और शिपिंग लागत आदि की लागत को समाप्त करके लागत और कार्बन पदचिह्न में कमी आई। साथ ही, ऑनलाइन जाना कला जगत के लिए वरदान साबित हुआ क्योंकि सहस्राब्दी कला के नए ग्राहक बन गए।

राजस्थान के चोयल, तीन पीढ़ी के कलाकार, जो ऑफ़लाइन और ऑनलाइन



माध्यम के बीच संतुलन बनाने में विश्वास करते हैं और अपनी कला के लिए ऑनलाइन माध्यम का सक्रिय रूप से दोहन कर रहे हैं, ने भी इस वर्ष अच्छा प्रदर्शन किया।

''कलाकृति की विभिन्न बारीकियों को समझने और उसकी सराहना करने के लिए, कला का एक भौतिक प्रदर्शन और प्रदर्शनी बहुत महत्वपूर्ण है और आप इसे खत्म नहीं कर सकते। हालांकि, विदेशी कला प्रेमियों की एक बड़ी संख्या होने के कारण, हमारी वेबसाइट एक दशक से भी अधिक समय से चल रही है और ऑनलाइन भी दिखाई दे रही है'', सबसे कम उम्र के चोयल आकाश चोयल कहते हैं, जो अपनी 3डी इल्यूजन आर्ट और फाइबर ग्लास मूर्तियों के लिए जाने जाते हैं।

''महामारी के दौरान, ऑनलाइन होने से निश्चित रूप से मदद मिली और कला में एक नया आयाम जोड़ा। यहां तक कि गैलेरिस्ट और आर्ट क्यूरेटर भी माध्यम का दोहन कर रहे हैं, लेकिन निश्चित रूप से ऑफलाइन शो से दूर नहीं हो रहे हैं। वास्तव में, 2021 के मध्य से, भौतिक शो वापस आ गए हैं और कलाकार, कला प्रेमी और कला संग्रहकर्ता इसमें शामिल हो रहे हैं। पांच कलाकारों के परिवार ने इस साल कुछ कलाकृतियां बेचीं। उनके नए कला संग्रहकर्ताओं में सहस्राब्दी थे, जो एक व्यवहार्य निवेश विकल्प के रूप में कला के बारे में उत्साहित हो रहे हैं'', आकाश कहते हैं।

कोलकाता की एक आध्यात्मिक-आधारित कलाकार स्वाति पासारी ने 2020 और 2021 में अपनी कलाकृति की बिक्री में 15 प्रतिशत की वृद्धि देखी। ''महामारी भेष में एक वरदान साबित हुई, क्योंकि मैंने ऑनलाइन स्पेस में कदम रखा और अपनी बिक्री बढ़ा सकती थी। मैंने इस साल पांच से अधिक प्रदर्शनियों में भाग लिया, दोनों ऑनलाइन और ऑफलाइन और मैं ऑनलाइन प्रदर्शनियों और कला शो में अपना प्रवेश जारी रखने की योजना बना रहा हूं,'' पसारी साझा करता है।

वह आगे कहती हैं, ''लॉकडाउन के कारण लोगों ने अपने घरों में अधिक समय बिताया, उन्होंने रंगीन कलाकृतियां खरीदकर अपने स्थान को सजाने में निवेश किया, यह कला बाजार में वृद्धि के प्रमुख कारणों में से एक था। साथ ही, लोग अपने स्थान को सजाने के साथ-साथ अपने घरों में और अधिक सकारात्मकता लाना चाहते थे।''

दिल्ली स्थित कला क्यूरेटर और आर्ट स्कूल और गैलरी के संस्थापक, द आर्ट हब, भावना मिनोचा ने व्यक्त किया, ''2021 के दौरान, चुनौतियों का एक वर्ष, कोविड -19 के प्रभाव से कुल बिक्री के संकुचन के बावजूद, यह दिलचस्प था कला की खरीदारी के नए चलन देखें। इन-पर्सन इवेंट्स बेशक कम हुए, लेकिन ऑनलाइन बिक्री बढ़ी। लॉकडाउन में संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ी। युवा संग्रहकर्ता ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ सबसे अधिक खर्च करने वाले थे, जो पहुंच को बढ़ाते थे। आने वाले कलाकारों द्वारा हमारे स्टूडियो में बनाई गई सस्ती कला बहुत आसानी से बिक जाती है, लेकिन कला संग्रहकर्ता मास्टर की कला को खरीदने की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जब स्टूडियो सभी के लिए व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए एक सुरक्षित स्थान बनने जा रहा है।''

# कुटिया के आनंद में स्वाद का परम आनंद

## एरोसिटी के डेक से, वन8 कॉम्यून ने अपनी स्वाद की जड़ें माल रोड तक फैला दी हैं इस स्वाद को अपने अनुभव द्वारा परिभाषित करती हैं खुशबू कीर्ति

विराट कोहली द्वारा इसे बहुत पहले एयरोसिटी दिल्ली में लॉन्च किया गया था, भारतीय कप्तान ने उत्तरी दिल्ली के माल रोड में वन8काम्यून की एक नई शाखा खोलने का फैसला किया, और यह परम विशिष्टता की बात करता है।



सर्दियों की शाम को हल्की बूंदाबांदी हो रही थी और मैं सुस्त और पस्त बैठी हुई थी। इसलिए, मैदान में प्रवेश करने से मुझे एक अलग तरह की राहत मिली, इसके अलावा उस जगह ने स्पष्ट गर्मजोशी और स्टाइल का नजारा भी पेश किया।

नई शाखा ने ग्रे और बेज रंग के फर्नीचर के संयोजन से एक बड़ी खुली जगह प्रदर्शित की, जो हर जगह हल्के फिरोजी/ नील हरित और गुलाबी रंगों के लिए उपयोग की जाने वाली आंखों के लिए एक सुकून था!

इसमें एक शानदार छत पर बैठने की सुविधा है और मैं अल-फ्रेस्को डाइनिंग अनुभव के लिए तैयार थी। पृष्ठभूमि में, पॉप संगीत ने मेरा एक सर्वर के रूप में स्वागत किया, स्वैन ने मुझे निर्णय लेने में मदद की, क्योंकि मैं अच्छे भोजन, विशेष रूप से पेयजलों के ढेर में से चुनाव करने में अच्छी नहीं हूं।

मैंने उनके प्रसिद्ध जिन कॉकटेल ट्विस्ट 2 के साथ शुरुआत की। इसका स्वाद स्मोकी-ईश था, गुलाब के स्वाद वाला था, विशेष रूप से खट्टा रोअफ्सा की तरह, लेकिन इसने तुरंत मन को शांत कर दिया। मैं अंगूर और मेंहदी का स्वाद ले सकती थी।

चिकन नाचोस में तले हुए चिकन के टुकड़े शामिल हैं जिन्हें ठंडा परोसा जाता है। चिकन को सरसों की चटनी के साथ शानदार ढंग से पकाया गया था जो स्वाद को बढ़ाता ही है।

इसके बाद, पनीर टिक्का को पुदीने की हरी चटनी के साथ परोसा गया। ग्रेवी गर्म और बिल्कुल सही थी लेकिन पनीर थोड़ा रबड़ जैसा लगा।

मैंने जिस वन8 ब्रांड की जिस खूबी के बारे में सुन रखा था, वो थी शेफपवन द्वारा बनाए जाने वाले पाक व्यंजनों की बेहतरीन सूची। मशरूम गुगली डिमसम के साथ ब्लैक एंड फायरी चिकन इतना लोकप्रिय था कि इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता था। हालांकि, चूंकि मसालेदार भोजन और मेरा, अच्छा साथ नहीं निभता, इसलिए मैंने सिर्फ डिमसम को चुना। नाम अनोखा था। लेकिन कोहली के मालिक होने के नाते, यह क्रिकेट के रूपकों के साथ समझ में आता है।



ट्रफल ऑयल डिम्सम में मिश्रित मशरूम थे जिन्हें मैंने जिन के साथ जोड़ा था। संयोजन मेरी कल्पना से बेहतर निकला।

मैं वन8 के क्लासिक मैक एन चीज के लिए उत्साहित थी जो जल्दी ही मेरे पास मौजूद सर्वश्रेष्ठ में से एक बन गया। मोजेरेला चीज, और पार्मसन चेडर चीज ने इसे नरम और मलाईदार बना दिया - बेहद अमेरिकी। फिर भी, क्रस्ट खस्ता था, और अजवायन की अच्छाई में लिपटा, सहज स्वादिष्ट सा लगा।

अंत में, मैंने श्रीराचा चिकन टैको को आजमाया, जो सिराचा सॉस की वजह से एक तीखा स्वाद देता है। कटा हुआ चिकन रसदार, थोड़ा मसालेदार और नरम आवरण वाला था। यह सबसे अच्छे व्यंजनों में से एक था और मैं शौकिया सत्र के साथ टैको, हरे सेब के साथ वोदका की अत्यधिक अनुशंसा करती हूं।

उन्होंने छत पर एक बड़ी स्क्रीन लगाई थी, जो माहौल के अनुकूल थी।

अंत में वन8 कम्यून सिग्नेचर चिकन आया, जो मूल रूप से पनीर के असाधारण छिड़काव से युक्त कोरियाई फ्राइड चिकन था और प्रत्येक टुकड़े के साथ अद्भुत था।

शेफ संजीत कुमार ने खाउ गली सोया बोटी कबाब, गार्लिक बटर प्रॉन, ग्रिल्ड फिश और बैम्बू काजू टोफू की प्रशंसा की थी, लेकिन चूंकि मैं संतुष्ट और भरी हुई थी, इसलिए यह सीधे मेरे भविष्य के खाद्य प्रयोग अजेंडे में चला गया।

ब्रांड के कॉर्पोरेट सीडीसी अभिनव, जिन्होंने मेनू के यूरोपीय भाग को संभाला है, ने अपने स्वादिष्ट बटर गार्लिक झींगे के स्वाद के पीछे का रहस्य बताया, ''बटर गार्लिक झींगे की हमारी प्रस्तुति में जैतून, चेरी-टमाटर, स्टार ऐनीज, और बहुत सारी जड़ी-बूटियां शामिल हैं। ''

सिविल लाइन्स शाखा में कैबाना के साथ एक छत, एक अलग ठाठ बार और एक अच्छी तरह से प्रकाशित रसोई है, जिसमें डिमसम, सुशी और पिज्जा परोसा जाता है। यह मध्य दिल्ली की गलियों के शानदार दृश्यों के साथ आराम करने और अच्छा भोजन करने के लिए एक आदर्श स्थान है।



# दक्षिण अफ्रीका की भारत पर सात विकेट से धमाकेदार जीत

## टीम इंडिया ने 2-1 से सीरीज गंवाई, 27 साल का सपना फिर अधूरा रहा, पीटरसन ने 82 रन की मैच जिताऊ पारी खेली

### ●हार के साथ भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर खिसकी

**भाषा**। केपटाउन,

**दक्षिण** अफ्रीका ने अपने अनुशासित और उत्कृष्ट प्रदर्शन से दुनिया की नंबर एक टीम भारत का अंतिम किला फतह करने का सपना दुस्वप्न में बदलकर तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में चौथे दिन शुक्रवार को यहां सात विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। दक्षिण अफ्रीका के सामने 212 रन का लक्ष्य था जो उसने तीन विकेट खोकर हासिल किया। इसमें कीगन पीटरसन (113 गेंदों पर 82 रन) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने तीसरे दिन कप्तान डीन एल्गर (30) के साथ 78 रन की साझेदारी करके मजबूत नींव रखी थी। पीटरसन ने चौथे दिन सुबह रॉसी वान डर डुसेन (नाबाद 41) के साथ 52 रन जोड़कर भारत की उम्मीदों पर पानी फेरा। रही सही कसर वान डर डुसेन और तेम्बा वावुमा (नाबाद 32) के बीच 57 रन की अटूट साझेदारी ने पूरी कर दी।

भारत के पास दक्षिण अफ्रीका में पहली बार श्रृंखला जीतने का बेहतरीन मौका था। उसने सेंचुरियन में पहला टेस्ट मैच 113 रन से जीतकर शानदार शुरुआत की थी लेकिन जोहानिसबर्ग में दूसरा मैच सात विकेट से हार गया था। इस तरह से भारत ने सातवीं बार दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला गंवाई। इस बीच उसने एक बार 2010-11 में श्रृंखला 1-1 से बराबर की थी। आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को उसकी धरती पर हराने के बाद भारत को दक्षिण अफ्रीका में अंतिम किला फतह करना था लेकिन उसे उसके मजबूत बल्लेबाजी क्रम ने नीचा दिखाया। भारत ने पहली पारी 223 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को 210 रन पर रोक दिया लेकिन ऋषभ पंत के नाबाद 100 रन के बावजूद वह दूसरी पारी में 198 रन ही बना सका। इससे गेंदबाजों के सामने बचाव के लिए बड़ा स्कोर नहीं था। यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंतर्गत खेली गई थी जिसमें प्रतिशत अंकों के आधार पर भारत पांचवें स्थान पर खिसक गया है जबकि दक्षिण अफ्रीका चौथे स्थान पर पहुंच गया है। पीटरसन और वान डर डुसेन ने सुबह के सत्र में अच्छी बल्लेबाजी करके दक्षिण अफ्रीका के लिए काम आसान किया। पीटरसन ने अपनी पारी में 10 चौके लगाए जबकि वान डर डुसेन ने संयम की प्रतिमूर्ति बनकर क्रीज संभाले रखी। उन्होंने 95 गेंदों का सामना किया।

बावुमा ने अपनी फार्म बरकरार रखी और कुछ करारे शॉट जमाए। उन्होंने अपनी 58 गेंद की पारी में पांच चौके लगाए जिसमें रविचंद्रन अश्विन पर लगाया गया विजई चौका भी शामिल है। चेतेश्वर पुजारा ने इस बीच पीटरसन का स्लिप में आसान कैच छोड़ा जिससे भारत की परेशानियां बढ़ी। तब बल्लेबाज 59 रन पर था और इसके बाद उन्होंने कुछ चौके जड़कर भारतीयों पर दबाव बनाया। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के पहले स्पेल को खेलना चुनौती थी लेकिन पीटरसन और वान डर डुसेन ने कुछ बेहतरीन गेंदों का सामना करने के बावजूद क्रीज संभाले रखी। इनका पहला स्पेल निकल जाने के बाद उन्होंने उमेश यादव को निशाने पर रखा तथा ऑफ साइड में कुछ खूबसूरत चौके लगाए। इस कारण विराट कोहली ने क्षेत्ररक्षण छितरा दिया जिससे बल्लेबाजों को एक दो रन लेने में आसानी हुई। वह शार्दुल ठाकुर थे जिनकी अंदर आती गेंद पीटरसन के बल्ले के अंदरूनी किनारे से लगकर विकेटों में समा गई। इसके बाद हालांकि वान डर डुसेन और तेम्बा वावुमा ने भारतीयों को कोई मौका नहीं दिया।

पीटरसन दक्षिण अफ्रीका की जीत के नायक रहे। उनके पास तकनीकी के साथ आवश्यक धैर्य भी है जो शीर्ष स्तर की क्रिकेट के लिए जरूरी होता है। दोनों टीम के बीच अब 19 जनवरी से तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए तीसरे टेस्ट मैच का



तेम्बा बावुमा को जीत की बधाई देते कप्तान विराट कोहली



कीगन पीटरसन

**स्कोर बोर्ड**

भारत पहली पारी : 223
दक्षिण अफ्रीका पहली पारी : 210
भारत दूसरी पारी : 198
दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी : एडेन मार्कराम का राहुल बो शमी 16, डीन एल्गर का पंत बो बुमराह 30, कीगन पीटरसन बो ठाकुर 82, रासी वान डर डुसेन नाबाद 41, तेम्बा बावुमा नाबाद 32
अतिरिक्त (लेग बाई 08, नोबॉल 03) 11
कुल (63.3 ओवर में, तीन विकेट पर) 212 रन
विकेट पतन :1-23, 2-101, 3-155
गेंदबाजी : बुमराह 17-5-54-1, शमी 15-3-41-1, उमेश 9-0-36-0, ठाकुर 11-3-22-1, अश्विन 11.3-1-51-0

### खराब बल्लेबाजी बनी हार का कारण : कोहली

**केपटाउन**। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला जीतने का सपना टूटने का दोष टीम की खराब बल्लेबाजी को देते हुए शुक्रवार को कहा कि वह इसके अलावा कोई और बड़ी वजह नहीं देख रहे हैं। मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कोहली ने कहा कि बल्लेबाजी टीम की कमजोर कड़ी साबित हुई और इसके अलावा वह अभी किसी और चीज पर ठीकरा नहीं फोड़ सकते है। कोहली ने कहा कि यह बल्लेबाजी ही थी, जिसके कारण हारे। इसके अलावा किसी और किसी अन्य पहलू पर सवाल नहीं उठा सकते है लोग तेज गेंदबाजी और उछाल के बारे में बात करते हैं। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज लंबाई को देखते हुए, वे तीनों टेस्ट मैचों में विकेट से अधिक मदद प्राप्त करने में सक्षम रहे। कोहली ने कहा कि महत्वपूर्ण क्षणों में एकाग्रता की कमी की कीमत हमें चुकानी पड़ी। विरोधी टीम उन क्षणों को अपने नाम करने में सफल रही। कोहली ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज हम पर काफी देर तक दबाव बनाए रखने और हमें गलतियां करने के लिए मजबूर करने में सफल रहे। वे इन परिस्थितियों को अच्छी तरह समझते है। भारतीय टीम दूसरी पारी में ऋषभ पंत की शतकीय पारी के बाद भी 198 रन ही बना सकी। जिससे दक्षिण अफ्रीका को ज्यादा बड़ा लक्ष्य नहीं मिला। भारतीय कप्तान ने कहा, बल्लेबाजी में सुधार जरूरी है, मै इससे भाग नहीं रहा हूं।

### बाहर बैठे लोग नहीं जानते कि मैदान पर क्या चल रहा है, डीआरएस पर बोले कप्तान

**केपटाउन**। विराट कोहली ने डीआरएस का विवादित फैसला डीन एल्गर के पक्ष में जाने के बाद प्रसारकों के खिलाफ अपनी टीम के मौखिक हमले का बचाव करते हुए कहा कि बाहर बैठे लोग मैदान पर इस तरह के व्यवहार के कारणों को नहीं जानते। कोहली और उनके साथियों ने तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन अंतिम 45 मिनट के दौरान तब अपना आपा खो दिया जब डीन एल्गर को विवादास्पद डीआरएस फैसले के कारण क्रीज पर टिके रहे। कोहली ने मैच के बाद कहा कि मुझे इस पर कोई टिप्पणी नहीं करनी है। हम जानते हैं कि मैदान पर क्या हुआ और बाहर बैठे लोगों को पता नहीं होता है कि मैदान पर क्या चल रहा है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए मैदान पर हमने जो कुछ किया उसे सही ठहराने की कोशिश करना और यह कहना कि हम भावनाओं में बह गए। कोहली ने कहा कि अगर हम वहां पर हावी हो जाते और तीन विकेट लेते तो संभवत: वह क्षण खेल की दिशा बदल देता। यह घटना 21वें ओवर में घटी जबकि रविचंद्रन अश्विन की उछाल लेती गेंद सीधे एल्गर के पैड पर लगी। अंपायर मारियास इरासमस ने उंगली उठा दी लेकिन एल्गर ने डीआरएस लिया। रीप्ले से हालांकि पता चला कि गेंद विकेट के ऊपर से निकल रही थी और ऐसे में अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा।

## ट्रेविस हेड के शतक से आस्ट्रेलिया ने वापसी की

**दिन - रात्रि टेस्ट**

**एपी**। होबार्ट

**ट्रेविस** हेड के शतक की मदद से आस्ट्रेलिया ने तीन विकेट पर 12 रन की बेहद खराब शुरुआत से उबरकर इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट मैच के बारिश से प्रभावित पहले दिन शुक्रवार को यहां छह विकेट पर 241 रन बनाए। ब्रिसबेन में पहले टेस्ट मैच में 152 रन बनाने वाले हेड ने 113 गेंदों पर 101 रन की आक्रामक पारी खेलकर इंग्लैंड को इस दिन रात्रि टेस्ट मैच में शुरुआती सफलता का फायदा नहीं उठाने दिया।

कैमरन ग्रीन ने भी 74 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। मार्नश लाबुसेन ने 44 रन बनाए। हेड और ग्रीन ने पांचवें विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की। चाय के विश्राम के आधे घंटे बाद बारिश के कारण दिन में आगे का खेल नहीं हो पाया। आस्ट्रेलिया के टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के फैसले के बाद हेड ने 10वें ओवर में जब क्रीज पर कदम रखा तब तक डेविड वार्नर (शून्य), उस्मान ख्वाजा (छह) और स्टीव स्मिथ (शून्य) पवेलियन लौट चुके थे। गेंदबाजों के लिए अनुकूल दिख रहे विकेट पर ओली रॉबिन्सन (24 रन देकर दो) और स्टुअर्ट ब्रॉड (48 रन देकर दो) ने आस्ट्रेलिया को मुख्य रूप से नुकसान पहुंचाया। कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण सिडनी टेस्ट में नहीं खेल पाने वाले हेड ने पहले लाबुशेन के साथ 71 रन की साझेदारी करके स्थिति संभाली। लाबुशन ने जब खाता भी नहीं खोला था तब जॉक क्राउली ने दूसरी स्लिप में उनका कैच छोड़ा जो इंग्लैंड को महंगा पड़ा। लाबुशेन ने क्रिस वोक्स (50 रन देकर एक) और मार्क वुड (79 रन देकर एक) पर कुछ अच्छे शॉट जमाए लेकिन ब्रॉड की गेंद को एक्रास द लाइन खेलने के प्रयास में वह फिसल गए और बोल्ड हो गए।

दूसरे सत्र में हेड और ग्रीन ने विकेट के दोनों तरफ कुछ अच्छे शॉट लगाए। हेड ने शतक पूरा करने के बाद वोक्स की गेंद पर मिडऑन पर कैच दिया। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके लगाए। ग्रीन ने वुड की गेंद पर आउट होने से पहले 109 गेंदें खेली और आठ चौके जड़े। स्टंप उखड़ने के समय एलेक्स कैरी 10 रन पर खेल रहे थे जबकि मिशेल स्टार्क को अभी खाता खोलना है।



**आयरलैंड ने वर्षाबाधित दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज को हराया**

**किंगस्टन**। आयरलैंड ने सबीना पार्क पर वर्षाबाधित दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हरा दिया। जीत के लिए आयरलैंड को 230 रन बनाने थे और उसने 32 ओवर में चार विकेट पर 157 रन बना लिए थे जब बारिश के कारण खेल 90 मिनट तक रोकना पड़ा। खेल बहाल होने पर डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर आयरलैंड को 36 ओवर में 168 रन का लक्ष्य मिला। आयरलैंड ने सात गेंद में ही एक विकेट खोकर बाकी रन बना लिए। अब श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है और आखिरी मैच रविवार को यहीं खेला जाएगा।

## भारत और द. अफ्रीका के बीच मैच आज

**अंडर-19 विश्व कप**

**भाषा**। जॉर्जटाउन

**रिकॉर्ड** चार बार की चैम्पियन भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार को अंडर-19 विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में उतरेगी तो उसकी नजरें अपना शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए नई प्रतिभाओं को तलाशने पर लगी होंगी। हरनूर सिंह, राजवर्धन हंगरगेकर, कप्तान यश धुल और रवि कुमार से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक पिछले टूर्नामेंटों में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके हैं।

भारतीय टीम एशिया कप जीतने के बाद यहां पहुंची है और अभ्यास मैचों में वेस्टइंडीज तथा आस्ट्रेलिया को हराया। टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम रही भारतीय टीम पिछले तीन सत्रों में फाइनल में पहुंची। दो साल पहले बांग्लादेश के खिलाफ फाइनल में हारी भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी सीनियर टीम तक नहीं पहुंचा। अब देखना यह है कि क्या 2022 की अंडर 19 टीम में से कोई यह कमाल कर सकता है। मौजूदा टीम में पृथ्वी साव और शुभमन गिल (2018 बैच) जैसी प्रतिभाएं नहीं है लेकिन कुछ खिलाड़ियों ने ध्यान खींचा है।बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज हरनूर से काफी उम्मीदें है। पिछली बार यशस्वी जायसवाल ने इस टूर्नामेंट में काफी रन बनाए थे। हरनूर ने एशिया कप में पांच मैचों में 251 रन बनाए और आस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 जनवरी को अभ्यास मैच में नाबाद 100 रन की पारी खेली।

**ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 169 रन पर समेटा**

जॉर्जटाउन (**गयाना**)। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने अंडर-19 एकदिवसीय विश्व कप के शुरुआती दिन के मैच में शुक्रवार को यहां मेजबान वेस्टइंडीज की पारी को 40.1 ओवर में 169 रन पर समेट दिया। दिन के एक अन्य मैच में सकुना निदर्शन लियानागे की 84 गेंदों में 79 रन की पारी के बाद भी श्रीलंका की टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ 45.2 ओवर में 209 रन पर आउट हो गई।

**टीमें**

**भारत** : यश धुल (कप्तान), हरनूर सिंह, अंगकृष रघुवंशी, एसके रशीद, निशांत सिंधू, सिद्धार्थ यादव, अनीश्वर गौतम, दिनेश बाना, आराध्य यादव, राज अंगद बावा, मानव पारख, कुशाल ताम्बे, राजवर्धन हंगरगेकर, वासु वत्स, विकी ओस्तवाल, रवि कुमार, गर्व सांगवान।

**दक्षिण अफ्रीका** : जॉर्ज वान हीर्डेन (कप्तान), लियाम एल्डेर, मैथ्यू बोस्ट, डेवाल्ड ब्रेविस, माइकल कोपलैंड, एथान कनिंघम, वेलेंटाइन किटिमे, वेना मफाका, गेरहार्ड मारी, फाइवे मयांडा, एंडिले सिमेलेन, जेड स्मिथ, काडेन सोलोमंस, जोशुआ स्टीफेंसन, असाखे तशाका।

## जयपुर ने पटना पाइरेट्स के खिलाफ दर्ज की बड़ी जीत

**प्रो कबड्डी लीग**

### ●दिन के दूसरे मैच में बेंगलुरु बुल्स ने गुजरात जाएंटस को आसानी से हराया

**भाषा**। बेंगलुरू

**जयपुर** पिंक पैंथर्स ने दीपक हुड्डा (10 अंक) और अर्जुन देसवाल (नौ अंक) के शानदार खेल के दम पर प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के मैच में शुक्रवार को यहां तीन बार की चैंपियन पटना पाइरेट्स पर 38-28 की बड़ी जीत दर्ज की।

दिन के दूसरे मुकाबले में बेंगलुरु बुल्स ने गुजरात जाएंट्स को 46-37 से हराया। बेंगलुरु के जीत के नायक 19 अंक बनाने वाले कप्तान पवन सहरावत रहे। इससे पहले पटना की हार का मुख्य का डिफेंस (रक्षापंक्ति के खिलाड़ियों) का लचर प्रदर्शन रहा रहा जो सिर्फ चार अंक ही जुटा सके। लीग की पहली चैम्पियन जयपुर की डिफेंस ने नौ अंक जुटाए। पटना के लिए मोनू गोयत ने सात जबकि कप्तान प्रशांत राय ने छह अंक बनाए। मौजूदा सत्र में यह जयपुर की चौथी जीत है जबकि पटना को दूसरी बार हार का सामना करना पड़ा।

बेंगलुरु की टीम गुजरात के खिलाफ जीत के बाद तालिका में पटना की जगह शीर्ष पर पहुंच गई। 10 मैचों में सात जीत से उनके नाम 38 अंक है। पटना पाइरेट्स पहले से दूसरे स्थान पर खिसक गई। टीम के नौ मैचों में 34 अंक है। जयपुर की टीम आज की जीत से 12 टीमों की अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। गुजरात की टीम 11वें स्थान पर है।

## सिंधू व लक्ष्य सेमीफाइनल में पहुंचे

**इंडिया ओपन बैडमिंटन**

**भाषा**। नई दिल्ली

**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता भारत की पीवी सिंधू और विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन शुक्रवार को यहां योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ अंतिम चार में पहुंचने में सफल रहे। शीर्ष वरीय पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने 36 मिनट तक चले मुकाबले में 21 वर्षीय हमवतन अश्मिता चालिहा को 21-7, 21-18 से हराया। लक्ष्य ने एच एस प्रणॉय को मुश्किल मुकाबले में 14-21, 21-9, 21-14 से हराकर पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

हैदराबाद की 26 साल की खिलाड़ी को फाइनल में पहुंचने के लिए छठी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की सुपनिदा कटेथोंग के साथ अंतिम चार में भिड़ना होगा। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंगापुर की एओ जिया मिन के तेज बुखार के कारण टूर्नामेंट से हटने के बाद केटथोंग ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। लक्ष्य अंतिम चार मुकाबले में मलेशिया के नग तेज योंग या आयरलैंड के न्हाट न्गुएन के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से भिड़ेंगे।

पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य और प्रणॉय के बीच करीबी मुकाबला हुआ। प्रणॉय पहला गेम जीतने में सफल रहे लेकिन युवा खिलाड़ी लक्ष्य ने दूसरे गेम को अपने नाम कर मुकाबला बराबरी का कर दिया। सिंधू पिछली बार 2019 में 83वीं योनेक्स-सनराइज सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में चालिहा के खिलाफ खेली थी। उस समय असम की युवा खिलाड़ी ने दमदार प्रदर्शन किया था। चालिहा ने शुक्रवार को लय हासिल करने में काफी समय लिया। उन्होंने हालांकि दूसरे गेम में कड़ी टक्कर दी लेकिन यह सिंधू को रोकने के लिए काफी नहीं था। सिंधू ने शुरुआती गेम में सभी अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 11-5 की बढ़त हासिल कर ली। चालिहा ने दूसरे गेम में खुद को बेहतर साबित करते हुए 9-9 की बराबरी की। इसके बाद सिंधु ने 15-11 से बढ़त बनाई, लेकिन चालिहा ने फिर से वापसी करते हुए स्कोर को 15-15 कर दिया। सिंधू इसके बाद अपने खेल में आक्रामकता बढ़ाते हुए चार अंक हासिल कर जीत के करीब पहुंच गई।

महिला एकल के दूसरे सेमीफाइनल में आकर्षी कश्यप का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से होगा। भारतीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में हमवतन मालविका बंसोद पर 21-12, 21-15 से जीत दर्ज की। बुसानन ने अंतिम आठ में अमेरिका की लॉरेन लैम को 21-12, 21-8 से शिकस्त दी।

निर्णायक गेम में प्रणॉय ने 6-1 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की लेकिन सेन ने वापसी करते हुए स्कोर 11-9 कर दिया। उन्होंने ब्रेक के बाद अगले 11 में से नौ अंक अपने नाम कर मैच जीत लिया। ईशान भटनागर एवं साई प्रतीक के की पुरुष युगल जोड़ी को मलेशिया की तीसरी वरीयता प्राप्त ओंग यू सिन एवं तेओ ई ई के खिलाफ महज 19 मिनट में 7-21, 7-21 से हार का सामना करना पड़ा।

मिश्रित युगल में आठवीं वरीयता प्राप्त वेंकट गौरव प्रसाद एवं जूही देवांगन की भारतीय जोड़ी चेन टैंग जी एवं पेक एन वेई की मलेशियाई जोड़ी से महज 23 मिनट में 10-21, 13-21 से हार गई। नितिन एचवी एवं अश्विनी भट्ट के की एक अन्य भारतीय जोड़ी सिंगापुर के ही योंग काई टेरी एवं टैन वेई हान से 15-21, 19-21 से हार गई।





## नोवाक जोकोविच का वीजा दूसरी बार रद्द

### ●सर्बियाई खिलाड़ी का आस्ट्रेलियन ओपन में भाग लेना मुश्किल

**एपी**। मेलबर्न



**आस्ट्रेलिया** सरकार ने टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच का वीजा दूसरी बार रद्द कर दिया है और उन्हें निर्वासित किया जा सकता है जिससे आस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी के खेल पाने को लेकर बनी अनिश्चितता में एक नया मोड़ आ गया। आव्रजन मंत्री एलेक्स हॉके ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने मंत्री के तौर पर अपने विशेषाधिकार का प्रयोग करके सर्बिया के इस 34 वर्षीय खिलाड़ी का वीजा जनहित आधार पर रद्द कर दिया है। आस्ट्रेलियाई ओपन तीन दिन बाद शुरू होने वाला है।

जोकोविच के वकील फेडरल सर्किट और फैमिली कोर्ट में इसके खिलाफ अपील कर सकते हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह भी पहली बार वीजा रद्द होने के बाद अपील करके कानूनी लड़ाई जीती थी। मामले की सुनवाई शुक्रवार की रात होगी। आस्ट्रेलिया से निर्वासित किए जाने पर अगले तीन साल तक देश में प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। उसे हालांकि हटाया जा सकता है लेकिन यह हालात पर निर्भर करेगा। हॉके ने कहा कि उन्होंने जनहित को ध्यान में रखकर स्वास्थ्य कारणों से यह फैसला लिया है। उन्होंने एक बयान में कहा कि मौरिसन सरकार आस्ट्रेलियाई सीमाओं की कोरोना महामारी के इस दौर में रक्षा करने को लेकर प्रतिबद्ध है। आस्ट्रेलिया ओपन में उन्हीं खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और दर्शकों को प्रवेश मिलेगा जिन्हें कोरोना के टीके लग चुके हैं। जोकोविच ने इस आधार पर मेडिकल छूट मांगी थी कि वह दिसंबर में संक्रमित हुए थे। जोकोविच का वीजा दूसरी बार रद्द हुआ है। पिछले सप्ताह मेलबर्न पहुंचते ही आस्ट्रेलिया सीमा बल द्वारा उनका वीजा रद्द कर दिया गया था क्योंकि आस्ट्रेलिया के कड़े कोरोना टीकाकरण नियमों से मेडिकल छूट के लिए जरूरी मानदंडों पर वह खरे नहीं उतरते थे। उन्होंने चार रात पृथकवास होटल में बिताई जिसके बाद सोमवार को जज ने उनके पक्ष में फैसला दिया। जोकोविच ने रॉड लेवर एरेना में अभ्यास शुरू कर दिया था। उन्हें आज दोपहर को भी अभ्यास करना था लेकिन उन्होंने सुबह जल्दी अभ्यास कर लिया। उन्हें पहले दौर में सर्बिया के ही मियोमिर केसमानोविच से खेलना था।

मेलबर्न के आव्रजन वकील कियान बोन ने कहा कि जोकोविच के वकीलों के लिए अब इस फैसले को अदालत में बदलवा पाना काफी मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि जोकोविच के लिए अब आस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने की अनुमति पाना बहुत मुश्किल होगा। अब उनके पास समय भी नहीं है। वकीलों को फेडरल सर्किट एंड फैमिली कोर्ट में एक ड्यूटी जज के पास या फेडरल कोर्ट में सीनियर जज के पास जाकर दो आपात आदेश लेने होंगे। पहला आदेश उनका निर्वासन रोकना और दूसरा हॉके को जोकोविच का वीजा बहाल करने का निर्देश देने का होगा। बोन ने कहा कि दूसरा आदेश ऐसा है जो आज तक कभी नहीं हुआ। अदालत सरकार के किसी सदस्य को वीजा जारी करने का आदेश बहुत कम ही देती है।

### केकेआर ने भरत अरुण को गेंदबाजी कोच बनाया

**कोलकाता**। भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ उसी भूमिका में जुड़ गए हैं। इस आईपीएल टीम ने शुक्रवार को यह घोषणा की।

अरुण की नियुक्ति की घोषणा करते हुए केकेआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक वेंकी मैसूर ने कह कि हम भारत अरुण जैसे किसी व्यक्ति को अपनी टीम में गेंदबाजी कोच के रूप में शामिल कर के लिए बहुत उत्साहित हैं। वह काफी अनुभव और विशेषज्ञता के साथ केकेआर से जुड़ेंगे। अरुण हाल तक रवि शास्त्री के नेतृत्व में भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच थे।

अरुण ने भारत के लिए दो टेस्ट और चार एकदिवसीय मैच खेले हैं। वह तमिलनाडु के सफल घरेलू क्रिकेटर रहे हैं। अरुण ने इस बयान में कहा, मैं नाइट राइडर्स जैसे एक बेहद सफल फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक और बहुत उत्साहित हूं।